


बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा : शाह - 12



ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी : अरुण - 12



सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ - 13



मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना - 14

आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.51
सूर्यास्त 06.36


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी 12:37 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 11 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 45, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## वाराणसी, प्रयागराज व अयोध्या के लिए नियमित उड़ान जल्द

मुख्य संवाददाता, देहरादून



- सीएम धामी बोले- केंद्र के सहयोग से राज्य में हवाई सेवाएं हो रहीं मजबूत

**अमृत विचार:** देहरादून एयरपोर्ट से जल्द ही वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या के लिए नियमित उड़ान सेवाएं शुरू होंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिनों केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु से देहरादून-वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या उड़ान सम्पर्क बढ़ाने का अनुरोध किया था।

इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में अवगत कराया कि वर्तमान में देहरादून से अहमदाबाद, भुवनेश्वर, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, शमशाबाद, जयपुर, लखनउ, पुणे, कुल्लू के लिए प्रति सप्ताह आने-जाने की 254 उडानें संचालित हैं। भारत में घरेलू विमानन क्षेत्र को नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है। इसके तहत एयरलाइनें अपने बेड़े में किसी भी प्रकार के विमान को शामिल करने और अपने प्रचालन और वाणिज्यिक सरोकारों के आधार पर बाजारों और मार्गो का चयन करने के लिए स्वतंत्र है। देहरादून से वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या उड़ान सेवा के अनुरोध का सभी अनुसूचित घरेलू एयर लाइनों के साथ साझा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र राज्य हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार उत्तराखंड को सहयोग कर रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में हवाई सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है।

## देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त युवक दून से गिरफ्तार

- प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले एसटीएफ ने की बड़ी कार्रवाई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 14 अप्रैल को प्रस्तावित देहरादून दौरे से ठीक पहले एसटीएफ उत्तराखंड ने देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त बताए गए एक संदिग्ध आतंकी युवक को देहरादून के प्रेम नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी कथित रूप से पाकिस्तानी आतंकवादी और आइएसआई एजेंट शहजाद भट्टी के लिए काम कर रहा था।

आईजी एसटीएफ डॉ. नीलेश आनंद भरणे और एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि झाझरा निवासी विक्रांत कश्यप (30) देहरादून के प्रतिष्ठित सरकारी एवं सैन्य संस्थानों की 'लोकेशन' एवं 'फुटेज' पाकिस्तान भेज रहा था। संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और उनके संबंध में मिल रही खुफिया सूचना के आधार पर गुरुवार देर रात राज्य एसटीएफ तथा देहरादून पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रेमनगर क्षेत्र से कश्यप को 0.32 बोर की इटली मेड पिस्टल, सात कारतूस और एक स्प्रे पेंट की केन के साथ गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इन्स्टाग्राम एवं व्हाटसएप के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी एवं उसके अन्य साथी राणा के संपर्क में था।

एसएसपी ने बताया कि जानकारी मिल रही थी कि भारत में आतंक फैलाने के लिये पाकिस्तान से आतंकवादी संगठन भारतीय युवकों को इंस्टाग्राम एवं सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से फॉलोअर्स बनाकर उनसे 'स्लीपर सेल' के रूप में अवैध गतिविधियां करवा रहे हैं। पूछताछ में कश्यप ने बताया कि वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला का फैन है और उसकी हत्यारों से बदला लेना चाहता था इसलिए वह भट्टी के संपर्क में आया। भट्टी द्वारा कश्यप को कुछ टास्क दिए गए थे, जिसमें देहरादून एवं आसपास के मुख्य स्थानों, थानों तथा महत्वपूर्ण भवनों और संस्थानों जैसे आईएसबीटी, पुलिस मुख्यालय आदि की वीडियो एवं फुटेज भेजना शामिल था। उसे यह भी बताया गया कि इन जगहों को उसे बम से उड़ाना है। पूछताछ में कश्यप ने बताया कि इसके बाद भट्टी ने उसे देहरादून के महत्वपूर्ण भवनों और संस्थानों पर 'तहरीक-ए-तालिबान-हिन्दुस्तान' (टीटीएच) लिखने तथा उसका वीडियो भेजने को कहा गया। इस पर कश्यप ने एक अस्पताल, एक फैक्टरी तथा एक मंदिर के पास स्प्रे पेंट से टीटीएच लिखकर उसकी वीडियो बनाकर भट्टी को भेजा। इसके बाद, भट्टी ने उसे दिल्ली स्थित एक संगठन के कार्यकर्ताओं पर हथगोला फेंकने का काम दिया। इन सभी के बदले कश्यप को नेपाल के रास्ते दुबई ले जाकर वहां सेटल करने तथा अच्छा पैसा देने का प्रलोभन दिया गया। यह भी पता चला कि कश्यप 2024 एवं 2025 में पंजाब के नाभा में ट्रक की बॉडी बनाने का काम करता था।



पुलिस की गिरफ्त में देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया आरोपी। ● अमृत विचार

### सैन्य संस्थानों की फुटेज पाकिस्तान भेज चुका

एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि देश विरोधी गतिविधियों में गिरफ्तार विक्रांत पाकिस्तानी आतंकी संगठन अल बर्क ब्रिगेड के संचालक शहजाद भट्टी के निर्देश पर देहरादून स्थित प्रतिष्ठित सरकारी व सैन्य संस्थानों की लोकेशन व फुटेज पाकिस्तान भेज चुका था। इस आतंकी संगठन की साजिश तहरीक-ए-तालिबान-हिन्दुस्तान (टीटीएच) की भारत में विस्तार की है।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली तथा इसी के साथ राज्य में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। कुमार ने हिंदी में शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद कुमार नये संसद भवन से बाहर आए और उस समय के बारे में बात की, जब वह लोकसभा के सदस्य थे और पुराने संसद भवन में बैठते थे।

### फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गोविंदपुरी इलाके से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए दो सरगनाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। हर्बिटेक्चर हेल्थकेयर नाम से संचालित इस गिरोह ने सोशल मीडिया मंचों पर वजन घटाने वाले उत्पादों का विज्ञापन करके और ग्राहकों को बार-बार भुगतान करने के लिए लुभाकर देश भर के लोगों को ठगा।

## विधायकों द्वारा उठाई समस्याओं का करें त्वरित समाधान : धामी

### नैनीताल व ऊधमसिंह नगर की विधानसभाओं से जुड़ी घोषणाओं की समीक्षा की

- मुख्यमंत्री ने कहा- कार्यों की प्रगति में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गईं समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें।

शुक्रवार को सचिवालय में नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर जनपद की विभिन्न विधानसभाओं से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक अपने क्षेत्रों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाते हैं इसलिए उन पर गंभीरता से कार्यवाही करना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अल्पकालिक प्रकृति के कार्यों को शीघ्र पूरा करने व दीर्घकालिक योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में चरणबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा। कार्यों की प्रगति में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

सीएम ने मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को निर्देश दिए कि एक से अधिक विभागों की सहभागिता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित करें। वहीं, वर्षाकाल और गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियों पर विशेष जोर दिया। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, राम सिंह कैड़ा, बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह चीमा, शिव अरोड़ा, सरिता आर्य, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम व वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत एवं संबंधित जिलाधिकारी मौजूद रहे।



### विधायकों से निरंतर संवाद रखें

सीएम ने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के समाधान को अधिकारी विधायकों से निरंतर संवाद रखें। इससे समस्याओं की सही जानकारी मिलने के साथ तेजी से समाधान होगा। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल से विकास कार्यों में गुणवत्ता और प्रगति दोनों सुनिश्चित हो सकेंगी।

### क्षेत्रीय समस्याओं व मुद्दों को गंभीरता से लें

सीएम ने विधायकों द्वारा रखी क्षेत्रीय समस्याओं व मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक समस्या का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सभी विभाग उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें।

## मथुरा : यमुना में नौका पलटी, पंजाब के 32 श्रद्धालु डूबे, 10 के शव निकाले गए

- वृंदावन के केसी घाट पर हुआ हादसा, डीएम ने सेना से मदद मांगी
- सीएम ने जताया दुख, तत्काल राहत-बचाव कार्य के निर्देश दिए

मथुरा, एजेंसी

मथुरा जिले में शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। मथुरा के डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी पर्यटक पंजाब के रहने वाले थे। नौका में करीब 32 पर्यटक सवार थे।

एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगभग 50 स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक गुलाब नामक एक स्थानीय गोताखोर ने बताया कि अब तक लगभग 15 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि तेज हवाओं के कारण नौका बीच नदी में तेजी से डगमगाने लगी, फिर उसकी गति बढ़ गई और वह एक पुल से टकरा गई, इसके बाद नौका पलट गई।

अधिकारियों ने बताया कि ये श्रद्धालु पंजाब के लुधियाना और अन्य शहरों से आए लगभग 150 तीर्थयात्रियों के एक बड़े समूह का हिस्सा थे। यह दुर्घटना केसी घाट के पास तब हुई, जब नौका गहरे पानी में जाने के बाद एक तैरते हुए पोंटून (पीपा पुल का एक हिस्सा) से टकरा गई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में पानी का स्तर बढ़ने के कारण पीपा पुल को हाल ही में हटा दिया गया था, जिससे नदी में कुछ पोंटून खुले रह गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हीं में से एक पोंटून से टकराने के कारण नौका पलटी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से बचाव अभियान चला रहे हैं, गोताखोर लापता लोगों की तलाश में नदी के गहरे हिस्सों में खोजबीन कर रहे हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी ने इस दुखद हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट की और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाई जाए और घायलों को तुरंत बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए।



वृंदावन : केसी घाट के पास नाव के पलट जाने के बाद बचाव अभियान चलाते गोताखोर।

## कुवैत पर ड्रोन हमले, सऊदी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई/तेहरान/न्यूयार्क एजेंसी

- सीजफायर के बाद भी तेहरान व उसके सहयोगियों पर हमले का आरोप, ईरानी सेना ने कहा- कोई मिसाइल नहीं दागी गई होर्मुज से एक गैस टैंकर को ईरान ने लौटाया

कुवैत ने ईरान और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के बावजूद उसे निशाना बनाकर ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया है, वहीं सऊदी अरब ने कहा, हाल के हमलों से उसकी महत्वपूर्ण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस्लामाबाद में शनिवार को अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर वार्ता होनी है।

कुवैत ने कहा कि गुरुवार रात को हुए ड्रोन हमलों में कुवैत के कुछ महत्वपूर्ण केंद्रों को निशाना बनाया गया। इस बीच, सऊदी अरब में हमले से उसकी महत्वपूर्ण 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' को नुकसान पहुंचा है। इस पाइपलाइन से तेल लाल सागर तक जाता है और इसके मार्ग में होर्मुज नहीं आता। ईरान ने युद्धविराम के बावजूद होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। वहीं, ईरान के आईआरजीसी ने कहा है कि युद्धविराम शुरू होने के बाद से किसी भी देश पर मिसाइलें नहीं दागी गईं। जो भी खबरें आ रही हैं, वे निस्संदेह यहूदी दुश्मन या अमेरिका का काम हैं। वहीं, अमेरिका ने कहा कि बोत्सवाना के एक गैस टैंकर ने ईरान ने होर्मुज से वापस लौटा दिया।

### संघर्षविराम पर वार्ता आज जेडी वेंस तेहरान से बोले अमेरिका से खेल न खेलो

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पहले तेहरान को आगाह किया कि वह अमेरिका के साथ खेल न खेले। इस्लामाबाद में शनिवार को संघर्ष विराम पर वार्ता होनी है। वेंस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह छह सप्ताह पहले शुरू हुए इस युद्ध का समाधान ढूंढे और राष्ट्रपति की ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की चौंकाने वाली धमकी को चरितार्थ न होने दें।

(विस्तृत देश विदेश पेज पर)

## लेबनान में आम नागरिकों की मौत पर भारत ने जताई चिंता

- कहा- पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर हमारी नजर

**नई दिल्ली।** संघर्षविराम के बीच लेबनान पर इजराइल के हमलों में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने पर भारत ने चिंता व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन तथा देशों की संप्रभुता के सम्मान पर बल दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा, हम लेबनान में बड़ी संख्या में नागरिक हताहतों की खबरों से गहराई से चिंतित हैं। यूएनआईएफआईएल में सैन्य योगदान देने वाले देश के रूप में भारत का मानना है कि घटनाओं की यह दिशा अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया है। अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करना तथा राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना अत्यावश्यक है।

## न्यायाधीश यशवंत वर्मा का इस्तीफा महाभियोग की प्रक्रिया हुई निष्प्रभावी

नई दिल्ली, एजेंसी

नकद बरामदगी मामला



- विवादों में घिरे थे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश, राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा

विवादों में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिससे उन पर जारी महाभियोग की कार्यवाही निष्प्रभावी हो गई है।

पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जली हुई नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद से वह आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास में 14 मार्च, 2025 को होली की रात आग लगने के बाद भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया गया था। घटना के बाद महाभियोग प्रस्ताव से पहले एक पूर्व शर्त के तहत सुप्रीम कोर्ट के जज न्यायमूर्ति अरविंद, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र और वरिष्ठ अधिवक्ता आचार्य सहित तीन सदस्यीय जांच समिति जांच कर रही थी। उन्होंने न्यायाधीशों की दो निंदात्मक रिपोर्ट के बाद तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना की इस्तीफे की सलाह को मानने से इनकार कर दिया। विकल्प नहीं होने पर न्यायमूर्ति खन्ना ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।

## उत्तराखंड में जनगणना का शुभारंभ

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्व-गणना से की शुरुआत

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुक्रवार से औपचारिक शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) गुरमीत सिंह तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत की।

इसी के साथ राज्य में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत पहली बार नागरिकों को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वे जनगणना अधिकारी के घर आने से पूर्व स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल (se.census.gov.in) पर दर्ज कर सकते हैं। यह स्व-गणना सुविधा 24 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी। इसके पश्चात 25 अप्रैल से 24 मई तक गणना कर्मी घर-घर जाकर डेटा संकलन करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राज्य के विकास की आधारशिला है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्व-गणना के माध्यम से इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता करें, जिससे डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े राज्य सरकार को बेहतर नीतियां बनाने और अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायक होंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे जनगणना शुभंकर 'प्रगति' और 'विकास' के साथ जुड़कर इस अभियान को सफल बनाएं।



स्व-गणना कर जनगणना-27 की शुरुआत करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

अंतिम मतदाता सूची जारी | विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद यूपी में अब 13 .39 करोड़ मतदाता

## उत्तर प्रदेश में 2 .05 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान की लंबी प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची के अनुसार उप्र. में कुल 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष और 45.46 प्रतिशत महिला हैं। पहले 27 अक्टूबर 2025 को फ्रीज सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे, जो एसआईआर के बाद 2.05 करोड़ घटकर 13.39 करोड़ रह गए।

लोकभवन में शुक्रवार को उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी को जारी मसौदा सूची के मुकाबले अंतिम सूची में 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जिनके नाम छूट गए, वे फॉर्म-6 भरकर शामिल हो सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से कुल 107 ज्ञापन प्राप्त हुए, जिनमें समाजवादी पार्टी से 85, भाजपा से 10, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 9, बसपा, सीपीआई (एम) और आम आदमी पार्टी से एक-एक ज्ञापन शामिल थे। सभी शिकायतों का निस्तारण किया गया। रनदीप रिनवा ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 15 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रथम अपील कर सकता है, और जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 30 दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील कर सकता है।



### मतदाताओं का विवरण

- पुरुष मतदाता : 7 करोड़ 30 लाख 71 हजार 61
- महिला मतदाता : 6 करोड़ 9 लाख 9 हजार 525
- तृतीय लिंग : 4 हजार 206
- 18-19 आयुवर्ग : 17 लाख 63 हजार 360

### इन 5 जिलों में बढ़े वोटर

- प्रयागराज : 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता
- लखनऊ : 2 लाख 85 हजार 961 मददाता
- बरेली : 2 लाख 57 हजार 920
- गाजियाबाद : 2 लाख 43 हजार 666
- जौनपुर : 2 लाख 37 हजार 590

### एसआईआर प्रक्रिया की झलक

● 6 जनवरी को 12 .55 करोड़ की मसौदा सूची जारी हुई थी। ● 6 मार्च तक दावे-आपत्तियां ली गईं। ● 86 .69 लाख ने फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) भरा। ● 3 .18 लाख ने फॉर्म-7 (नाम कटवाने) भरा। ● 1.04 करोड़ को माता-पिता आदि से मिलान न होने पर नोटिस। ● 2.22 करोड़ तार्किक विसंगति वाले।

# पलायन रोकने के लिए श्रमिकों को दें कौशल प्रशिक्षण

## सीएम धामी ने किया उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित श्रमिक सेवा मोबाइल एप का लोकार्पण

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा विकसित श्रमिक सेवा मोबाइल एप का लोकार्पण करने के साथ ही 8005 श्रमिकों के खाते में 17 करोड़ से अधिक राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तातंरण किया।

मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने बोर्ड को अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचने के निर्देश दिए। कहा कि, अनुदान वितरण में पारदर्शिता बरते जाने के क्रम में ऑफलाइन अनुदान वितरण बन्द कर ऑनलाइन निस्तारण एवं डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में धनराशि का हस्तांतरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के जरिए अब तक 11828 लाभार्थियों को 29.89 करोड़ की धनराशि वितरित की जा चुकी है। इस दिन 8005 लाभार्थियों को 17.25 करोड़ की धनराशि वितरित की जा रही है। इस प्रकार विगत 06 माह में अब तक 19833 लाभार्थियों को 47.14 करोड़ की धनराशि वितरित की जा चुकी है।




श्रमिकों के खातों में धनराशि ट्रांसफर करते और मानचित्रक को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- **8005 श्रमिकों के खाते में 17 करोड़ से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की**

मुख्यमंत्री ने बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाए, खासकर पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए स्थानीय श्रमिकों को पलम्बर, इलैक्ट्रिशियन, मिस्त्री, कारपेन्टर आदि क्षेत्रों में कौशल प्रदान किया जाए। इसी तरह योगा एंव वेलनेस में रोजगार की सम्भावना को देखते हुए आगामी सत्र में श्रमिकों के बच्चों को योग एवं वेलनेस में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

### 16000 अधिष्ठानों का पंजीकरण

श्रमायुक्त पीसी दुम्का ने बताया कि यूकेएलसीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से 16000 अधिष्ठानों का पंजीकरण हो चुका है, जिसके जरिए अस्सी लाख रुपए शुल्क जमा हो चुका है। बोर्ड के पास अब तक 324 करोड़ की धनराशि सेस के रूप में जमा हो चुकी है जिसे श्रमिकों के कल्याण में उपयोग किया जा रहा है। निर्माण श्रमिकों के बीच सामग्री वितरण में पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की जा रही है जिससे लाभार्थियों का लाइव फोटो एवं जियो ट्रेकिंग द्वारा सामग्री वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर उपायुक्त विपिन कुमार भी मौजूद रहे।

### विदेश में भी रोजगार के प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को कौशल प्रशिक्षण उपरान्त विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी प्रयास करे। इसके लिए विदेश मंत्रालय भारत सरकार में पंजीकृत एजेन्सी के माध्यम कार्यवाही की जाए। साथ ही, श्रमिकों को पीएम स्वनिधि योजना से जोड़ने और उनका समय- समय पर स्वास्थ्य परीक्षण पर भी ध्यान दिया जाए। इस हेतू श्रमिकों के कार्य स्थल पर ही चिकित्सा परीक्षण की व्यवस्था की जाए, ताकि उनके रोजगार में व्यवधान उपलब्ध न हो।

# 30 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी सुशासन का प्रमाण

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, सरकार ने पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के बाद प्रदेश में अब तक 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति दी जा चुकी है। यह सरकार की युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता और सुशासन का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत मानचित्रक के पद पर चयनित 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अभ्यर्थी अपने कार्यक्षेत्र में पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही मिलेट के उत्पादन और विपणन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार तथा फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कहा कि, इसके अतिरिक्त राज्य में सेब, कीवी, बागवानी एवं औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य कृषि को लाभकारी और युवाओं के लिए आकर्षक बनाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र से जुड़ सकें। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सचिव कृषि एसएन पांडेय, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सब कमेटी करेगी इंजीनियर्स की मांगों का परीक्षण

**देहरादूनः** राज्य में चल रही डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल के बीच शुक्रवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। महासंघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष 27 सूत्रीय मांगें रखीं, जिनमें पदोन्नति, वेतनमान और पुरानी पेंशन व्यवस्था से जुड़े विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखती है और उनकी सभी मांगों का समुचित परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगों के समाधान के लिए एक सब-कमेटी का गठन किया जाएगा, जो संबंधित बिंदुओं का गहन अध्ययन कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। कहा कि सरकार संवाद और समन्वय के माध्यम से सभी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान सचिव शैलेश बगौली, दिलीप जावलकर, पंकज कुमार पांडे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## स्टेट ब्रीफ

### मॉक ड्रिल में परखीं तैयारियां

**देहरादून :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) तथा उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) के संयुक्त तत्वावधान में चारधाम यात्रा को आपदा सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को गढ़वाल मंडल के सभी सात जिलों में व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित यह ड्रिल अलग-अलग आपदाओं के काल्पनिक परिदृश्यों के साथ 50 विभिन्न स्थलों पर एक साथ संपन्न हुई, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना, वायु सेना, अर्द्धसैनिक बल, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन, परिवहन, लोक निर्माण, विद्युत, दूरसंचार तथा अन्य संबंधित विभागों ने सहभागिता की।

### हाईकोर्ट ने तलब की जांच प्रगति रिपोर्ट

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने हल्द्वानी क्रिकेट लीग के नाम पर कथित धोखाधड़ी के मामले में दायर याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए सरकार से जांच की प्रगति रिपोर्ट 17 अप्रैल तक पेश करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट में वर्चुअली पेश हुए खेल सचिव अमित सिन्हा ने बताया कि उनका विभाग केवल खेल आयोजन के लिए मैदान उपलब्ध कराता है जबकि लीग का संचालन निजी कंपनियां करती हैं। किसी प्रकार की अनियमितता या धोखाधड़ी होने पर पुलिस कार्रवाई का विकल्प होता है। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया कि जांच चल रही है।

### यूजीसी के प्रावधानों को समाप्त करने की मांग

**लालकुआं :** समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ने यूजीसी को समाप्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया है। लालकुआं तहसील में तहसीलदार पूजा शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ भट्ट एवं समाजसेवी हेमंत गोनिया ने कहा कि यूजीसी जैसी व्यवस्था से समाज में शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा जातिगत भेदभाव को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था से युवाओं विशेषकर छात्रों में निराशा बढ़ रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि इस विषय पर गंभीरता से विचार कर इसे समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

# उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष मेजर जनरल एम.एस. असवाल की संस्तुति पर नैनीताल लीग के जिलाध्यक्ष कर्नल बी.एस. रौतेला ने रामनगर इकाई का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की है।

घोषणा के अनुसार कर्नल (सर्जन) दिनेश बिष्ट को अध्यक्ष, सूबेदार मेजर नवीन चन्द्र पोखरियाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चीफ पेटी ऑफिसर (नेवी) ताजबर गुंसांई को उपाध्यक्ष तथा हवलदार भगवत सिंह चौहान को सचिव मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश बिष्ट ने कहा कि टीम पूर्व सैनिकों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगी तथा उनके द्वारा किए जा रहे निःस्वार्थ सेवा कार्यों को समाज के सामने लाने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरूकता की भावना को और मजबूती मिलेगी। नई कार्यकारिणी के गठन पर पूर्व सैनिकों एवं स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।



कर्नल दिनेश बिष्ट, ताजबर सिंह गुसांई, भगवत सिंह चौहान, मेजर नवीन चंद्र पोखरियाल।

# पत्रकारों की समस्याओं का होगा समाधानः एडी

- **हल्द्वानी में आधुनिक मीडिया सेंटर का प्रस्ताव शासन को भेजा, जल्द निर्माण की उम्मीद**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार और विभाग पत्रकारों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित बैठक में उन्होंने मीडिया कर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने बताया कि पत्रकार मान्यता नवीनीकरण में आ रही दिक्कतों को गंभीरता से लिया गया है और इसके समाधान की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही मृतक आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता से जुड़े सभी प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। अपर निदेशक ने कहा कि यदि किसी पत्रकार को पत्रकार कल्याण कोष से सहायता प्राप्त नहीं हो पा रही है तो मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए संबंधित पत्रकार को जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से नियमानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।




पत्रकारों से बातचीत करते सूचना विभाग के अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी।

बैठक में पत्रकारों ने चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार, मान्यता प्रक्रिया में स्थिरता, कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा, राज्य अतिथि गृहों में तत्काल आरक्षण व्यवस्था, पत्रकारों के बच्चों को उच्च शिक्षा में आरक्षण, रेलवे आरक्षण की पुनः बहाली, टोल प्लाजा में छूट और जिला पत्रकार स्थायी समिति में सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दे उठाए। अपर निदेशक ने आश्वासन दिया कि सूचना विभाग से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा, जबकि अन्य विभागों से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों से पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में हल्द्वानी में आधुनिक मीडिया सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है और जल्द ही इसका निर्माण शुरू किया जाएगा। कहा कि इसके लिए गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक का संचालन जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी ने किया। इस अवसर पर सूचना अधिकारी अहमद नदीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

YTDO Tour & Travels की रोचक एवं रोमांचक यात्राएं
विगत 43 वर्षों से सुविधाजनक यात्राओं के क्षेत्र में उत्तराखंड का एकमात्र अनुभवी संगठन



11 दिवसीय चार धाम यात्रा
5 मई से 15 मई 2026 के मध्य
उत्तराखण्ड के चार धाम गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ यात्रा




12 दिवसीय गुवाहाटी (आसाम) एवं तवांग (अरुणाचल प्रदेश) यात्रा
14 मई से 25 मई 2026
हम आपको लेकर चलते हैं तवांग के सुकून भरे पहाड़ों की ओर....




6 दिवसीय खूबसूरत लेह लद्दाख यात्रा
19 मई से 24 मई 2026
सिंधु नदी दर्शन, रैंचो स्कूल, पैंगोंग लेक, बौद्ध मठ, शांति स्तूपा, मैगनेटिक हिल, चांगला पास, गुरुद्वारा पत्थर साहिब आदि का भ्रमण



9 दिवसीय बाली (इंडोनेशिया) की सैर
8 जून से 16 जून 2026
अपनी छुट्टियों को खास बनाइए बाली की जादुई दुनिया में।



9 दिवसीय नेपाल यात्रा (दो हवाई यात्राओं के साथ)
9 जून से 17 जून 2026
काठमांडू में श्री पशुपतिनाथ दर्शन, मनोकामना मंदिर दर्शन, रमणीक पोखरा, जोमसोम मुक्तिनाथ मंदिर में विष्णु पूजन का महान अवसर



8 दिवसीय स्पीति वैली (हिमांचल यात्रा)
20 जून से 27 जून 2026
मनाली, रोहतांग पास, अटल टनल, चंद्रताल लेक, कजा, धनकर एवं टाबो मठ की रोमांचक सैर

43 YEARS
YTDO Tour & Travels, Khati Bhawan, Zoo Road, Nainital Phone : 05942-235818
VMS Khati - M. 9412085088, Umesh Rautela - M. 9411197147
Ramesh Tiwari - M. 9411197085, BS Padiyar - M. 8006399064
हल्द्वानी ऑफिस :- निकट गोल्ज्यू मंदिर, पर्वतीय उत्थान मंच, हीरा नगर, हल्द्वानी, फोन : 05946-317106
छपे यात्रा प्रोग्राम मंगाने के लिए Whatsapp से अपना पता भेजने की कृपा करें।

# चारधाम यात्राः सुरक्षा के फुलप्रूफ इंतजाम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** 19 अप्रैल से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा में सुरक्षा के फुलप्रूफ इंतजाम होंगे। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने शुक्रवार को हाई-लेवल बैठक में यात्रा की सुरक्षा से यातायात तक तैयारियों की गहन समीक्षा की।

डीजीपी ने बताया कि, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सम्पूर्ण यात्रा क्षेत्र को 16 सुपर जोन, 43 जोन तथा 149 सेक्टर में बांटा गया है। यात्रा के सकुशल संचालन के लिए करीब 7000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एंटी टेरेरिस्ट स्क्वायड यानी एटीएस को भी धामों में तैनात किया जा रहा है, जिनके द्वारा समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित कर आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखा जाएगा।

डीजीपी के अनुसार, आईजी गढ़वाल रेंज राजीव स्वरूप चारधाम यात्रा के नोडल अधिकारी होंगे। उनकी निगरानी में गढ़वाल रेंज कार्यालय में एकीकृत चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से धामों, यात्रा मार्गों एवं प्रमुख ठहराव स्थलों पर सुरक्षा, यातायात, भीड़ प्रबंधन एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की 24 घंटे-सातों दिन मॉनिटरिंग एवं समन्वय सुनिश्चित होगा। चारधाम यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं/यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए 118 पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण किया गया है। दो एडीजी सहित चार आईजी चारों धामों सहित यात्रा रूट का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।



दीपम सेठ, डीजीपी।

- **डीजीपी दीपम सेठ ने उच्चस्तरीय बैठक में की गहन समीक्षा**

### 57 टूरिस्ट पुलिस केंद्र 48 हॉल्टिंग पॉइंट्स

डीजीपी ने सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने, भ्रामक पोस्टों पर सम्बन्धित एसपी को तत्काल सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। कहा कि, चारधाम मंदिर परिसरों में फोन और कैमरा के प्रयोग की मानक एसओपी का कड़ाई से अनुपालन कराने के साथ कंटेंट क्रिएटर्स की भी निगरानी होगी। रजिस्ट्रेशन, हेली टिकट की फर्जी वेबसाइटों और साइबर ठगों पर एसटीएफ की पैनी नजर रहेगी। यात्रियों की मदद के लिए 57 टूरिस्ट पुलिस केंद्र और 48 हॉल्टिंग पॉइंट्स एवं हेल्पडेस्क तैयार की गई हैं।

### संस्कृत शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित

**देहरादून :** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि, 1775 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें इंटरमीडिएट में 88 .48 प्रतिशत, हाईस्कूल में 92 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 10वीं बोर्ड परीक्षा की श्रेष्ठता सूची में परशुराम चतुर्वेद विद्यालय प्रकाशनगर देहरादून के छात्र रूद्रांश उनियाल 88 .2 फीसदी अंक लाकर सर्वोच्च स्थान पर रहे। 87 .4 प्रतिशत अंक पाकर गुरुकुल विद्यालय ज्वालापुर, हरिद्वार के छात्र प्रिंस पुंडीर द्वितीय व परशुराम चतुर्वेद विद्यालय के छात्र अनमोल तथा दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय हल्द्वानी के छात्र प्रकाश चन्द्र पाठक 86-86 फीसदी अंक लाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में संस्कृत उत्तरमाध्यमा विद्यालय श्रीनगर के छात्र सक्षम प्रसाद 93 .4 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान पर रहे। गुरुकुल विद्यालय ज्वालापुर के छात्र अर्जुन कुमार 90 .8 फीसदी अंक लाकर श्रेष्ठता सूची में दूसरे स्थान पर रहे।

**अभियान** | मुख्यमंत्री धामी ने की स्वगणना से सक्रिय भागीदारी, जनता से अपील- करें स्वगणना, बनें भागीदार

# डिजिटल जनगणना में बढ़े उत्तराखंड के कदम

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में जनगणना 2027 के अंतर्गत अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करते हुए राज्य में इस महत्वपूर्ण अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर जनगणना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को डिजिटल प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पहली बार पूरी तरह डिजिटल जनगणना की ओर अग्रसर हुआ है, जो पारदर्शिता, सटीकता और जनभागीदारी को सुनिश्चित करेगा। यह पहल भारत को डिजिटल युग में एक और मजबूत कदम आगे बढ़ाने वाली है। जनगणना 2027 का पहला चरण हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना है, जिसके अंतर्गत आवासीय स्थिति, सुविधाओं और घरेलू विवरणों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जा रही है। इस बार स्व-गणना की सुविधा के माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल और त्रुटिरहित होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। कहा कि यह डेटा राज्य और देश की नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए इसकी शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 देश के विकास की आधारशिला है। डिजिटल माध्यम से की जा रही यह जनगणना पारदर्शिता और सटीकता को सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि, वे स्वयं आगे आकर स्व-गणना करें और इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने अपील की कि, सभी नागरिक स्व-गणना पोर्टल का उपयोग कर अपने परिवार की सही और पूर्ण जानकारी दर्ज करें।

यह न केवल आपकी भागीदारी को सुनिश्चित करेगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में भी सहायक होगा।



शासकीय आवास पर स्वगणना के दौरान मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### आंकड़ों की सुरक्षा को कड़े प्रावधान

मुख्यमंत्री ने यह भी भरोसा दिलाया कि जनगणना के दौरान एकत्रित सभी आंकड़ों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं और इनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। कहा कि यह पहल उत्तराखंड में डिजिटल सशक्तिकरण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर गीता पुष्कर धामी, निदेशक (जनगणना संचालन) ईवा श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी इंवेट्स

- जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से जीएनजी, एमएस ग्राउंड व कौशिक क्रिकेट ग्राउंड सुबह 10 बजे से
- हीरा नगर स्थित पर्वतीय उत्थान मंच में महिलाओं की रामलीला 7 :30 बजे

## सिटी ब्रीफ

### सीएम पुष्कर सिंह धामी आज हल्द्वानी में



**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। डीएम ललित मोहन रयाल ने बताया कि सीएम धामी शनिवार 11 अप्रैल को सुबह 11 :40 बजे देहरादून से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 12 :45 बजे विकास भवन खेल मैदान हेलीपैड भीमताल पहुंचेंगे। वहां से प्रस्थान कर दोपहर 1 से 2 :30 बजे तक बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंसेज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह3 :15 बजे विकास भवन खेल मैदान हेलीपैड भीमताल से प्रस्थान कर 3 :25 बजे गौलापार हेलीपैड पहुंचेंगे। जहां से कार से प्रस्थान कर दोपहर 3 :40 बजे सर्किट हाउस काठगोदाम पहुंचेंगे। यहां शाम 4 बजे से मानव-वन्यजीव संघर्ष, आगामी यात्रा सीजन एवं कानून व्यवस्था के संबंध में जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### मां जगदीशिला देव दर्शन डोली यात्रा 28 से

**हल्द्वानी :** 27वीं विश्वनाथ मां जगदीशिला देव दर्शन डोली यात्रा 28 अप्रैल से शुरू होगी। यह यात्रा 28 अप्रैल से प्रारंभ होकर 25 मई तक चलेगी। लगभग 28 दिनों की इस यात्रा में डोली उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों से होकर गुजरेगी और टिहरी गढ़वाल के विशोन पर्वत पर इसका समापन होगा। इस अवसर पर मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि उत्तराखंड की जीवंत संस्कृति और लोक आस्था का विराट उत्सव है। उन्होंने बताया कि डोली प्रतिदिन करीब 12 किलोमीटर पैदल यात्रा करती है और अब तक यह यात्रा रथ से लगभग 2 .85 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। वहीं, केदार पलड़िया ने कहा कि यह यात्रा धार्मिक चेतना के साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है, जो उत्तराखंड की पहचान को मजबूत करती है। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, कुमाऊं मंडल संयोजक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मयंक भट्ट, मनोज कोठियाल रहे।

# गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

## रामनगर में प्रशासन ने मारा छापा, 34 सिलेंडर व रिफिलिंग उपकरण बरामद, एजेंसी कनेक्शन की जांच शुरू

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** घरेलू गैस की किल्लत के बीच अवैध रिफिलिंग के गोरखधंधे का पुलिस और प्रशासन ने बड़ा खुलासा किया है। खताड़ी मोहल्ले में एक घर में चल रहे अवैध गैस रिफिलिंग केंद्र पर छापेमारी कर टीम ने 34 गैस सिलेंडर बरामद किए, जिनमें छोटे और बड़े दोनों प्रकार के सिलेंडर शामिल हैं। साथ ही गैस भरने के उपकरण, तराजू-बांट और डीजल से भरी कैन भी जब्त की गई।

कार्रवाई गोपाल सिंह चौहान और सुशील कुमार के संयुक्त नेतृत्व में की गई। जांच में सामने आया कि बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस भरकर 200 से 250 रुपये प्रति किलो की दर से बिक्री की जा रही थी। मौके से अमन उर्फ भुल्ला और शहजाद (पुत्र रईस अहमद) को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार गैस एजेंसी से जुड़े कुछ लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने साफ किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुमित पांडे ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।




रामनगर में पुलिस द्वारा सिलेंडरों के साथ पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

- छोटे सिलेंडरों में 250 रुपये प्रति किलो की दर से हो रही रिफिलिंग

गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट, पीरुमदारा चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह बिष्ट, मालधन चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार, गगन भंडारी, संजय सिंह तथा महिला कांस्टेबल रेशु शामिल रहे।

**बड़ा सवाल :** नगर में गैस किल्लत के बीच बड़े पैमाने पर सिलेंडर आखिर अवैध कारोबारियों तक कैसे पहुंचे, यह गंभीर सवाल बना हुआ है। चर्चा है कि गैस एजेंसी से जुड़े कुछ कर्मियों की भी संलिप्तता हो सकती है। हालांकि प्रशासन ने कहा है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और सच्चाई जल्द सामने लाई जाएगी।

**200** से 250 रुपये प्रति किलो की दर से बिक्री की जा रही थी रसोई गैस सिलेंडर

### दो सप्ताह से नहीं आई गैस की गाड़ी

**हल्द्वानी :** देवलचौड़ बंदोबस्ती के द्रोण मार्ग व उसके आसपास के क्षेत्र में लोग रसोई गैस सिलेंडर के लिए परेशान हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में करीब 20 दिन से भी अधिक समय से गैस की गाड़ी न आने से लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी हरीश उप्रेती ने बताया कि उनका 28 मार्च को डीएसी नंबर भी आ चुका है। बावजूद इसके उन्हें अभी तक सिलेंडर नहीं मिल सका है।

### चयनित स्थलों पर नियमित रूप से हो गैस सिलेंडरों का वितरण

**भीमताल :** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया ने इंडियन गैस के प्रबंधक को लोगों की सुविधा के लिए नगर क्षेत्र में चयनित स्थलों पर नियमित रूप से प्रतिदिन गैस सिलेंडरों का वितरण करने का सुझाव दिया है। इस दौरान उन्होंने अवगत कराया कि यदि नियमित तौर पर चयनित स्थानों पर गैस वितरण के वाहन पहुंचेंगे, तो धीरे-धीरे गैस की समस्या का समाधान हो जाएगा और अफरा-तफरी भी नहीं रहेगी। उन्होंने गैस वितरण के लिए नकुचियाताल का मैदान, डांठ, तिकोनिया रामलीला ग्राउंड, खुटानी तिराहा और मेहरा गांव चौराहा समेत कई स्थानों का सुझाव दिया है।

# अकेले बुजुर्गों को चिन्हित कर कुकिंग गैस पहुंचाएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने पश्चिम एशिया में हुए युद्ध की वजह से पनपी गैस किल्लत के बीच बुजुर्गों को राहत देने का कदम उठाया है। एसडीएम ने गैस एजेंसियों को अकेले रहने वाले बुजुर्गों को चिन्हित कर एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी के निर्देश दिए हैं।



एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू हो गई है। जहां कहीं भी दिक्कत आ रही है तो उसको तत्काल समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल विकास निगम के शॉपिंग कॉम्पलेक्स स्थित गैस एजेंसी में भी निरीक्षण किया।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए कहा है। इसी के साथ ही एजेंसी कर्मियों को निर्देश दिए कि जो बुजुर्ग अकेले रहते हैं उनको चिन्हित कर उनके घरों पर तत्काल सिलेंडर की होम डिलीवरी दी जाए। इसके अलावा एजेंसी में शिकायत लेकर आने वाले बुजुर्गों की भी समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि कुमंविनि को सुझाव दिया गया है कि सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जन समस्याएं दर्ज की जाएं फिर शाम पांच बजे तक इन समस्याओं का समाधान किया जाए। इससे समस्याओं का बैकलॉग खत्म होगा और जन सहूलियत होगी।

### डिलीवरी मैन बात करें, फोन बंद करना समाधान नहीं

**हल्द्वानी :** एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि शिकायतें मिल रही हैं कि सिलेंडर डिलीवरी करने वाले कर्मियों ने फोन बंद कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस वजह से लोगों में पैनिक बढ़ता है। यदि डिलीवरी मैन फोन ऑन रखेंगे और जन संवाद करेंगे। जब जनता को डिलीवरी की तारीख, समय वगैरह की जानकारी मिलेगी तो उनकी आधी समस्याओं का निदान हो जाएगा। उपभोक्ता बेवजह यहां-वहां चक्कर नहीं काटेंगे।

# वीकेंड पर हल्द्वानी-काठगोदाम में ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

हल्द्वानी, संवाददाता

**अमृत विचार:** वीकेंड के दौरान पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए 11 और 12 अप्रैल को हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में विशेष यातायात एवं डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। यह व्यवस्था प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

प्रशासन के अनुसार इस अवधि में यात्रा रूट पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों से हल्द्वानी आने वाले भारी मालवाहक वाहनों को सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक जनपद सीमा पर ही रोका जाएगा। वहीं, जनपद के भीतर मौजूद वाहनों को भीमताल एचएमटी क्षेत्र, सलड़ी चौकी, अमृतपुर मोड़ और मैगी प्वाइंट के पास पार्क कराया जाएगा। मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ की ओर जाने वाले भारी वाहनों को गोलापार स्थित पुराने आरटीओ फिटनेस सेंटर और खेड़ा चौकी के पास रोका जाएगा। बरेली रोड से आने वाले पर्यटक और मालवाहक वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा के रास्ते आगे बढ़ेंगे।

**11** -12 अप्रैल को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों पर रोक

रुद्रपुर की ओर से आने वाले वाहन पंतनगर तिराहा-दिनेशपुर मोड़ से एनएच-109 के जरिए पंतनगर-लालकुआं होते हुए तीनपानी फ्लाईओवर और गौलापार रोड से नारीमन तिराहा पहुंचेंगे। वहीं रामनगर, बाजपुर और कालाढूंगी से आने वाले वाहनों को कालाढूंगी-नैनीताल तिराहा से मंगोली की ओर डायवर्ट किया जाएगा। अत्यधिक दबाव की स्थिति में एलपीजी वाहनों को छोड़कर आवश्यक सेवाओं से जुड़े भारी वाहनों (सब्जी, ईंधन, दूध आदि) का संचालन भी दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

11 अप्रैल को हल्द्वानी-काठगोदाम से पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाले सभी वाहनों को भीमताल तिराहा से भुजियाघाट-ज्योलीकोट मार्ग से भेजा जाएगा। वहीं 12 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक भवाली मस्जिद तिराहा और नैनीताल से मैदानी क्षेत्र की ओर आने वाले वाहनों को रूसी बाईपास मार्ग से मंगोली होते हुए कालाढूंगी के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा।

## महिला ने की जान देने की कोशिश

**रामनगरः** शुक्रवार को गुलरघट्टी क्षेत्र में 27 वर्षीय महिला अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली। परिजनों के अनुसार महिला करीब 10 मिनट से कमरे में बंद थी।

काफी देर तक प्रतिक्रिया न मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा, जहां अंदर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। आनन-फानन में महिला को फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सालय के वरिष्ठ स्टाफ रामदत्त और डॉ. दीपा ने बताया कि महिला को सुबह करीब 10:20 बजे अस्पताल लाया गया था। जांच के दौरान महिला के गले के आगे वाले हिस्से पर फंदे का स्पष्ट निशान पाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। महिला की पहचान नसरीन जहां (27 वर्ष), पत्नी नाजिम के रूप में हुई है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच शुरू कर दी गई है।



दुग्ध संघ की बैठक में विचार-विमर्श करते बोर्ड पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### दुग्ध संघ ने दूध खरीद मूल्य में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की, दुग्ध उत्पादकों को राहत

**लालकुआं :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की बोर्ड बैठक अध्यक्ष मुकेश बोरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दुग्ध उत्पादकों को राहत देते हुए 15 अप्रैल से दूध के खरीद मूल्य में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया। बैठक में कुल 16 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इन निर्णयों के बाद लंबे समय से रुकी हुई नियुक्तियों का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। बैठक में दुग्ध उत्पादकों के हित, दुग्ध संग्रहण व्यवस्था में सुधार, संघ की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने, कर्मचारियों से जुड़े विषयों तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णयों से संघ की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी और दुग्ध उत्पादकों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा। बैठक में संचालक मंडल के सदस्य एवं विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कर्ज के बोझ से दबे मेडिकल स्टोर संचालक ने की आत्महत्या

**हल्द्वानीः** कुसुमखेड़ा क्षेत्र में एक 45 वर्षीय मेडिकल स्टोर संचालक ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान प्रकाश चंद्र महतोलिया निवासी रुद्र विहार के रूप में हुई है, जो घर में अकेले रहते थे।

बताया गया कि 8 अप्रैल की रात उनकी अंतिम बार पत्नी से बात हुई थी, जो पिथौरागढ़ में गेस्ट टीचर हैं। शुक्रवार को परिजन घर पहुंचे तो दरवाजा तोड़कर अंदर गए, जहां वह अचेत अवस्था में मिले। मौके पर झाग और उल्टी के निशान मिले। प्रारंभिक जांच में कर्ज के दबाव में आत्महत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अब एसटीएच में होने लगी जबड़े की जटिल सर्जरी, मरीजों को राहत

हल्द्वानी, संवाददाता

**अमृत विचारः** कुमाऊं के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में अब टूटे हुए जबड़े की जटिल सर्जरी (मैक्सिलोफेशियल सर्जरी) की सुविधा शुरू हो गई है। पहली बार अस्पताल में इस तरह की उन्नत सर्जरी होने से क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिली है।

हाल ही में मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. समीर पांडे के ज्वाइन करने के बाद से अस्पताल में सड़क दुर्घटनाओं में घायल सात मरीजों के जबड़े का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। पहले इस तरह के गंभीर मामलों में मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता था, जहां इलाज काफी महंगा साबित होता था। अब एसटीएच में यह सुविधा मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को राहत मिलेगी। अभी तक दंत रोग विभाग में केवल ओपीडी सेवाएं, दांतों की सफाई और सामान्य उपचार ही उपलब्ध थे, लेकिन अब जटिल सर्जरी भी संभव हो गई है।

- मैक्सिलोफेशियल सर्जरी से हो रहा उपचार, सात ऑपरेशन सफल

डॉ. समीर पांडे ने बताया कि जबड़े के साथ-साथ चेहरे से जुड़ी अन्य जटिल सर्जरी भी अब अस्पताल में की जा रही हैं। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने दंत रोग विभाग को और अधिक आधुनिक बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। एसटीएच के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि मरीजों को जबड़े के इम्प्लांट निशुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही विभाग में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के प्रयास भी जारी हैं, ताकि मरीजों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।



## अस्पताल में पर्ची काउंटर के पास गिरे मरीज की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** इलाज कराने बेस अस्पताल पहुंचे एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। हैरानी की बात यह रही कि वह काफी देर तक पर्ची काउंटर के पास ही पड़ा रहा और शुरुआत में लोगों ने उसे नजरअंदाज कर दिया। बाद में शरीर में कोई हलचल न दिखने पर मौजूद लोगों ने उसे इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार सुबह अस्पताल में रोज की तरह भारी भीड़ थी। कोई पर्ची बनवाने की कतार में खड़ा था तो कोई ओपीडी और बिलिंग काउंटर पर। इसी दौरान करीब 10 बजे एक व्यक्ति पर्ची काउंटर के पास गिरा हुआ दिखाई दिया। शुरुआत में लोगों ने उस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन काफी देर तक उसकी कोई हरकत न होने पर कुछ लोगों ने पहल की।

मौके पर लोगों ने समाजसेवी प्रेम बेलवाल की मदद से उसे तत्काल इमरजेंसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नीरज पांडे के रूप में हुई है, जो उसके पास मिले दस्तावेजों से हुई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि मृतक पहले से अस्पताल में उपचाराधीन था और संभवतः उसी सिलसिले में आया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मैस के चावल में गंदगी पर फटकार

- एसडीएम ने स्कूल-कॉचिंग सेंटरों व पॉलिटेक्निक का किया निरीक्षण

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर एसडीएम बिपिन पंत ने एंटी ड्रग्स जागरूकता अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग सेंटरों तथा राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्रावास का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक के मैस में गंदगी, भिनभिनाती मक्खियां तथा पुरानी लौकी-खीरे पाए गए। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए मैस प्रबंधन को साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने और केवल ताजी सब्जियों के उपयोग के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने छात्रावास में रह रहे छात्रों से संवाद कर उन्हें नशे और ड्रग्स से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। छात्रों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस या प्रशासन को देने की अपील भी की गई। एसडीएम ने कोचिंग सेंटर और पॉलिटेक्निक के आसपास स्थित दुकानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान तंबाकू, सिगरेट और गुटखा बेचने पर दो दुकानदारों का चालान किया गया तथा उन्हें भविष्य में ऐसी सामग्री न बेचने की चेतावनी नोटिस जारी किया गया। साथ ही संस्थानों के 100 मीटर दायरे में संदिग्ध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निरीक्षण टीम में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंकज जोशी, चिकित्साधिकारी डॉ. मदन बोनाल, समाज कल्याण अधिकारी योगेश पांडे तथा प्रोबेशन अधिकारी सूरज कुमार मौजूद रहे।



छात्रावास में छात्रों से पूछताछ करते एसडीएम बिपिन चंद्र पंत।

**मांग** | भाजपा विधायकों के प्रतिनिधि मंडल ने शहरी विकास सचिव को ज्ञापन सौंपा

# गांवों में मकान का नक्शा पास कराने को प्राधिकरण नियमों में हो संशोधन

संवाददाता, देहरादून/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायकों ने शहरी विकास सचिव से मुलाकात कर वर्ष 2026 से पूर्व में विक्रय किए भूखंडों के मानचित्र स्वीकृत करने में आ रही दिक्कतों के समाधान की मांग की। उन्होंने घर बनाने का सपना देख रही जनता के लिए नियमों में संशोधन का अनुरोध किया ।

भाजपा के कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्य ने शहरी विकास सचिव आर राजेश कुमार से मुलाकात की। उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि हल्द्वानी एवं कालाढूंगी में वर्ष 2026 से पूर्व किसानों के विक्रय किए भूखंडों में आवास बनाने के लिए नक्शा बनाने में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के बेहद जटिल नियम हैं। वर्ष 2026 से पूर्व में किसानों के विक्रय किए प्लॉटों में यदि मुख्य मोटर मार्ग अथवा लिंक मार्ग से प्लॉट तक पहुंच मार्ग छह मीटर से कम है तो ऐसी स्थिति में उन प्लॉटों का कृषि दर के आधार पर लगभग पांच प्रतिशत शुल्क जमा कर मानचित्र पास कर दिए जाए अथवा छूट दी जाए। दरअसल, इस पहुंच मार्ग में दोनो ओर घर बनाए जा चुके हैं जिस वजह से सड़क चौड़ीकरण नहीं की जा सकती है। इस वजह से आवासीय नक्शे स्वीकृत नहीं हो पा रहे है। इस वजह से लोग जमीन खरीद के बाद भी घर नहीं बना पा रहे हैं। इसको देखते हुए नियमों में संशोधन की नितान्त आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि पूर्व में विकसित अनियोजित कॉलोनियों को नियमितिकरण करने के लिए यदि पूर्व में आंतरिक मार्ग 6 मीटर से कम है तो इसमें भी छूट दी जाए।

कृषि दर पर प्रस्तावित पार्क एवं मार्ग का शुल्क लिया जाए तथा व्यक्तियों के मानचित्र स्वीकृत किए जाए। साथ ही कहा कि यदि वर्तमान में कोई किसान अथवा कॉलोनाईजर नई कालोनी विकसित करता है तो 6 मीटर का आंतरिक मार्ग का नियम लागू करें एवं सभी पर लागू किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि सीएम धामी ने नैनीताल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्ग को छोड़कर समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में प्राधिकरण के नियमों को नहीं लगाने के निर्देश दिए थे जिसकी प्रति भी शासन की ओर से जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को नहीं दी गयी है। इस वजह से भी ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी क्षेत्रों के सामान प्राधिकरण के नियमों की सख्ती से स्थानीय ग्रामीण परेशान हैं । सचिव आर राजेश ने विधायकों को जिला विकास प्राधिकरण बोर्ड नैनीताल सेप्राप्त होने वाले समस्त सुझाव एवं संशोधनों को कैबिनेट में प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया।



सचिव आर राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपते विधायक।

### ये भी उठाई मांगें

हल्द्वानी, कालाढूंगी, रामनगर व इसके समीपवर्ती अन्य स्थानों में स्थानीय निवासियों/भू- स्वामियों / विकासकर्ताओं आदि की ओर से आवासीय कॉलोनियों के विकास तथा इनके पंजीयन में आ रही कठिनाईयों के निराकरण के लिए एक एकड़ तक रेरा में छूट, अनुबंध शुल्क 7 प्रतिशत की तुलना में 2 प्रतिशत करने, एसटीपी की बाध्यता की समाप्ति, 143 नहीं होने पर जो उच्चीकरण शुल्क 15 प्रतिशत से घटाने, रेरा के दायरे में आने वाले क्षेत्रों की स्पष्ट परिभाषा देने, हल्द्वानी, रामनगर, कालाढूंगी व लालकुंआ तहसीलों को फुटहिल क्षेत्र घोषित किया जाने की मांग कीं।

# हैदराबाद के डॉक्टर ने कान की सर्जरी का लाइव डेमो दिखाया

संवाददाता, हल्द्वानी

- राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में तीन दिवसीय ईएनटी कॉन्फ्रेंस का आगाज
- देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने नई तकनीकों पर साझा किए अनुभव

**अमृत विचारः** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में आयोजित ईएनटी सर्जन एसोसिएशन की 19वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में हैदराबाद के वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. जीबीएस राव ने कान की जटिल सर्जरी का लाइव प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने फेशियल नर्व डीकंप्रेशन समेत कई आधुनिक ऑपरेशन तकनीकों का डेमो देते हुए विशेषज्ञों को नई विधियों से अवगत कराया।

लाइव डेमो के दौरान टेम्पोरल बोन के माध्यम से की जाने वाली सर्जरी को डमी पर प्रदर्शित किया गया, जिसमें कान के पीछे से ऑपरेशन कर संक्रमण रोकने और सुनने की क्षमता सुधारने की प्रक्रिया समझाई गई। तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस 10 से 12 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें देशभर के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों से ईएनटी विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। दिल्ली से डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. देवेंद्र राम, जयपुर से डॉ. मोहनीश ग्रोवर, दून से डॉ. डीएम काला और ऋषिकेश से डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने भी भागीदारी की। आयोजन सचिव डॉ. अचिन पंत ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य ईएनटी क्षेत्र में नई तकनीकों और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विचार-विमर्श करना है। इस दौरान कई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी, परिवार में कोहराम

**रामनगर :** ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अमीर हुसैन (60) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात वह फौजी कॉलोनी स्थित अपने निर्माणाधीन मकान से घर के लिए निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह घर से कुछ दूरी पर उनका शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई इकबाल ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### सपना महर ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा पास की



**नैनीताल :** डीएसबी परिसर के इतिहास विभाग की छात्रा सपना महर ने यूजीसी नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। सपना महर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्याम सिंह महर, माता कमला महर, बड़े भाई राजेंद्र महर, विभागाध्यक्ष प्रो. संजय घिल्डियाल, शोध निदेशक प्रो. संजय कुमार टम्टा, प्रो. रीतेश साह, प्रो. सावित्री कैरा जंतवाल, प्रो. शिवानी रावत, डॉ. मनोज बाफिला सहित इतिहास विभाग के समस्त प्राध्यापकों को दिया। गौरतलब है कि दिल्ली हाई कोर्ट के निर्णय के बाद यूजीसी नेट की संशोधित उत्तर कुंजी और परिणाम पुनः जारी किए गए थे। पूर्व में कुछ प्रश्नों में त्रुटियों के कारण कई अभ्यर्थियों के परिणाम प्रभावित हुए थे। संशोधित परिणाम में सपना महर ने सफलता प्राप्त की। महाविद्यालय प्रशासन एवं समस्त संकाय सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मजदूर आंदोलन के दमन के विरोध में प्रदर्शन

**रामनगर :** गुड़गांव-मानेसर में वेतन वृद्धि और ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग को लेकर आंदोलनरत मजदूरों पर कथित दमन, लाठीचार्ज एवं मजदूर नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को विभिन्न संगठनों ने तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। यहां तुलसी छिम्वाल, आनंदी, दीपा रावत, गीता देवी, प्रभात ध्यानी व चिंताराम, भुवन चंद्र व उबैदुल हक, रवि कुमार व प्रीति लालमणी रहे।

# नैनीताल बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

## सांसद अजय भट्ट ने बार चैंबर निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. नारायण सिंह जंतवाल एवं डॉ. सरस्वती खेतवाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। इसके बाद जिला जज एवं संरक्षक प्रशांत जोशी ने नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट, सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष कमल चिलवाल, संयुक्त सचिव नीरज गोस्वामी तथा कार्यकारिणी सदस्यों तारा आर्या, सरिता बिष्ट, प्रेमा आर्या, निर्मल कुमार एवं मोहम्मद बिलाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के उपरांत पदाधिकारियों ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।



जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी ने बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारी को दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ।

मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिवक्ताओं को समाज का पथप्रदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी नैनीताल बार के आजीवन सदस्य हैं और इस पर उन्हें गर्व है। अधिवक्ता हितों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए उन्होंने सांसद निधि से चैंबर निर्माण को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाएंगे, जबकि सचिव संजय सुयाल ने बताया कि 100 वर्ष से अधिक पुराने बार भवन के जीर्णोद्धार को प्राथमिकता दी जाएगी तथा तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चैंबर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों, न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के लिए सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीनियर सिविल जज हर्ष यादव सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### भजन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बांधा समां

**नैनीताल:** डीएसबी परिसर के संगीत विभाग में आज विद्यार्थियों के लिए सगुण-निर्गुण भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए भगवान कृष्ण, मीरा, मथुरा-काशी, भोलेनाथ और श्रीराम के सुंदर भजन प्रस्तुत कर मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान दीप से प्रार्थना की गई कि वह सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। दीप प्रज्वलन डॉ. ज्योति जोशी, डॉ. ललित तिवारी और डॉ. रवि जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शुभम पोखरिया, नवल और तनिष्क ने संगीत सहयोग प्रदान किया, जबकि आंचल, अभिषेक, आयुष, दिया, हर्षिता, कविता, मयंक, नवल और रिया ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में आयुष कोटवाल ने प्रथम स्थान, आंचल जोशी ने द्वितीय स्थान और दिया आर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया और उनकी सराहना की गई। इस अवसर पर प्रोफेसर नीरजा टंडन, प्रोफेसर हरिप्रिया पाठक, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. मनोज बिष्ट, डॉ. अलंकार, आनंद रावत, डॉ. लक्ष्मी धस्माना और बबीता लोहनी मौजूद रहे।



अतिक्रमण हटाती जेसीबी और मौके पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

# नगर पालिका ने गैस गोदाम रोड से हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए शुक्रवार को गैस गोदाम रोड और ऊंट पड़ाव क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान सड़क किनारे रखे सामान को हटाया गया और अवैध कब्जों को जब्त किया गया, जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

यह कार्रवाई जिला प्रशासन के निर्देशों पर उन क्षेत्रों में की गई, जहां लंबे समय से सड़क किनारे और सिंचाई नहर के आसपास अवैध रूप से सामान रखकर अतिक्रमण किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान लोग जल्दबाजी में अपना सामान हटाते नजर आए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह अभियान शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है और आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटने से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सांसद भट्ट ने लापरवाह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के दिए निर्देश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल क्लब में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद अजय भट्ट ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

सांसद भट्ट ने पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इनका समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी जाए तथा लोकार्पण और शुभारंभ में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए।



दिशा की बैठक लेते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों की खराब गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए सांसद ने कहा कि मानकों के अनुरूप न बनी सड़कों की जांच कराई जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो।

बैठक में रेल परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर और काशीपुर रेलवे स्टेशनों को 55 करोड़ रुपये की लागत से हाईटेक बनाया जा रहा है। वहीं लालकुआं-सितारगंज रेल लाइन के लिए 1546 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार हो चुकी है। सांसद ने गोलापुल क्षेत्र में भूस्खलन रोकथाम कार्य को मानसून से पहले पूर्ण करने तथा सूर्यानाला पुल निर्माण से जुड़ी वन विभाग की आपत्तियों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए लापरवाह ठेकेदारों पर कार्रवाई और ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए।

### महिला सशक्तिकरण पर विशेष सत्र की तैयारी: भट्ट

**नैनीताल:** महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा कानूनों को लेकर केंद्र सरकार द्वारा तीन दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किए जाने की तैयारी की जा रही है। इस पहल का सांसद अजय भट्ट ने स्वागत किया है। नैनीताल पहुंचे सांसद अजय भट्ट ने कहा कि महिलाओं के उत्थान और उन्हें राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह विशेष सत्र प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि हालांकि सत्र का विस्तृत एजेंडा अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन इसमें महिला आरक्षण सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की संभावना है। सांसद भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को देहरादून दौरे के बाद 17 से 19 अप्रैल तक यह विशेष सत्र आयोजित किया जा सकता है। कहा कि इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। कहा महिलाएं परिवार की प्रमुख संरक्षिका होने के साथ समाज को दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# रातीघाट में शराब की दुकान के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** रातीघाट में प्रस्तावित संचालित शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने धरना स्थल पर पहुंचकर सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। ग्रामीणों को विकास के सपने दिखाकर उन्हें शराब और खनन के सहारे छोड़ दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया। बिष्ट ने कहा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में शराब की दुकान खोलना अनैतिक है, इससे युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि उक्त दुकान को तत्काल बंद किया जाए। विरोध प्रदर्शन में आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य यशपाल आर्या, जया किशोर, संजय सिंह, चंदन सिंह, किशोर सिंह, ब्लॉक प्रमुख अंकित साह, नीमा देवी, हेमा देवी, बिमला देवी, देवकी देवी और शांति तिवारी समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की। ग्रामीणों ने बताया कि एक अप्रैल से लगातार धरना-प्रदर्शन जारी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मातृशक्ति के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा है। वहीं, सांसद द्वारा दुकान हटवाने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन करतीं महिला कांग्रेस की सदस्य।



विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### टेनिस बैडमिंटन में वंश-सार्थक की जोड़ी बनी चैंपियन

**कालाढूंगी :** ऑप्टिमम टेनिस अकादमी, चूनाखान में आयोजित द्विवसीय टेनिस बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के युगल वर्ग में वंश बिष्ट और सार्थक गुलाटी की जोड़ी ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। युगल फाइनल में वंश बिष्ट (दिल्ली) व सार्थक गुलाटी (पंजाब) की जोड़ी ने मोक्षक रेड्डी और चंद्र सिद्धार्थ (तेलंगाना) की जोड़ी को 6-2, 6-4 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी हासिल की। एकल वर्ग में भी वंश बिष्ट (दिल्ली) ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए वंश नांदल (हरियाणा) को 6-0, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि आनंद सिंह दरमवाल (पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष) ने ट्रॉफी, पुरस्कार एवं धनराशि प्रदान की। फाइनल मुकाबले के बाद 80 वर्षीय वरिष्ठ टेनिस खिलाड़ी स्व. घनश्याम साह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत, शंकर दत्त सती, बृज मोहन बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, विक्रमजीत सिंह, डॉ. भगवान तिवारी आदि रहे।

### डॉ. शुभम का आईआईटी भुवनेश्वर में चयन



**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के लिए यह गर्व का क्षण है कि विभाग के शोधार्थी डॉ. शुभम चौधरी का चयन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध परंपरा को नई मजबूती मिली है।डॉ. शुभम चौधरी ने प्रो. संतोष कुमार के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उन्होंने मेघालय के सुङ वैली क्षेत्र में पाए जाने वाले मैफिक एवं अल्ट्रामैफिक शैलों तथा उनसे संबंधित खनिजीकरण पर महत्वपूर्ण अध्ययन किया है। कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान एस. रावत सहित विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. शुभम चौधरी को इस सफलता पर बधाई दी है।

# उत्तराखंड बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा, परीक्षक सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं की लगभग 12 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य सभी 29 केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। 10 अप्रैल को मूल्यांकन की अंतिम तिथि थी।

मूल्यांकन कार्य समयबद्ध रूप से पूरा होने पर परिषद के अधिकारियों ने सभी परीक्षकों एवं स्टाफ को बधाई दी। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर में मूल्यांकन समाप्त होने के बाद परिषद सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले परीक्षकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया। सचिव सिमल्टी ने बताया कि सभी 29 मूल्यांकन केंद्रों से ऑनलाइन डाटा पंचिंग भी पूरी हो चुकी है, जिससे इस बार परीक्षाफल अप्रैल के अंतिम सप्ताह में घोषित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन में लगे नियंत्रक, उप नियंत्रक, प्रधान परीक्षक एवं अन्य स्टाफ के सहयोग से कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन कार्य के लिए काफी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। परिषद अधिकारियों ने बताया कि अब बोर्ड परीक्षाफल की तैयारी शुरू कर दी गई है।



उत्कृष्ट कार्य करने वाले परीक्षकों को सम्मानित करते बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी।

# जेन एआई फॉर एवरीवन पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित



कुलपति प्रो. (डॉ.) अमित आर. भट्ट।

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में टेक टॉक पहल के अंतर्गत जेन एआई फॉर एवरीवन विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। सत्र का संचालन कुलपति प्रो. अमित आर. भट्ट ने संकाय सदस्यों के लिए किया।

उन्होंने जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सरल परिचय देते हुए बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) की कार्यप्रणाली समझाई। बताया कि एआई में हालिया प्रगति का मुख्य कारण कंप्यूटिंग क्षमता में वृद्धि है। सत्र में प्रॉम्प्ट से लेकर टोकनाइजेशन, एम्बेडिंग व आउटपुट निर्माण की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। प्रो. भट्ट ने टोकन सीमा, उत्तर सीमाएं, दक्षता कर और सुरक्षा तंत्र जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की। उन्होंने अटेंशन लेयर की भूमिका स्पष्ट करते हुए बताया कि यह अगले शब्द के चयन में कैसे सहायक होती है। एआई के व्यावहारिक उपयोगों, प्रश्नोत्तरी समस्या-आधारित मूल्यांकन पर प्रकाश डाला। एआई के बावजूद छात्रों के समग्र विकास में शिक्षक की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रहेगी।

# रामनगर में एआरटीओ ने 30 से अधिक वाहनों का किया चालान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** एआरटीओ रिशु तिवारी ने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 30 से अधिक वाहनों का चालान किया। इस दौरान एमपी हिंदू इंटर कॉलेज खेल मैदान रोड, गैस गोदाम रोड, ऊंट पड़ाव रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत सड़क और पटरी किनारे लावारिस व अनियंत्रित रूप से खड़े वाहनों को चिन्हित किया गया तथा वाहन स्वामियों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे सार्वजनिक मार्गों पर वाहन पार्क न करें। एआरटीओ ने बताया कि ऐसे वाहनों की सूची तैयार की जा रही है और संबंधित वाहन मालिकों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों पर यह अभियान आगे भी लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होता है और आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस व अग्निशमन वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। अभियान के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



सड़क किनारे हुए वाहन अतिक्रमण पर कार्रवाई करतीं एआरटीओ रिशु तिवारी।

# लालकुआं से लापता छात्रा दिल्ली से सकुशल बरामद

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** बीते रोज स्कूल से घर लौटते समय लापता हुई कक्षा 10 की छात्रा को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में दिल्ली के पड़पड़गंज थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने क्षेत्र के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर छात्रा की लोकेशन दिल्ली में ट्रेस की गई।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देश पर विशेष टीम को हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी शंकर सिंह नयाल के नेतृत्व में तत्काल दिल्ली रवाना किया गया। टीम ने छात्रा को सुरक्षित बरामद कर चिकित्सकीय परीक्षण, मजिस्ट्रेट बयान तथा अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस अभियान में एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित सैनी, प्रभारी निरीक्षक लालकुआं बृजमोहन राणा, एसओजी इंचार्ज राजेश जोशी, डॉग स्क्वॉड एवं टेक्निकल सेल की टीम ने सहयोग किया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि छात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता थी और पुलिस टीम ने पेशेवर तरीके से काम करते हुए कम समय में सफलता हासिल की।

# सीएम दौरे से बढ़ी उम्मीदें, बस स्टेशन व पार्किंग मुद्दे फिर उठे

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित भीमताल आगमन को लेकर स्थानीय निवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि सीएम के दौरे से भीमताल में रोडवेज बस स्टेशन, फायर स्टेशन समेत अन्य पुरानी समस्याओं और लंबित मांगों का समाधान होगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2019 में प्रस्तावित बहु-स्तरीय पार्किंग का निर्माण, घोषणा और उद्घाटन के बावजूद अब तक शुरू नहीं हो सकी है, जिससे पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। वहीं, जिला विकास प्राधिकरण के नियमों में शिथिलता की उम्मीद भी लोगों को है। भवन निर्माण से जुड़े मानकों में स्थानीय निवासियों को राहत देने की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है, लेकिन इस पर भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसी संबंध में स्थानीय निवासियों का एक शिष्टमंडल जिला मंत्री मनोज भट्ट और पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी से मिला। शिष्टमंडल ने उनसे मुख्यमंत्री तक समस्याएं पहुंचाने का अनुरोध किया। इस पर दोनों नेताओं ने आश्वासन दिया कि जनता की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और समाधान का प्रयास किया जाएगा।



"जिला विकास प्राधिकरण के भवन मानकों में स्थानीय निवासियों को छूट देने की मांग जायज है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। – **मनोज भट्ट**, जिला मंत्री



"नियमों में स्थानीय निवासियों को क्षेत्रफल और शुल्क में छूट देने की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा और इसके लिए अनुरोध किया जाएगा। – **दान सिंह भंडारी**, पूर्व विधायक, भीमताल विधानसभा

## सिटी ब्रीफ

### कर्मियों के समस्याओं के समाधान पर चर्चा

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ की वार्षिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व कुमाऊं मंडल अध्यक्ष सुनील चौधरी ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुनील राजौर ने की। बैठक में संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों ने सफाई कर्मचारियों के हितों, समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों के अधिकारों के संरक्षण पर जोर दिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर गजराज बिष्ट व नगर आयुक्त परितोष वर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष विशाल बिरला, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस लोहनी, वरिष्ठ लेखाधिकारी गणेश भट्ट मौजूद रहे।

### छात्रों ने मेरिट लिस्ट में हासिल किया स्थान

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड संस्कृत बोर्ड परीक्षा में दुर्गा दत्त कपिलाश्रमी संस्कृत विद्यालय के छात्रों ने मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल किया है। इंटरमीडिएट परीक्षा में ऋषभ मिश्रा ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। वहीं, हाईस्कूल में प्रकाश चन्द्र पाठक ने तृतीय और नमन जोशी ने पंचम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंध समिति के उप प्रबंधक गिरीश चन्द्र कांडपाल ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि छात्रों ने इस उपलब्धि से स्कूल का गौरव बढ़ाया है।

### सिंदूजा को फोरेंसिक साइंस में गोल्ड मेडल


सिंदूजा को सम्मानित करते राज्यपाल।

**हल्द्वानी :** पंजाब की जानी-मानी पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में बीते 9 अप्रैल को आयोजित दीक्षांत समारोह में शहर की सिंदूजा गुप्ता को एमएससी फोरेंसिक साइंस में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जगदीप सिंह ने उन्हें गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी उपस्थित रहे। सिंदूजा गुप्ता वर्तमान में आरआईएमटी यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वे शुरू से ही मेधावी रही हैं। उन्होंने फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रिसर्च भी किया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर पिता व्यापारी नेता वीरेंद्र गुप्ता और माता डॉ. मनीषा गुप्ता ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खुशी जताई है।



उत्तराखंड में इन दिनों रामलीला मंचन के माध्यम से भी महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया जा रहा है। इस संदेश को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से गढ़वाल हो या कुमाऊं क्षेत्र, रामलीला में राम से लेकर रावण हर एक किरदार महिलाएं निभा रही हैं। खास बात है कि यह सभी महिलाएं गृहिणी हैं जो सुबह घर का कामकाज निबटाने के बाद दोपहर से शाम तक मंचन करती हैं। यहां तक कि कई मंच पर तो कई महिलाएं पर्दे के पीछे साज-सज्जा व मंचन की अन्य तैयारियों में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

### महिला रामलीला में हनुमान द्वारा संजीवनी लाने के प्रसंग ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

# अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति का मंचन

- पुनर्नवा महिला समिति की ओर से हो रहा है आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच, हीरानगर में आयोजित महिला रामलीला के आठवें दिन भव्य मंचन किया गया। इस अवसर पर हनुमान का लंका गमन, सीता-रावण संवाद, लंका दहन एवं राम सेतु निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपाल पाल, मनोज पाठक, नरेंद्र तोलिया व मदन सिंह बिष्ट सहित संस्था के पदाधिकारियों की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंचन के दौरान 'रघुवर की अंगूठी को लाया हूं मैं' प्रसंग ने विशेष रूप से दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला में सभी पात्रों की भूमिका महिला कलाकारों द्वारा निभाई गई, जो इस आयोजन की विशेषता रही।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों व दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए समिति के इस प्रयास को सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल बताया।


हीरानगर में आयोजित महिला रामलीला मंचन का दृश्य। ● अमृत विचार

# रामड़ी जसुवा का ट्यूबवेल खराब, लोग पानी को तरसे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कठघरिया से लगे रामड़ी जसुवा क्षेत्र में एक बार फिर पेयजल संकट गहरा गया है। यहां दो दिन से ट्यूबवेल खराब पड़ा है, जिसके चलते करीब 5 हजार की आबादी को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब 25 दिन पहले भी इसी नलकूप में तकनीकी खराबी आई थी, जिसे ठीक होने में चार से पांच दिन लग गए थे, लेकिन अब ट्यूबवेल की मोटर खराब हो जाने से स्थिति बिगड़ गई है। गर्मी के मौसम में पानी की बढ़ती आवश्यकता के बीच आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता परेशान हैं। लोगों को निजी टैंकर खरीदकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। कई लोग अन्य ट्यूबवेल से वाहनों में पानी ढो रहे हैं। गर्मी के बीच ट्यूबवेल खराब होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



इस संबंध में जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता एमएस सती ने बताया कि अभियंताओं की हड़ताल के कारण मरम्मत कार्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि नलकूप को ठीक करने का कार्य जारी है और जल्द ही पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# आयुक्त ने स्वगणना के साथ किया जनगणना का शुभारंभ

### 26 अप्रैल तक होगी स्वगणाना, मकानों की गिनती व सूचीकरण होगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने स्व गणना कर कुमाऊं में जनगणना-2027 का शुभारंभ किया। आयुक्त रावत ने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना में इस बार नागरिकों के लिए एक नई और महत्वपूर्ण सुविधा स्व-गणना जोड़ी गई है। जनगणना के इतिहास में पहली बार है जब नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने का विकल्प दिया गया है। यह सुविधा केवल 10 से 24 अप्रैल 2026 तक ही उपलब्ध रहेगी। इस अवधि के बाद 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा। यदि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी देंगे तो पोर्टल पर सावधानीपूर्वक भरेंगे जिससे त्रुटियों की संभावना न्यूनतम होगी। पोर्टल पर पहले से डाटा फीड होने के कारण, जब संगणक अगले फेज में घर आएंगे, तो उन्हें सूचनाएं बनी-बनाई मिलेंगी, जिससे कार्य में सुगमता और गति आएगी।


आयुक्त दीपक रावत स्वगणना करते हुए। ● अमृत विचार

#### ऐसे करें डिजिटल स्वगणना

- सर्वप्रथम जनगणना की अधिकारिक वेबसाइट se.census.gov.in पर जाएं। फिर लॉग इन कर मोबाइल नंबर पर ओटीपी मिलेगा, जिससे लॉग इन करें।
- फिर अपना राज्य, जिला और स्थानीय निकाय का विवरण चुनें।
- डिजिटल मानचित्र पर अपने घर के स्थान को चिह्नित करें। इसमें मकान एवं परिवार से संबंधित मांगी गई सभी आवश्यक जानकारी भरें।
- सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट एसईआईडी प्राप्त होगी।
- इस एसईआईडी को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें। जब प्रगणक घर आएं तो उसे यह एसईआईडी दिखाएं।

> कुमाऊं मंडल एवं जनपद नैनीताल के सभी नागरिकों से अपील है कि राष्ट्र निर्माण में सहयोग दें और अधिक से अधिक संख्या में इस स्व-गणना पोर्टल का उपयोग करें। नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी इसलिए बिना किसी डर के पोर्टल का इस्तेमाल कर सकते हैं। **-दीपक रावत**, आयुक्त कुमाऊं

### सफाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर मेयर को सौंपा मांगपत्र

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मेयर और नगर आयुक्त को मांग पत्र सौंपा है।

संघ ने पत्र के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय से कई मुद्दे लंबित हैं, जिन पर त्वरित कार्यवाही जरूरी है। मांग पत्र में संघ पदाधिकारियों के लिए नगर निगम में एक कक्ष और फर्नीचर उपलब्ध कराने, अस्थायी सफाई कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड की सुविधा देने और साल 2022 की वेतन वृद्धि के लंबित एरियर का भुगतान करने की प्रमुख मांगें शामिल हैं।

इसके अलावा नए वार्डों में पर्यावरण मित्रों की भर्ती, ठेका प्रथा समाप्त कर दैनिक वेतन पर नियुक्ति, कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान और मौसम के अनुसार वर्दी उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों के शीघ्र भुगतान व पुनर्नियुक्ति से संबंधित जानकारी में पारदर्शिता लाने की भी मांग की है।

# सफाई कर्मियों को किया सम्मानित, वर्दियां बांटी


सफाई कार्मिकों को ड्रेस वितरण के दौरान मौजूद मेयर गजराज सिंह बिष्ट व कार्मिक।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम में शुक्रवार को एसबीआई की ओर से सीएसआर के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए 1038 वर्दियों का वितरण किया। साथ ही महिला पर्यावरण मित्रों के लिए निगम की ओर से गठित दूनागिरी स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वर्दी बनाई जा रही है।

एसबीआई की क्षेत्रीय प्रबंधक दिव्या त्रिपाठी ने पर्यावरण मित्रों के काम की तारीफ की। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने एसबीआई को इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने पर्यावरण मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए आगे आने के लिए कहा।

नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों से अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहने की अपील की। इस दौरान एसबीआई से हल्द्वानी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में कूड़ेदान उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया, जिस पर बैंक ने शीघ्र व्यवस्था का आश्वासन दिया। इधर, मेयर ने निगम की नई जेसीबी मशीन का उद्घाटन भी किया। जेसीबी से कूड़ा निस्तारण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राहत मसीह, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष सुनील चौधरी, एसबीआई के मुख्य शाखा प्रतिनिधि अमितांशु उपाध्याय, अनुराग कक्कड़, पार्षद प्रिंस लोहोट, वरिष्ठ लेखाधिकारी गणेश भट्ट, मुख्य सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, सफाई निरीक्षक चतरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### स्वच्छता अभियान के तहत की पार्कों और मूर्तियों की सफाई

**हल्द्वानी :** शहरी विकास मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम ने शुक्रवार को काठगोदाम क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। 7 से 14 अप्रैल तक चल रहे इस अभियान के चौथे दिन शुक्रवार को विभिन्न पार्कों में सफाई की गई।

नगर निगम की टीम ने पंत पार्क, स्वर्गीय खुशी राम पार्क, राय बहादुर मुंशी हरि प्रसाद टम्टा पार्क और वाल्मीकि पार्क में विशेष रूप से सफाई की गई। इस दौरान पार्क परिसर के साथ-साथ स्थापित मूर्तियों को भी साफ किया गया। इस दौरान मूर्तियों का सांस्कृतिक महत्व भी बताया गया।

नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि पालिका के इस विशेष अभियान के तहत जहां साफ-सफाई की जा रही है। वहीं इसके साथ-साथ जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सफाई अभियान के दौरान वरिष्ठ लेखा अधिकारी गणेश भट्ट, मुख्य सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, सफाई निरीक्षक चतर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज नेगी सहित नगर निगम के कर्मचारियों ने भाग लिया।


सफाई अभियान के दौरान इनरव्हील क्लब हल्द्वानी की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब ने चलाया सफाई अभियान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत अभियान के तहत इनर व्हील क्लब हल्द्वानी द्वारा शुक्रवार को शहर में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान क्लब की पदाधिकारियों ने जगह-जगह से कूड़ा एकत्रित किया। इनर व्हील क्लब हल्द्वानी की अध्यक्ष मधुर अग्रवाल ने सभी नगर वासियों से अपने घर के साथ ही घरों के आसपास और क्षेत्र में स्वच्छता रखने का आह्वान किया। कहा कि, यदि हमारे चारों तरफ स्वच्छता होगी तो इससे सकारात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने लोगों से खुले में कूड़ा न डालने और स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर क्लब सचिव निवेदिता पांडे, दीपा तिवारी, नीरजा, कुसुम, सुशीला, राशि कौशल, प्रीति रेनू शारदा, रश्मि, पुष्पा भट्ट मौजूद रहीं।

# भारतीय संस्कृति व आधुनिक शिक्षा के समन्वय के बारे में दी जानकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारतीय शिक्षण मंडल के 57वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मुख्य विषय "भारतीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा का समन्वय" रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एमआईईटी कुमाऊं के प्रबंध निदेशक डॉ. बीएस बिष्ट ने की। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग के राज्य सामग्री प्रमुख भगवान कार्की उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय शिक्षण मंडल उत्तराखंड के प्रांत टोली सदस्य अर्जुन बिष्ट ने भाग लिया।

इस मौके पर एमआईईटी कुमाऊं के कार्यकारी निदेशक डॉ. तरुण सक्सेना और पैरामेडिकल प्राचार्या डॉ. शेफाली कपूर भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में डॉ. तरुण सक्सेना ने भारतीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा के समन्वय की आवश्यकता के बारे में बताया। मुख्य वक्ता भगवान कार्की ने कहा कि शिक्षा केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसमें नैतिक मूल्यों, संस्कारों और सांस्कृतिक चेतना का समावेश जरूरी है।

डॉ. बीएस बिष्ट ने कहा कि वर्तमान समय में ऐसी संतुलित शिक्षा प्रणाली की जरूरत है, जो परंपरागत ज्ञान और आधुनिक विज्ञान दोनों को समान महत्व दे।


एमआईआईटी में शिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रबंध निदेशक बीएस बिष्ट व अन्य।

### साढ़े सात घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी:** ऊर्जा निगम की ओर से जारी रोस्टर के अनुसार शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। जबरानी बांध काठगोदाम नहर के पुनर्निर्माण और पेड़ों की टहनियों की छंटाई के करने के लिए 33 केवी और 11 केवी लाइनों से जुड़े कई फीडरों पर शटडाउन लिया गया।

इस दौरान नवाबी रोड-2, गायत्री नगर और 33/11 केवी उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक बिजली गुल रही। ऊर्जा निगम ने बताया कि पेड़ों की टहनियां बिजली लाइनों के बहुत करीब आ गई थीं, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ था। इसलिए यह काम जरूरी था। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने कहा कि यह काम सुरक्षित और बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। बि


जन समस्याएं सुनते विकास भगत। ● अमृत विचार

### दूरस्थ गांवों में सुविधाएं पहुंचाना सीएम की प्राथमिकता

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने शुक्रवार को कोटाबाग के रतनपुर ग्राम सभा के चंद्रपुर में शिविर लगाकर जन समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से समाधान को लेकर वार्ता की। प्रवक्ता विकास ने कहा की क्षेत्र में सड़क संबंधित समस्याओ का जल्द निराकरण करवाया जाएगा। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकता में जनपद के पर्वतीय व दूरस्थ ब्लॉकों के दूरस्थ गांवों तक बुनियादी जरूरतों को पहुंचाना है। इस अवसर पर जनता ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी, राजू गोस्वामी, बलकार सिंह, सुखविंदर सिंह, विक्रम जंतवाल, कृपाल सिंह, विनोद निगलटिया, अमीर कम्बोज, दीवान बिष्ट आदि रहे।

### वरिष्ठ नागरिक सम्मान व खेल समारोह 18 को

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति की ओर से 18 अप्रैल को आयोजित होने वाले वरिष्ठ नागरिक सम्मान व खेल समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समिति सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार का आयोजन उत्तराखंड में पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें समाज में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे, महामंत्री डीके पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र सिंह निगल्टिया, पीएस जंतवाल, एलएम लोहनी, आनंद भाकुनी रहे।

# धूमधाम से मना समिति के अध्यक्ष का जन्मदिन


अध्यक्ष संजय तिवारी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते समिति पदाधिकारी।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ग्रीन सिटी वितरक कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अपने अध्यक्ष संजय तिवारी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। निज आवास पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष तिवारी ने परिजनों के साथ केक काटा और खुशियों को साझा किया।

यहां समिति के पदाधिकारियों में हरीश जोशी, मनोज डालाकोटी, राकेश दुआ, कैलाश रौतेला, अजय जायसवाल, रमेश तिवारी, मनोज कुड़ाई आदि ने अध्यक्ष संजय तिवारी को शुभकामनाएं दीं।

### साहस होम्यो में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**हल्द्वानी:** होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन की जयंती पर शनिवार, 11 अप्रैल को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा।

शिविर कालाढूंगी रोड स्थित श्री सत्यानारायण मंदिर मार्ग में साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक में आयोजित होगा। होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ. यश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. रक्षित रोशन द्वारा मरीजों के दांतों की जांच व उपचार किया जाएगा। ओम मीनाक्षी हेल्थ केयर के सहयोग से शुगर और रक्तचाप की जांच की जाएगी। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इस दौरान मरीजों को दवाइयों पर विशेष छूट भी दी जाएगी।

# शराब की ओवर रेटिंग पर 3.05 लाख रुपये जुर्माना

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

**अमृत विचार:** जनपद नैनीताल में शराब की ओवर रेटिंग पर जिला प्रशासन ने तीन लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला है। साथ ही हिदायत दी कि भविष्य में ओवर रेटिंग नहीं की जाए।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार बीते शुक्रवार को नैनीताल, कालाढूंगी, हल्द्वानी, रामनगर, भीमताल एवं लालकुआं में प्रशासनिक टीमों ने देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों पर छापेमारी की थी। इस अवसर पर रामनगर में रानीखेत रोड की देसी शराब की दुकान, भवानीगंज, बैलपड़ाव, लालकुआं, हल्द्वानी में कालाढूंगी रोड, मंडी तीनपानी, मुखानी, जवाहर नगर, तिकोनिया आदि में ओवर रेटिंग पकड़ी गई थी। इस पर सभी दुकान संचालकों पर आबकारी अधिनियम की धारा 64/74 के अंतर्गत 3.05 लाख का जुर्माना ठोका गया और उस धन को सरकारी खजाने में जमा कराया गया। प्रशासन ने सख्त हिदायत दी है कि एमआरपी से अधिक दाम नहीं वसूले जाएं। साथ ही जनता से अपील की है कि यदि कहीं ओवररेटिंग अथवा अन्य अनियमितता पाई जाती है, तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएं ताकि समयबद्ध कार्रवाई की जा सके।



# खाद को लेकर सहकारी सदस्यों में आक्रोश

## रुद्रपुर में एडीएम को समिति सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन, पूर्व की भांति खाद वितरण करने की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एक किसान को पांच बैग से अधिक यूरिया, डीएपी और अन्य खाद नहीं दिए जाने के मुख्य कृषि अधिकारी के आदेश से विभिन्न सोसायटी के सदस्यों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर सदस्यों ने एडीएम कौस्तुभ मिश्रा से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही पूर्व की भांति खाद वितरण की मांग उठाई।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे विभिन्न सोसायटी के सदस्यों ने कहा कि जनपद के सभी सहकारी समितियों के किसानों की फसली ऋण व उर्वरक की ऋण सीमा जिला सहकारी बैंक ऊधमसिंह नगर से स्वीकृत है। विगत दिनों मुख्य कृषि अधिकारी ने आदेश जारी किया है एक किसान को पांच बैग से अधिक यूरिया, डीएपी और अन्य खाद नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि एक एकड़ से 10 एकड़ तक के किसान समिति के सदस्य हैं। किसानों के लिए पांच बैग यूरिया पर्याप्त नहीं है। इससे फसल उत्पादन पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश से समिति में खाद की अव्यवस्था हो गयी है और समिति का आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। इस कारण पूर्व की भांति खाद का वितरण किया जाए जो किसान हित में होगा।इस अवसर पर बहुउद्देशीय दक्षिणी सितारगंज किसान सेवा समिति अध्यक्ष सौरभ अरोरा, बहुद्देशीय किसान सहकारी समिति कृष्ण पद मंडल, बगवाड़ा सोसायटी सदस्य जसवीर सिंह, फौजी मटकोटा सोसायटी सदस्य ज्ञान सिंह चौहान, नानकमत्ता सोसायटी सदस्य प्रह्लाद सिंह राणा, बरा सोसायटी सदस्य अमरजीत कौर, नारायण सोसायटी सदस्य नरेंद्र ठुकराल, नानकमत्ता विरिया सोसायटी सदस्य सुखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



एडीएम को ज्ञापन देते विभिन्न सहकारी समितियों के सदस्य। ● अमृत विचार

### सहकारी समितियों में खाद की कमी से किसान परेशान

**शक्तिफार्म :** सहकारी समितियों में खाद वितरण को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में किसानों और समिति पदाधिकारियों की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि जिले की सहकारी समितियों के किसानों को, जिला सहकारी बैंक उधम सिंह नगर से स्वीकृत ऋण के तहत, खाद उपलब्ध कराई जाती है। मुख्य कृषि अधिकारी के पत्र के अनुसार एक किसान को अधिकतम 5 बैग यूरिया देने की सीमा तय की गई है। किसानों का कहना है कि 5 बैग यूरिया उनकी जरूरत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है, खासकर 5 से 10 एकड़ तक खेती करने वाले किसानों के लिए यह मात्रा बेहद कम है। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद की कमी के चलते फसलों की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे उत्पादन में गिरावट आने की आशंका है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि पूर्व की भांति खाद वितरण की व्यवस्था लागू की जाए और किसानों की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में किसान सहकारी समिति शक्तिफार्म अध्यक्ष केपी मंडल, ज्ञान सिंह, जसवीर सिंह, सौरभ अरोरा, प्रहलाद सिंह राणा, अमरजीत कौर, नरेंद्र ठुकराल, सुखविंदर सिंह आदि शामिल थे।

### सहकारी समितियों में खाद वितरण को लेकर किसानों ने जताई नाराजगी

**सितारगंज :** सहकारी समितियों में खाद वितरण को लेकर किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं संचालक मंडल ने एडीएम कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में सुधार कराने की मांग की है। शुक्रवार को किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष सौरभ अरोरा ने बताया कि जिला सहकारी बैंक के माध्यम से किसानों को फसली ऋण और सर्वे कर उर्वरकों की ऋण सीमा तय की जाती है। लेकिन, 31 मार्च को मुख्य कृषि अधिकारी कार्यालय से जारी पत्र में बताया गया कि एक किसान को केवल पांच बैग यूरिया, डीएपी ही उपलब्ध कराई जाएगी इसके अतिरिक्त खाद लेने पर उन्हें अलग से अनुमति लेनी होगी। किसानों का कहना है कि यह मात्रा उनकी जरूरत के लिए पर्याप्त नहीं है। खासकर उन किसानों के लिए जिनके पास पांच से दस एकड़ तक जमीन है। किसानों ने आरोप लगाया कि सीमित खाद वितरण के कारण फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है। जिससे उत्पादन घट सकता है।

## स्टेडियम में चोरी करने वाले दो युवक रंगे हाथ गिरफ्तार

**रुद्रपुर:** स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो युवकों को चोरी कर लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों से पूछताछ के बाद उनको पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो युवक चोरी कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की स्टेडियम में मौजूद कर्मचारी और लोगों के साथ वेलोड्रम के पीछे पहुंच गई। वहां पर चोरी कर रहे दो युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम ट्रांजिट कैंप निवासी उमेश पुत्र धर्मपाल प्रजापति और मुखर्जी नगर जगतपुरा ट्रांजिट कैंप निवासी उत्तम सरकार पुत्र कालीपद बताया।

तलाशी में उनके पास से हजारों रुपये कीमत के चोरी के 30 प्लास्टिक व एल्युमीनियम के बिजली के कटे हुए पाइप, कॉपर तार समेत अन्य सामान बरामद हुए। इसके बाद दोनों को पकड़कर सिडकुल चौकी में ले जाकर पुलिस को सौंपा गया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस दोनों को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही कर रही है।

# रिंग रोड के निर्माण में धांधली पर पलटवार

- पूर्व विधायक के सोशल मीडिया पर हो रहे वायरल वीडियो को महापौर ने बताया प्रोपेगेंडा
- एनएचएआई अधिकारियों के साथ किया रिंग रोड का निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर की लाइफलाइन मानी जा रही रिंग रोड परियोजना को लेकर लगाए जा रहे आरोपों का महापौर विकास शर्मा ने करारा जवाब दिया। महापौर ने रिंग रोड के विवादित हिस्से का स्थलीय निरीक्षण कर विपक्ष द्वारा लगाये जा रहे आरोपों की पोल खोली। पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल द्वारा सोशल मीडिया पर रिंग रोड के निर्माण में धांधली और सड़क टूटने के आरोपों पर पलटवार करते हुए महापौर ने इसे जनता को भ्रमित करने वाला 'प्रोपगेंडा' करार दिया।

शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान महापौर ने एनएचएआई के अधिकारियों और तकनीकी टीम के साथ क्षतिग्रस्त बताए जा रहे हिस्से का परीक्षण किया। मौके पर मौजूद साइड इंजीनियर तुषार गुप्ता ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य अभी अंतिम चरण में है। हालिया वर्षा के कारण सड़क के किनारे की कच्ची मिट्टी का मामूली रिसाव हुआ था, जिसे तकनीकी रूप से सड़क का टूटना नहीं कहा जा सकता। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि मुख्य सड़क के डामरीकरण और बेस स्ट्रक्चर में कोई क्षति नहीं हुई है। सड़क पूरी तरह मानकों और उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार की जा रही है, जिसकी निर्माण संस्था द्वारा 15 वर्षों की लंबी गारंटी दी गई है।

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि शहर में एक 'मदारी' सक्रिय है, जो डमरू बजाकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। महापौर ने कड़े लहजे में कहा रुद्रपुर की जागरूक जनता अब इस मदारी के इशारों पर नाचने वाली नहीं है। झूठे आरोपों की राजनीति का वक्त अब बीत चुका है। जब भी धामी और मोदी सरकार के विकास कार्यों पर कीचड़ उछालने की कोशिश होगी, उसका करारा और ठोककर जवाब दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चरस तस्करी के दोषी को दो साल का कारावास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) ने जसपुर में चरस तस्करी के दोषी को दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार अरोरा ने बताया कि 28 दिसंबर 2015 को पुलिस उपाधीक्षक दीवानी राम आर्या जसपुर थाने में तैनात एसआई योगेश कुमार पुलिस कर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। सूरजपुर नहर की पुलिया के पास एक व्यक्ति पैदल पैदल हाथ में सफेद रंग की पॉलीथिन लेकर जा रहा था। इस दौरान पुलिस वाहन को देखकर वह गेहूं के खेत की ओर भाग या। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा कर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहल्ला नत्था सिंह जसपुर निवासी साबिर अहमद बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 500 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस के उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। विवेचक ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। इस मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) दीपाली शर्मा की अदालत में हुई थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने नौ गवाह और साक्ष्य पेश कर साबिर पर दोष सिद्ध कर दिया। विशेष न्यायाधीश दीपाली शर्मा ने दोषी साबिर को दो वर्ष के कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंउ की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## हाईवे किनारे अचेत मिला बुजुर्ग, मौत

**रुद्रपुर:** नैनीताल हाईवे किनारे एक बुजुर्ग संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत पड़ा मिला। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार की सुबह नैनीताल हाईवे किनारे 31वीं वाहिनी पीएसी परिसर की चारदीवारी के बाहर पेड़ की छांव में एक 65 वर्षीय वृद्ध बेहोश पड़ा था। वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर उस पर पड़ी और वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस वहां पहुंची और वृद्ध को जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक की जेब से दवा का पर्चा और मोबाइल बरामद हुआ। इससे उनकी पहचान खटीमा निवासी 65 वर्षीय बहादुर सिंह कन्याल के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है।

# अव्यवस्था पर महापौर ने गैस एजेंसी को लगाई फटकार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर की गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और उपभोक्ताओं को राहत देने के संकल्प के साथ महापौर विकास शर्मा ने बिलासपुर रोड स्थित बोरा गैस एजेंसी पर पहुंचे। इंडेन गैस एजेंसी में हाल ही में नई व्यवस्था लागू करने के बाद महापौर अब शहर की अन्य एजेंसियों की कार्यप्रणाली को पटरी पर लाने के लिए मैदान में उतर आए हैं। बोरा गैस एजेंसी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया, बल्कि वहां मौजूद उन उपभोक्ताओं का दर्द भी सुना।

शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं ने महापौर के समक्ष शिकायतों को रखा। कई लोगों ने आरोप लगाया कि वे पिछले कई दिनों से सिलेंडर के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन लाइन में लगने के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मौके पर मौजूद अव्यवस्था और लोगों का आक्रोश देख महापौर ने प्रबंधक को फटकार लगाई और मौके पर ही कई जरूरतमंद उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब गोदाम में स्टॉक मौजूद है तो आम जनता को कतारों में खड़ा करना बेहद चिंताजनक और अक्षम्य है।

उन्होंने एजेंसी प्रबंधक को कड़े लहजे में हिदायत दी कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इंडेन गैस एजेंसी की तर्ज पर ही बोरा गैस एजेंसी को भी सभी वार्डों के लिए एक स्पष्ट रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा हर घर तक रसोई गैस पहुंचाने की है न कि लोगों को सड़कों पर कतारबद्ध करने की। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि उन्हें पर्ची लेने या बुकिंग के लिए एजेंसी में आने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से गैस सीधे उनके द्वार तक पहुंचेगी।

महापौर ने एजेंसी संचालक राजीव मेहता से भी बात की और चेतावनी दी है कि यदि अगले एक-दो दिन के भीतर वितरण प्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, हरजीत राठी, छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, आशीष यादव, आकाश यादव, संदीप वाल्मीकि, विजय तोमर, अक्षित छाबड़ा, असलम, पूर्व अध्यक्ष कमल चंद जोशी, बॉबी गुप्ता, गुरजिंदर, ललित दिवाकर समेत कई लोग मौजूद रहे।



एजेंसी कर्मियों को फटकार लगाते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

# शहर को स्वच्छ बनाने की लोगों को दिलाई शपथ

- नगर निगम ने अटरिया मंदिर में चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में शहर में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान के तहत प्राचीन अटरिया मंदिर और मेला परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महापौर ने स्वयं झाड़ू थामकर श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही शहर को स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई।

शुक्रवार को अभियान के दौरान अटरिया मंदिर के मुख्य परिसर के साथ-साथ पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई की गई। इस दौरान महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर और रोग मुक्त बनाना नगर निगम की मुख्य प्राथमिकता है। स्वच्छता का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है। जब नगर का प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होंने कहा कि प्राचीन अटरिया मंदिर जन-जन की आस्था का केंद्र है। जहां लाखों श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचते हैं। ऐसे में इस धार्मिक स्थल की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने विशेषकर मातृशक्ति से अपील की कि वे घरों में गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखें। आह्वान किया कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही रुद्रपुर को उत्तराखंड का नंबर वन शहर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष स्वच्छता रैंकिंग में नगर निगम ने शानदार प्रदर्शन किया था। इस वर्ष भी रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से कूड़ा इधर-उधर न फेंकने और केवल नगर निगम के वाहनों में ही डालने की अपील की। इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, मंदिर की महंत पुष्पा देवी, मंदिर समिति सचिव पंकज गौड़, पार्षद राजेश जग्गा, एमपी मौर्य, बीनू, राधे शर्मा, कुसुम शर्मा, चंदा, राजू नबियाल, मनोज कर्नाटक, सफाई निरीक्षक कुलदीप कुमार, सौरभ गुप्ता, अनुज पाठक, पूर्व पार्षद महेंद्र आर्य, किसान मोर्चा महामंत्री कमल राणा, राकेश गुप्ता, विनोद, उमेद, बंटी आदि उपस्थित रहे।



अटरिया मंदिर में लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाते महापौर विकास शर्मा।

## घायल बुजुर्ग की दस दिन बाद मौत

**सितारगंज :** सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दस दिन बाद मौत हो गई। वहीं, मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव बांसखेड़ा, अमरिया (पीलीभीत) निवासी प्रेम प्रकाश ने बताया कि 28 मार्च को उसके पिता अनोखे लाल, भाई संदीप कुमार के साथ बाइक से मलपुरी सितारगंज की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में लाहोरिया पैलेस के पास पीछे से आई कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। भोजीपुरा अस्पताल में उपचार के दौरान 5 अप्रैल को उसके पिता की मौत हो गई।

# रम्पुरा में निकली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रम्पुरा वार्ड संख्या 23 स्थित कटोरी मंदिर से धूमधाम के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश रखकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

शुक्रवार को पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में समरसता और शांति का संदेश देते हैं। कलश यात्रा और ऐसे अनुष्ठान हमारी संस्कृति की पहचान हैं जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। ठुकराल ने मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान मुख्य रूप से दिनेश कोली, राम सेवक कोली, पूरन लाल पप्पू, सिया राम, धर्मपाल, सुनील चुघ, राजू गुप्ता, आनंद शर्मा, गोविंद, सुरेश, केरू मंडल, शिव कुमार, सुरेश, तुलाराम, मीलाल भगत, ओमप्रकाश, अरुण, दीपक, कल्लू, कांति कोली और महिलाओं में विद्यारानी, पप्पू कोली आदि मौजूद रहे।



कलश यात्रा में शामिल पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल। ● अमृत विचार



बाजपुर में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करतीं पुष्पा आर्य। ● अमृत विचार

### शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ

**बाजपुर :** होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनीमैन की जयंती के अवसर पर स्थानीय ''होमो हीलर क्लीनिक'' में एक भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि और नेता प्रतिपक्ष की धर्मपत्नी पुष्पा आर्य ने फीता काटकर किया। शिविर के दौरान डॉ. आराधना वर्मा ने 100 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं। इस मौके पर पुष्पा आर्य ने होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में यह पद्धति जटिल बीमारियों के उपचार में काफी लाभदायक सिद्ध हो रही है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करने में भूमिका निभाते हैं।

राहत | किसानों ने मंडी परिसर में स्थापित क्रय केंद्रों को ग्रामों में खोलने का किया था अनुरोध, एडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सीएम के निर्देश पर अब मंडी परिसर से गांवों में खोले जाएंगे क्रय केंद्र

खबर का असर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में संभागीय विपणन अधिकारी कुमायूं संभाग हल्द्वानी, मुख्य कृषि अधिकारी, अन्य संबंधितों व जनपद के किसानों के साथ बैठक की गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मंडी से 8 किलोमीटर दूर क्रय केंद्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में खोले जाने की व्यवस्था की जा रही है। यहां बता दें कि विगत दिवस अमृत विचार ने गेहूं खरीद नीति दरकिनार, एक जगह पर खोले सात केंद्र शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।



गेहूं खरीद नीति दरकिनार, एक जगह पर खोले सात केंद्र

खरीद नीति के तहत दो क्रय केंद्रों के बीच आठ किमी की दूरी का है मानक, खरीद नीति को लेकर किसानों में पनप रहा आक्रोश

गेहूं क्रय केंद्रों को मंडी के बजाय गांव में स्थापित किया जाए

क्या बोले किसान

अमृत विचार में छपी खबर। ● फाइल

शुक्रवार को जिला सभागार में बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम के निर्देश पर जनपद की मंडियों में एक अप्रैल को स्थापित किये गये 108 केंद्रों में से खाद्य विभाग के 18 केंद्रों को छोड़कर शेष 90 केंद्र में से जो केंद्र मंडी से 8 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित हैं को 48 घंटे में इन केंद्रों को ग्रामों में स्थापित किये जाने की व्यवस्था की जा रही है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि सचिव द्वारा जारी समय सारिणी के क्रम में गेहूं खरीद सत्र 2026-27 के अंतर्गत जनपद में 108 गेहूं क्रय केंद्र प्रस्तावित किये गये थे। विगत तीन वर्षों से गेहूं खरीद न होने एवं कृषकों को समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके को ध्यान में रखते हुए क्रय केंद्रों को खाद्य विभाग द्वारा ग्रामों के स्थान पर मंडी परिसर में खोलने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जो अनुमोदन किया। इसके बाद जनपद की मंडियों में एक अप्रैल को स्थापित किये गये थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से कुछ किसानों ने मिलकर मंडी परिसर में स्थापित क्रय केंद्रों को ग्रामों में खोलने का अनुरोध किया गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने द्वारा कृषकों के अनुरोध पर इन क्रय केंद्रों को ग्रामों में खोलने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉ.वीके यादव सहित किसान व अधिकारी मौजूद थे।



अधिकारियों और किसानों के साथ बैठक करते एडीएम। ● अमृत विचार

ब्रीफ न्यूज

## उक्रांद सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक हुई

**खटीमा :** उत्तराखंड क्रांतिदल सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव और संगठन की मजबूती पर मंथन किया गया। उक्रांद सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धन बहादुर चंद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव और संगठन की मजबूती के लिए चर्चा की गई। प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया ने चलो गांव की ओर और घर-घर चर्चा, घर-घर पर्चा अभियान के तहत गांवों में प्रचार प्रसार का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के केंद्रीय महामंत्री गोविंद सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री संतोष मेहरोत्रा, जिला करकरी अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रूमाना नकवी बड़वाल, महेश चंद, प्रकाश सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## घर से लापता हुई किशोरी, गुमशुदगी दर्ज

**सितारगंज :** 17 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई। मामले में पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है। गांव सिसौना निवासी माया देवी ने बताया कि 8 अप्रैल को उसकी 17 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई। देर रात तक भी घर न लौटने पर उसकी खोजबीन शुरू की। आसपास और रिश्तेदारों में खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। वहीं, मामले में पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

## पत्रकार पोखरियाल ने निधन पर जताया शोक

**सितारगंज :** वरिष्ठ पत्रकार भास्कर पोखरियाल के निधन पर पत्रकारों ने शोक जताया। शुक्रवार को शोक सभा में पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पत्रकारों ने परिजनों को सीएम सहायता कोष से राहत देने व परिवार में एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। इस मौके पर शंकर दत्त शर्मा, वीरेंद्र तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, अविनाश श्रीवास्तव, जयंत मण्डल, मुकेश कुमार, यामीन अंसारी, राहुल कन्नौजिया, कासिम अंसारी, पूरन डसीला, विकास गुप्ता, नारायण रावत, मनोज राय, कफील अहमद, शानू अंसारी, नवीन भट्ट आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## पालतू कुत्ते ने घर के बाहर खड़े व्यक्ति को काटा

**बाजपुर :** मेहता कॉलोनी में एक पालतू कुत्ते ने घर के बाहर खड़े दीपचंद नामक व्यक्ति को काटकर घायल कर दिया। पीड़ित को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दीपचंद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी अपने कुत्ते को खुला छोड़ देता है, जिससे मोहल्ले में डर का माहौल है। आरोप है कि शिकायत करने पर कुत्ता मालिक ने गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कुत्ता पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कुंभकर्ण की झांकी से दिया संदेश

**बाजपुर :** ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा क्षेत्र में ''व्यसन मुक्त भारत अभियान'' के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संस्था की टीमें गांवों और स्कूलों में पहुंचकर बच्चों व युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दे रही हैं। केंद्र संचालिका बीके ज्योति ने बताया कि अभियान का उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाना है। कार्यक्रमों में वीडियो और कुंभकर्ण की झांकी के माध्यम से नशे के घातक परिणामों को रोचक तरीके से समझाया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को नष्ट कर देता है। इस मौके पर बीके प्रिया, हृदयेश, पंजक तिवारी, राकेश, शिवम, बृजेश, गंगाराम, रीना, गणेण, ज्योति, पुष्पा आदि मौजूद रहे।



एसएसपी को ज्ञापन देते नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल। • अमृत विचार

## पुलिस चौकी में महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की मांग

**शक्तिफार्म :** महिला सुरक्षा को लेकर नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने एसएसपी अजय गणपति को ज्ञापन देकर शक्तिफार्म पुलिस चौकी में महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की मांग की है। ज्ञापन में नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने बताया कि शक्तिफार्म में घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना जैसे मामलों की संख्या लगातार सामने आती रहती है। लेकिन चौकी में महिला पुलिसकर्मी की अनुपस्थिति के कारण, पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज कराने में असहज महसूस करती हैं। सामाजिक दबाव और झिझक के चलते कई मामले सामने नहीं आ पाते। जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी की तैनाती से महिलाओं को सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल मिलेगा। जिससे वह बिना भय अपनी समस्याएं पुलिस के सामने रख सकेंगी। इस दौरान सभासद गोविंद सरकार, विक्रम सिंह भंडारी, गोविंद पोखरिया, देवाशीष पोद्दार, हर्षवर्धन सिंह, सोनू विश्वास आदि उपस्थित रहे।

### रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर के क्रय केंद्रों में नहीं खुला खाता, एक अप्रैल से शुरू हो गई थी तराई में गेहूं की खरीद

# जनपद में नौ दिन में हुई 4299.50 कुंतल गेहूं की खरीद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर जनपद में पिछले नौ दिन में मात्र 4299.50 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है। यह खरीद खटीमा, सितारगंज, काशीपुर और नानकमत्ता के क्रय केंद्रों में हुई है, जबकि रुद्रपुर, गदरपुर और बाजपुर के क्रय केंद्रों में खरीद शून्य हुई है। यह खरीद 57 किसानों से की गयी है।

यहां बता दें कि जनपद में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। इसके लिए जनपद ऊधमसिंह नगर में 108 क्रय केंद्र स्थापित किए गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 18, सहकारिता विभाग के 51, उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 7, एनसीसीएफ के 15 व पीसीयू के 17 तौल कांटे खोले गये हैं। खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले नौ दिन में 3827.50 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है।

यह खरीद खरीद खटीमा, सितारगंज, काशीपुर और नानकमत्ता के क्रय केंद्रों में हुई है, जबकि रुद्रपुर, गदरपुर और बाजपुर के क्रय केंद्रों में खरीद शून्य हुई है। खाद्य विभाग ने यह खरीद 50 किसानों से की है। वहीं यूपीएफ के आंकड़ों को गौर करें तो सहकारिता के क्रय केंद्रों में मात्र 472 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है। सहकारिता विभाग ने यह खरीद सात किसानों से की है।

> एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गयी है। तब से 9 अप्रैल तक तराई के 108 क्रय केंद्रों में 4299 .50 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है। अभी कई क्रय केंद्रों में खरीद शुरू नहीं हुई है। कारण यहां विगत दिनों हुई बारिश के कारण किसानों ने गेहूं की कटाई नहीं की है। उम्मीद है कि जल्द ही क्रय केंद्रों में गेहूं की खरीद बढ़ेगी।
> –**अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

### नानकमत्ता मंडी में गेहूं की तौल जारी, 493 कुंतल गेहूं तौला गया

**नानकमत्ता :** नानकमत्ता मंडी समिति में गेहूं की तौल सकुशल चल रही है। वरिष्ठ विपणन अधिकारी जगदीश कलौनी ने बताया कि अभी तक कुल 493 कुंतल गेहूं तौल की जा चुका है और लगभग 150 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। मंडी में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के दो क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, गेहूं का निर्धारित समर्थन मूल्य 2585 रुपये पर की जा रही है। किसानों के लिए फसल को बारिश से सुरक्षित करने, पीने के पानी की व्यवस्था और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की गई है। हालांकि, कुछ किसानों को रजिस्ट्रेशन में दिक्कत आ रही है, जिसे विभाग मोबाइल से पोर्टल संचालन की समस्या बता रहा है।



नानकमत्ता में गेहूं तुलवाते किसान। • अमृत विचार

# हादसे के बाद साक्ष्य मिटाने को नाले में फेंका शव

### मानवता शर्मसार! हाईवे किनारे दबा हुआ एक कटा हाथ बरामद हुआ, ईंटरार्क कंपनी में फिटर था युवक

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** किच्छा में एक ऐसी खौफनाक घटना सामने आई है, जिसने इंसानियत को पूरी तरह शर्मसार कर दिया है। एक सड़क दुर्घटना में ईंटरार्क कंपनी के कर्मचारी की मौत के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक ने कानून के शिकंजे से बचने के लिए क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को घटनास्थल से उठाकर करीब एक किलोमीटर दूर नाले में फेंक दिया गया। पुलिस को पहले हाईवे किनारे दबा हुआ एक कटा हाथ बरामद हुआ, जिसके बाद इस सनसनीखेज मामले की परतें खुलती चली गईं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह रुद्रपुर मार्ग स्थित ईंटरार्क कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी कि उनके यहां फिटर पद पर कार्यरत रामवीर सिंह (42 वर्ष), निवासी बिजनौर (उत्तर प्रदेश), 8 अप्रैल की रात से लापता हैं। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हाईवे किनारे मिट्टी में एक कटा हुआ इंसानी हाथ दिखाई दे रहा है।

सूचना पर सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी और कोतवाल प्रकाश सिंह दानू के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से घटनास्थल के बड़े हिस्से की खुदाई कराई, लेकिन केवल कटा हुआ हाथ ही हाथ लगा। करीब पांच घंटे की सघन तलाशी के बाद, पुलिस ने घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर पनचक्की फॉर्म के पास एक नाले से रामवीर सिंह का शव बरामद किया। शव का दाहिना हाथ शरीर से अलग था।



किच्छा में जेसीबी से खुदाई कराती पुलिस टीम। • अमृत विचार

### सवालों के घेरे में इंसानियत

इस घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या टक्कर के बाद रामवीर जीवित थे? यदि उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया जाता, तो क्या उनकी जान बचाई जा सकती थी? क्या साक्ष्य मिटाने के फेर में एक घायल व्यक्ति को तड़पते हुए मरने के लिए नाले में फेंक दिया गया? यह सब अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात ट्रैक्टर चालकों, जेसीबी और हाइड्रा चालक की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। इस जघन्य कृत्य से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है।

### सीसीटीवी फुटेज ने खोली पोल

परिजनों ने बताया कि 8 अप्रैल की रात 10 :30 बजे ड्यूटी समाप्त होने के बाद से रामवीर का मोबाइल बंद था। कंपनी के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो पूरी साजिश बेनकाब हो गई। फुटेज में दिखा कि उस रात भूसे से लदे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आपस में टक्कर हुई थी। इस दौरान एक ट्रॉली का हुक टूटने से वह खेत में जा घुसी, जिसकी चपेट में पैदल जा रहे रामवीर सिंह आ गए। हैरानी की बात यह रही कि ट्रैक्टर चालक ने रामवीर को अस्पताल ले जाने के बजाय मौके पर जेसीबी और हाइड्रा मशीन बुलवाई। माना जा रहा है कि ट्रॉली को खेत से बाहर निकालने के प्रयास में जेसीबी के पंजे से रामवीर का हाथ कट गया। इसके बाद आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के लिए शव को उठाकर नाले में फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। अधिक अंधेरा होने तथा देर रात्रि होने के कारण सीसीटीवी फुटेज में अधिक जानकारी नहीं मिल पाई। लेकिन यह साफ हो गया कि संदिग्ध परिस्थितियों में रामवीर सिंह गायब हुआ है।

# नवीन समय-सारिणी से शिक्षकों में रोषः राय

संवाददाता, दिनेशपुर



विवेक कुमार।



मनोज राय।

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार द्वारा समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों के लिए जारी की गई नवीन समय-सारिणी को लेकर जिले एवं ब्लॉक गदरपुर के शिक्षकों में गहरा रोष व्याप्त है। शिक्षकों ने इस नई समय-सारिणी का पुरजोर विरोध दर्ज किया।

शुक्रवार को राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री विवेक कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा जारी उक्त आदेश में निर्धारित समय-सारिणी व्यवहारिक दृष्टि से अनेक कठिनाइयां उत्पन्न करती है। इससे विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव पड़ने की संभावना है। जबकि जनपद की भौगोलिक एवं मौसमी परिस्थितियों का समुचित ध्यान नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी इस निर्णय का पुरजोर विरोध करती है। विद्यार्थियों के हित में समय-सारिणी में अतिशीघ्र संशोधन कर एक व्यवहारिक एवं संतुलित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। राजकीय शिक्षक संघ गदरपुर ब्लॉक के ब्लॉक मंत्री मनोज राय उर्फ़ मुन्ना ने कहा कि तराई क्षेत्र में ग्रीष्मकाल के दौरान अत्यधिक गर्मी तथा शीतकाल में अत्यधिक ठंड के साथ घना कोहरा छाया रहता है। ऐसी परिस्थितियों में नवीन समय- सारिणी बनाते समय ज़मीनी परिस्थितियों का समुचितु आकलन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा राजकीय शिक्षक संघ की कार्यकारिणी एवं ब्लॉक कार्यकारिणी गदरपुर ने इस निर्णय का पुरजोर विरोध करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊधमसिंह नगर को विरोध पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने कहा शिक्षक एवं विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखकर आवश्यक संशोधन हेतु प्रभावी पहल की मांग की है, जिससे एक व्यावहारिक एवं संतुलित समय-सारिणी सुनिश्चित करने की मांग की गई है। इस मौके पर देवकी नंदन भट्ट, शांतनु त्यागी, विक्रम भट्ट, राजकुमार अरोरा, जयंत शाह, आनंद कुमार राय, इंद्रजीत तिवारी, हरीश राणा, देवेंद्र पाल सिंह, मनोज पांडे आदि सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

# जनगणना अभियान की शुरुआत

- महापौर दीपक बाली ने टांडा उज्जैन से किया शुभारंभ

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार को महापौर दीपक बाली ने अपने पुराने निवास स्थान मोहल्ला टांडा उज्जैन से अपना जनगणना रजिस्ट्रेशन कराकर देशव्यापी जनगणना कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनगणना कार्य को राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की।

महापौर दीपक बाली ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित यह जनगणना अभियान देश की सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या संबंधी वास्तविक स्थिति का आंकलन करने में अहम भूमिका निभाएगा। इसके आधार पर ही भविष्य की योजनाएं और नीतियां तय की जाती हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किया जाए, ताकि सही आंकड़े सामने आ सकें। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे जनगणना कर्मियों को सही और पूर्ण जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनें।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। जनगणना अभियान के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में इसकी औपचारिक शुरुआत हो गई है।



काशीपुर में जनगणना रजिस्ट्रेशन कराते मेयर दीपक बाली व निगम अधिकारी।

## गर्भ में बच्चे को लेकर दी जानकारी

**किच्छाः** मुख्य चिकित्सा अधिकारी उधम सिंह नगर के दिशा निर्देशन में नगर स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में "नेशनल सेफ मदरहुड डे" का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्करों के अलावा सूरजमल कन्या महाविद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ कनक बनोथा द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं तथा गर्भवती महिलाओं की जांच सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर डॉ. जीबी पंगरिया, रुद्र प्रताप सिंह, भोपाल शाह, रीता यादव, तृप्ति बोरा, विमला देवी आदि मौजूद रहे।

# थारू कॉलेज के छात्र बने क्लाइमेट एंबेसडर

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** थारू राजकीय इंटर कॉलेज में ''प्लांट-फॉर-द-प्लेनेट'' अकादमी द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को जलवायु परिवर्तन और जलवायु न्याय के प्रति जागरूक कर उन्हें ''युवा जलवायु न्याय एंबेसडर'' के रूप में तैयार करना था, जिसमें 75 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का आगाज़ ''नेट गेम'' गतिविधि से हुआ, जिसके माध्यम से छात्रों को सामूहिक प्रयासों की शक्ति समझाई गई। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण 'प्लान(ट) गेम' रहा। इसमें छात्रों ने राजनेता, उद्योगपति और आम नागरिक जैसी भूमिकाएं निभाकर पर्यावरणीय समस्याओं पर चर्चा की और सर्वसम्मति से संरक्षण की नीति तैयार की। प्रस्तुति के बाद विद्यालय परिसर में पांच पौधे लगाए गए। अकादमी द्वारा शानदार प्रदर्शन करने वाले 13 छात्रों का चयन मासिक मेंटरशिप के लिए किया गया है। ये चयनित छात्र अब विभिन्न सूक्ष्म परियोजनाओं (माइक्रो प्रोजेक्ट्स) पर काम करेंगे, जिसके लिए उन्हें आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों की प्रतिभा निखरती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर आशा, धर्मेंद्र, आयुष और नरेंद्र सिंह रौतेला का विशेष सहयोग रहा।



थारू राजकीय इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में शिरकत करते विद्यार्थी। • अमृत विचार



समर लाइफ स्टाइल एवं फैशन एग्जीबिशन का शुभारंभ करतीं पुष्पा आर्य।

## समर लाइफ स्टाइल व फैशन एग्जीबिशन का शुभारंभ

**बाजपुर :** रामराज रोड स्थित होटल सनशाइन में ''संगिनी इवेंट्स'' द्वारा आयोजित समर लाइफ स्टाइल एवं फैशन एग्जीबिशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुष्पा आर्य, ब्लॉक प्रमुख सुखमन कौर और रंजीत कौर ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने इस पहल को सराहा और कहा कि इससे महिलाओं को नवीनतम फैशन की जानकारी मिलती है। आयोजक अपूर्वा व कृतिका गर्ग ने बताया कि यह उनका तीसरा आयोजन है, जिसमें विभिन्न शहरों से आए विक्रेताओं ने डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी और होम डेकोर के स्टाल लगाए हैं। पहले दिन प्रदर्शनी में महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर शशि गर्ग, नजमा शेख, पूजा जिंदल, ममता जैन, गीता खत्री, बबली जोशी, मनीषा सब्बरवाल, नेहा सब्बरवाल, मोना कोछड़, श्वेता गोयल आदि मौजूद रहे।

आस्था

### गुरुद्वारा माता साहिब कौर में 13 व 14 को सजेगा धार्मिक दीवान

# दिनेशपुर में विशाल नगर कीर्तन आज

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा माता साहिब कौर में 13 और 14 अप्रैल को दो दिवसीय धार्मिक दीवान सजेगा। खालसा पंथ के जन्मोत्सव व बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में 11 अप्रैल को विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा। जत्थेदार व संगत ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

शुक्रवार को गुरुद्वारा माता साहिब कौर के जत्थेदार बाबा गुरदेव सिंह ने बताया कि दिल्ली के कारसेवक प्रमुख जत्थेदार बाबा बचत सिंह की अगवाई में 11 अप्रैल को विशाल नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह सभा अर्जुनपुर से शुरू होकर नेतानगर, दुर्गापुर होते देर शाम नगर में पहुंचेगी। इस दौरान संगत गुरु की वाणी का गुणगान करते हुए नगर कीर्तन का विधिवत समापन गुरुद्वारा माता साहिब कौर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 व14 अप्रैल को गुरुद्वारा माता साहिब कौर में दो दिवसीय धार्मिक दीवान सजेगा। देशभर से आए रागी जत्था, कविश्नर जत्था व ढांढी जत्था गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। 14 अप्रैल को अमृत संचार किया जाएगा। तत्पश्चात चल रही पाठ की लड़ियों का भोग पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खालसा पंथ के जन्मोत्सव व बैसाखी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान अटूट लंगर बरता जाएगा।



दिनेशपुर में सजा गुरुद्वारा माता साहिब कौर। • अमृत विचार

## परिजनों को सौंपा सात लाख का चेक

**खटीमाः** 10 दिन पूर्व सुरई रेंज में जानवर चराने जा रही वृद्धा को बाघ ने अपना शिकार बना लिया था। तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगरी में मृतका के पुत्र को शासन की ओर से मिलने वाली 10 लाख की राहत राशि के शेष राशि सात लाख का चेक सौंपा। एक अप्रैल को सरपुड़ा निवासी पाकुली देवी (62) पत्नी दुर्गा सिंह अन्य चरवाहों के साथ जानवर चराने जा रही थी कि बाघ ने हमला कर उसे मार डाला था। वन विभाग द्वारा पीड़ित परिवार को तीन लाख की राशि तत्काल मुहैया कराई थी। पीड़िता को शासनादेश के तहत मिलने वाली 10 लाख की सहायता राशि के शेष सात लाख का चेक प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगरी ने मृतका के घर पहुंचकर उनके पुत्र चंद्र सिंह को सौंपा।



खटीमा में वार्ड में चल रहे विकास कार्य का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष जोशी।

## पालिकाध्यक्ष ने निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया

**खटीमा :** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 17 में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया और व्यापक जनसंपर्क किया। वार्डवासियों ने वार्ड से जुड़ी विभिन्न समस्याएं भी रखते हुए समाधान के लिए कहा। भ्रमण के क्रम में वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि समस्त वार्डों के समग्र विकास, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं की सुदृढ़ता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर गोविंद भट्ट, मोहन बोरा, लता जोशी, रजनी खोलिया आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### पिता ने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई

**काशीपुर :** ग्राम बांसखेड़ा खुर्द निवासी राजेंद्र कुमार ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि बीती 8 अप्रैल की शाम लगभग साढ़े छह बजे उसने अपने बेटे शौर्य को किसी बात को लेकर डांट दिया था।जिसके बाद नाराज होकर वह घर से कहीं चला गया, जो अब तक वापस नहीं लौटा। तमाम रिश्तेदारी व संभावित स्थानों पर तलाश लिया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### आंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया

**काशीपुर :** आदर्श जाटव कल्याण समिति की ओर से शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 14 अप्रैल को दढ़ियाल रोड स्थित अंबेडकर भवन में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने पर सहमति बनी। वक्ताओं ने कहा कि सबसे पहले बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद उनके जीवन पर प्रकाश डालकर बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया जाएगा। बीच-बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। इस मौके पर समिति अध्यक्ष धन सिंह, कृपाल सिंह, सुभाष चंद्र, जगपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### पिंटू कुमार लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष बने

**जसपुर :** लेखपाल संघ की जिला कार्यकारिणी के चुनाव में पिंटू कुमार को जिलाध्यक्ष चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार, राजीव कुमार के नेतृत्व में लेखपाल संघ की जिला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से पिंटू कुमार को जिलाध्यक्ष चुना गया। जबकि इंदू भट्ट जिला महामंत्री, धीरेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मीनाक्षी गोस्वामी उपाध्यक्ष, हेमा यादव संगठन मंत्री, रोहित शर्मा कोषाध्यक्ष, अंकित सक्सेना ऑडिटर चुने गए। लेखपालों ने जीते पदाधिकारियों को बधाई दी।

### शिक्षकों ने शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**काशीपुर :** राजकीय शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने शुक्रवार को खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय के कर्मचारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि शासन की ओर से विद्यालयों में नवीन समयसारिणी लागू की गई है। जो उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए सही नहीं है। छात्र-छात्राओं के हित में भी उचित नहीं है। ऊधमसिंह नगर पूरा मैदानी क्षेत्र है। ग्रीष्मकालीन दिवस में देर तक विद्यालय संचालन व शीतकालीन दिवस में जल्दी विद्यालय संचालन छात्रहित में सही नहीं है। उन्होंने विद्यालयों में पूर्व से लागू समय सारिणी लागू करने की मांग की है। इससे पूर्व उन्होंने कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर संघ ब्लॉक अध्यक्ष हेमेंद्र पाल सिंह, ब्लॉक मंत्री अंजना राज, रईस अहमद अंसारी, मदन पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### जसपुर में सात दिवसीय भागवत कथा आज से

जसपुर : सात दिवसीय श्रीमद भाग वत कथा आज 11 से 17 अप्रैल तक कोतवाली के सामने धर्मशाला में आयोजित होगी। कथा से पहले नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा आयोजकों ने बताया कि शनिवार की सुबह नौ बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर बाद तीन बजे से छह बजे तक कथा होगी। 17 अप्रैल को कथा के समापन के बाद शाम को फूलों की होली खेली जायेगी। अगले दिन हवन पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### 60 हजार की रंगदारी मांगने का आरोप

**बाजपुर :** मुरादाबाद निवासी एक ट्रक चालक विशाल कुमार ने पेपर मिल के बिचौलिए पर ट्रक बंधक बनाने और 60 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित ने बताया कि 3 अप्रैल को बाजपुर दोराहा स्थित पेपर मिल में गत्ता खाली करने के बाद, ब्रोकर ने गत्ता गीला होने का बहाना बनाकर उसका वाहन रोक लिया। आरोप है कि आरोपी वाहन छोड़ने के बदले रुपयों की मांग कर रहा है और न देने पर मारपीट व वाहन बेचने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### निकाह कर प्रेमी जोड़ा पहुंचा कोतवाली

**बाजपुर :** बरहैनी क्षेत्र के एक युवक-युवती ने आपसी सहमति से निकाह करने के बाद पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। शुक्रवार को 19 वर्षीय युवती और 20 वर्षीय युवक ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को अपने निकाह की जानकारी दी और साथ रहने की इच्छा जताई। नवविवाहित जोड़े ने पुलिस को बताया कि उन्हें लड़की पक्ष के परिजनों से खतरा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके जिम्मेदार लड़की के परिजन होंगे।

# थम नहीं रहा डिप्लोमा इंजीनियरों का गुस्सा

## मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, पूर्व की भांति स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग

संवाददाता, काशीपुर/खटीमा

**अमृत विचार:** 27 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को 20वें दिन भी जारी रही।

अभियंताओं ने सिंचाई खंड कार्यालय पर धरना देते हुए नारेबाजी की। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की प्रमुख मांगों में पात्रता के अनुसार वेतन विसंगति दूर करना और तीन पदोन्नति प्रदान करना शामिल है। अभियंताओं को दो करोड़ रुपये तक सामूहिक दुर्घटना बीमा का लाभ देने और पूर्व की भांति स्थानांतरण नीति लागू करने की भी मांग की जा रही है। इस मौके पर शाखा सचिव हिमांशु पंत, केशव सिंह, गौरव पाठक, मनमोहन सिंह ऐरी, ज्योति रावत, राजेश भट्ट, राजन पंत आदि मौजूद रहे।

उधर खटीमा में डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को 20 वें दिन जारी रही।

डिप्लोमा इंजीनियर अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर लोनिवि के विश्राम गृह में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। हड़ताली डिप्लोमा इंजीनियरों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मांगों का अविलंब समाधान करने की मांग की। वक्ताओं ने वेतन विसंगतियां, न्यूनतम तीन प्रोन्नति देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने सहित सभी मांगों के पूरी न होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। हड़ताल पर बैठने वालों में आनंद बल्लभ जोशी, कमल किशोर जोशी, पीयूष कुमार, प्रेम प्रकाश तिवारी, जीसी लोहनी, भूपेंद्र खर्कवाल, कुंदन सिंह, आदर्श, संजय, शैलेश पांडे, सुभाष आर्य, कल्पना उपाध्याय, विनोद कुमार, यशपाल सिंह, अनिल महर, कमल राय, चंदन जोशी, दीप चंद्र पंत, आशा मेहरा, संजीव एन गोस्वामी, हेमंत गंगवार, शिवानी राणा, रीमा सिंह आदि इंजीनियर सम्मिलित रहे।


काशीपुर में धरनास्थल पर मौजूद डिप्लोमा इंजीनियर संघ के कार्यकर्ता।



खटीमा में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे डिप्लोमा इंजीनियर्स।


सिंचाई विभाग परिसर में धरने पर बैठे डिप्लोमा इंजीनियर। ● अमृत विचार

### डिप्लोमा इंजीनियरों ने सिंचाई खंड रुद्रपुर परिसर में धरना दिया, उग्र आंदोलन की धमकी

**रुद्रपुर :** 27 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इसके लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों ने सिंचाई खंड रुद्रपुर परिसर में धरना दिया और प्रदर्शन किया। इस दौरान डिप्लोमा इंजीनियरों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों का निस्तारण नहीं होता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शुक्रवार को धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के द्वारा दिए गये निर्देशों के क्रम में जनपद स्तर पर एसआईआर, जनगणना एवं अन्य किसी भी प्रशासन स्तर से लगायी जाने वाली ड्यूटी और प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हड़ताल को तोड़ने के लिए उच्चाधिकारियों के ओर से दमनकारी नीति अपनाते हुए सदस्यों के नाम हड़ताल से वापस लौटने के लिए पत्र निर्गत किये जा रहे हैं। इसकी सभी ने निंदा की है। इस अवसर पर हरीश चंद्र जोशी, हरपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेश डंगवाल, सचिव दीपक मटियाली, उपाध्यक्ष ललित शर्मा, योगेश ततराड़ी, विनोद सनवाल, बीसी जोशी, एससी भट्ट, आरएस मेहरा, हरीश बसेड़ा, गौरव मेहरा, ओमबीर सिंह, इंद्र सिंह चिलवाल, प्रताप सिंह, नेहा शाही, तनुजा मेहता आदि उपस्थित रहे।

# प्राचीन कुआं व धर्मशाला के जीर्णोद्धार की मांग


काशीपुर में मेयर दीपक बाली को ज्ञापन सौंपते वार्ड के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

- महापौर को सौंपा ज्ञापन, धर्मशाला अब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, कुएं का पानी भी दूषित

**अमृत विचार:** प्राचीन कुआं और धर्मशाला का जीर्णोद्धार कराने को लेकर दर्जनों लोगों ने ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को मोहल्ला कटोराताल वासियों ने मेयर दीपक बाली को ज्ञापन सौंपकर बताया कि छावनी मोड़ के समीप पठानों वाली गली के बराबर गली में एक प्राचीन कुआं है जहां हिंदू धोबी समाज की धर्मशाला भी थी, जिसमें हिंदू धोबी समाज के लोग कई सामाजिक कार्य करते थे लेकिन यह धर्मशाला अब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। बताया कि कुएं का पानी भी सफाई के अभाव से दूषित हो गया है।

मोहल्लेवासियों ने महापौर से उक्त प्राचीन कुआं व धर्मशाला का जीर्णोद्धार कर यहां बैठने आदि की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है जिससे हिंदू धोबी समाज के लोग पुनः समाज के कार्य सुचारू रूप से संचालित कर सके। महापौर ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि वह जल्द ही इस कार्य को समाजहित में करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में नरायनदास, सुरेश कुमार दिवाकर, रोहित दिवाकर, रामगोपाल, कमल, संजय, पुनीत, सूंज, अमन, राजेश कुमार, राजीव कुमार, कैलाश कुमार, जलील खां, भुकनलाल दिवाकर, मुख्तर खान, युनूस खान, जुगनू खान, वेदप्रकाश दिवाकर, दयाराम, राजेश कुमार, रामगोपाल आदि शामिल रहे।

# चचेरे भाई पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** आईटीआई कोतवाली पुलिस ने कोसी नदी क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर में हुई फायरिंग के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 32 बोर की देशी पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, बीती रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अजीतपुर में दो चचेरे भाइयों के बीच खेत की डोल (मेड़) को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर माधव क्रशर के पास तालाब के समीप से परविंदर सिंह उर्फ पिंकी को दबोच लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी परविंदर ने स्वीकार किया कि उसने अपने भाई को डराने के उद्देश्य से फायरिंग की थी। उसने बताया कि बरामद पिस्टल करीब 7-8 साल पहले कपिल नामक व्यक्ति से खरीदी थी, जिसकी अब मृत्यु हो चुकी है। आईटीआई कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने इस अवैध हथियार का उपयोग पहले भी किसी अन्य घटना में तो नहीं किया था।

### 22 पोलों से गायब की एचटी केबल

**काशीपुर:** अलग-अलग क्षेत्रों में चोरों ने 22 पोलों से भारी मात्रा में एचटी केबल चोरी कर ऊर्जा निगम को लाखों का नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने अवर अभियंताओं की तहरीर पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना महादेव नगर की है, जहां चोरों ने आठ पोलों के बीच से करीब 10 से 15 क्विंटल केबल पार कर दी। अवर अभियंता अकरम के अनुसार, यह लाइन चार साल पहले बिछी थी और वर्तमान में इसमें सप्लाई नहीं थी। वहीं, दूसरी घटना कुंडा थाना क्षेत्र की है, जहां सरवरखेड़ा उप संस्थान के अंतर्गत गंगापुर रोड, मुरादाबाद रोड और कात्यानी रोड पर चोरों ने दीनदयाल योजना की लाइनों को निशाना बनाया। यहां चोरों ने 14 पोल क्षतिग्रस्त कर करीब एक किलोमीटर लंबी केबल चोरी कर ली।

# ट्रेनी सफाई निरीक्षकों ने लिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

- प्रशिक्षुओं ने मुख्य अतिथि गृह में शहरी विकास मंत्री रामसिंह कैड़ा से शिष्टाचार भेंट की

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम काशीपुर में कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट के कुशल निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम के ढांचे और कार्यप्रणाली को समझने के लिए नवनियुक्त 05 ट्रेनी सफाई निरीक्षकों ने नगर क्षेत्र का भ्रमण कर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल साह एवं सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट की देखरेख में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के प्रथम चरण में सभी प्रशिक्षुओं ने नगर आयुक्त से भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर निगम की प्रशासनिक संरचना, अधिकारियों के उत्तरदायित्व और निकाय की कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट के नेतृत्व में प्रशिक्षुओं ने पूरे निकाय क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने धरातल पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और डोर-टू-डोर कूड़ा उठान तथा कूड़ा निस्तारण की तकनीकी व व्यावहारिक प्रक्रियाओं को बारीकी से समझा।

व्यावहारिक ज्ञान के विस्तार हेतु प्रशिक्षुओं ने मंडी समिति का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मंडी समिति के सचिव से भेंट कर मंडी परिसर में स्वच्छता प्रबंधन और अपशिष्ट प्रबंधन के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

प्रशिक्षण के अंतिम चरण में सभी प्रशिक्षुओं ने मुख्य अतिथि गृह में शहरी विकास मंत्री रामसिंह कैड़ा से शिष्टाचार भेंट की। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त सफाई निरीक्षकों को किताबी ज्ञान से इतर धरातलीय चुनौतियों और नगर की स्वच्छता व्यवस्था के संचालन से अवगत कराना है, ताकि वे भविष्य में काशीपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें।


काशीपुर में शहरी विकास मंत्री रामसिंह कैड़ा से शिष्टाचार भेंट करते ट्रेनी व अन्य।

# रेल सुविधाओं की अनदेखी पर प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महानगर कांग्रेस कमेटी ने क्षेत्र में रेल सुविधाओं की बदहाली और केंद्र सरकार की बेरुखी के खिलाफ शुक्रवार को काशीपुर रेलवे स्टेशन पर जोरदार प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन स्टेशन मास्टर रवि शंकर को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि काशीपुर कुमाऊं का मुख्य प्रवेश द्वार होने के बावजूद रेल मंत्रालय इसकी लगातार अनदेखी कर रहा है। प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड के सभी सांसद भाजपा के होने के बाद भी सुविधाओं में बढ़ोतरी के बजाय पूर्व में चल रही ट्रेनों में भी कटौती की जा रही है, जो स्थानीय जनता के साथ अन्याय है।

कांग्रेस ने काशीपुर से दिल्ली, लखनऊ, चंडीगढ़ (वंदे भारत) और पंजाब के लिए नई ट्रेनें चलाने, काशीपुर-धामपुर रेल लाइन का कार्य शुरू करने, बुजुर्गों के लिए एस्केलेटर लगवाने और बंद पड़ी ट्रेनों को पुनः संचालित करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर अक्षित मिड्ढा, जितेन्द्र सरस्वती, महेंद्र वेदी, मंसूर अली मंसूरी, महेन्द्र लोहिया, जफर मुन्ना, सारिम सैफी, इकबाल अदीब, मनोज अग्रवाल, राकेश भगत, तौकीर अंसारी, अब्दुल कादिर, फैजान अंसारी, इलियास माहीगीर आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### ब्लेड से हमला करने वाला किया गिरफ्तार

**जसपुरः** दुकान पर शराब पीने से मना करने पर एक युवक ने नाबालिग पर धारदार ब्लेड से हमला कर दिया। हमले में नाबालिग गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। सुभाष चौक के पास एक कंफेक्शनरी दुकानदार ने ग्राम हमीरवाला निवासी गौरव कुमार से शराब पीने को मना कर दिया। इससे गुस्साए आरोपी गौरव ने दुकानदार के नाबालिग भतीजे पर धारदार ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में नाबालिग के पेट, कमर एवं जांघ पर गहरे घाव हो गए। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले में दुकानदार ने कोतवाली में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

# टूटी रिटेनिंग वॉल से हादसे का खतरा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर की बहला नदी और महादेव नहर पर टूटी पड़ी रिटेनिंग वॉल राहगीरों के लिए काल का ग्रास साबित हो सकती है। काशीपुर से कुंडेश्वरी मार्ग पर स्थित इन नहरों की पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त हैं, लेकिन प्रशासन किसी बड़े हादसे के इंतजार में हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

कुछ समय पूर्व ही सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा महादेव नहर में पलट गया था, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। वर्तमान में उत्तर भारत का प्रसिद्ध चैती मेला चल रहा है, जिसके चलते मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन के लिए प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु इसी मार्ग से गुजर रहे हैं। रात्रि के समय सामने से आने वाले वाहनों की लाइट के कारण महादेव नहर की सकरी पुलिया पर बाइक निकालना भी जान जोखिम में डालने जैसा है।

हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन रोजाना यहां से गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया इतनी सकरी है कि दो वाहनों का एक साथ निकलना नामुमकिन है। अंधेरे और सुरक्षा दीवार (रिटेनिंग वॉल) न होने के कारण किसी भी समय कोई वाहन सीधे नहर में समा सकता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि चैती मेले की भीड़ और जनहित को देखते हुए अविलंब मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए।


काशीपुर में कुंडेश्वरी रोड पर टूटी नहर की पुलिया। ● अमृत विचार


जसपुर में बच्चों को जानकारी देते एसएसआई जावेद मालिक। ● अमृत विचार

### जसपुर में स्कूली बच्चों ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

**जसपुर :** स्कूल के बच्चों ने कोतवाली का दौरा कर पुलिस की कार्य प्रणाली जानी। एसएसआई ने बच्चों को पुलिस की दिनचर्या बताकर यातायात के नियम तथा अन्य कानूनों की जानकारी दी। साथ ही अपराधों से दूर रहने को कहा। शुक्रवार को ग्लोबल मिलेनियम इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे कोतवाली पहुंचे। यहां छात्र-छात्राओं को एसएसआई जावेद मलिक ने कोतवाली का भ्रमण कराया। इस दौरान प्रशासन के साथ सहयोग, आपसी सामंजस्य की भावना, बच्चों के मन में पुलिस के प्रति किसी भी प्रकार के भय को दूर कर उनके भीतर विश्वास और सहयोग की भावना विकसित की। पुलिस ने बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया तथा आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी एवं गुड टच बेड टच, महिला हेल्प लाइन, साइबर अपराध से बचाव के बारे में बताया। बच्चों को थाना कार्यालय, हवालात, शस्त्रागार दिखाया गया।

स्वास्थ्य | विशेषज्ञों ने दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

# गर्भवती महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में शुक्रवार को ''राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस'' के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और जच्चा-बच्चा की देखभाल के महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता ने बताया कि मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए संस्थागत प्रसव (अस्पताल में प्रसव) और नियमित स्वास्थ्य जांच अनिवार्य है। उन्होंने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार लेने और किसी भी समस्या पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी।

महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एकता तिवारी, डॉ. आकांक्षा सैनी और डॉ. सुजाता ने गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। वहीं, परिवार नियोजन परामर्शदाता प्रकाश बचखेती ने स्वस्थ परिवार के लिए परिवार नियोजन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में एलएचवी जानकी शर्मा, ब्लाक आशा कोआर्डिनेटर ब्रजवाला शर्मा, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पूजा आर्य आदि गर्भवती महिलाएं मौजूद रहीं।


बाजपुर के सरकारी अस्पताल में कार्यक्रम को संबोधित करतीं चिकित्सा अधिकारी।

# माइनिंग चेकपोस्ट पर भिड़े दो खनन वाहन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** रामराज रोड स्थित माइनिंग चेकपोस्ट के पास गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात दो खनन वाहनों (डंपर) के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों डंपरों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना रात करीब 12 बजे ग्राम एनएन टोपा क्षेत्र स्थित भाकियू प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के फार्म के सामने बने चेकपोस्ट पर हुई। बताया जा रहा है कि रॉयल्टी चेकिंग की प्रक्रिया के दौरान दोनों डंपर अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात सुचारू कराया। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन के चेकिंग के तरीके पर कड़ा रोष जताया है। लोगों का आरोप है कि सड़क के बीचों-बीच वाहनों को रोककर रॉयल्टी चेक की जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि चेकिंग के लिए वाहनों को किसी सुरक्षित और किनारे वाले स्थान पर खड़ा किया जाए ताकि राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान जोखिम में न पड़े। फिलहाल इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

ब्रीफ न्यूज

### दो दिन बाद खिली चटक धूप, लोगों को राहत

**बागेश्वर:** दो दिन की बारिश के बाद कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जिले में शुक्रवार को चटक धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। सुबह से ही आसमान साफ रहा, जिससे लोगों ने धूप का आनंद लिया। दोपहर में धूप तेज होने के कारण अधिक देर तक धूप में खड़ा रहना मुश्किल रहा। वहीं, गत दिनों हिमालय की चोटियों पर हुए हिमपात के बाद पर्वत श्रृंखलाएं बेहद आकर्षक नजर आईं, जिन्हें लोगों ने उत्साह के साथ निहारा। रात में अब भी ठंड बरकरार है। लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है।

### डेढ़ माह से लापता वृद्ध का कंकाल मिला

**बागेश्वर:** कपकोट थाना क्षेत्र के खर्ककानातोली से डेढ़ माह से लापता एक वृद्ध का नरकंकाल जंगल से बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खर्ककानातोली निवासी 72 वर्षीय शेर सिंह पुत्र दान सिंह लापता थे, जिनकी गुमशुदगी कपकोट थाने में दर्ज थी। शुक्रवार सुबह ग्रामीण बकरियां चराने जंगल गए, जहां उन्हें नरकंकाल दिखाई दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नरकंकाल कब्जे में लिया और शिनाख्त के प्रयास किए। कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान लापता वृद्ध शेर सिंह के रूप में की गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : टम्टा

## केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने दिशा की बैठक में योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में शुक्रवार को दिशा की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में जिले में संचालित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की व्यापक एवं बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही पूर्व में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाहियों का भी मूल्यांकन किया गया। विकास भवन सभागार में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेष रूप से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। केंद्रीय मंत्री ने सड़क निर्माण एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाना प्राथमिकता में रखा जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि योजनाओं की प्रगति केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका वास्तविक प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद बनाए रखें।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैडा, डीएम अंशुल सिंह, विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, रानीखेत प्रमोद नैनवाल, ब्लॉक प्रमुख हिमानी कूंडू, दर्जा प्राप्त मंत्री लीला बिष्ट, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी एसके पंत समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### विद्यालयों में सुविधाएं बढ़ाने पर दिया जोर

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षकों की उपलब्धता एवं शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री टम्टा ने कहा कि कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी कार्य में अनावश्यक विलंब सामने आया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हर घर तक पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश

बैठक के दौरान जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं, कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में किसानों की आय वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने, योजनाओं की जानकारी को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा किसानों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।

# बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी: रेखा आर्या

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पीएम श्री शहीद कैप्टन बहादुर कैड़ा अटल उत्कर्ष राजकीय इंटर कॉलेज सलौंज का शुक्रवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। जिसने वार्षिकोत्सव में रंग जमा दिया।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है, लेकिन बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यालय से शिक्षित होकर निकलने के बाद समाज सेवा का भाव बनाए रखें। कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने नारी शक्ति वंदन बिल पारित कर महत्वपूर्ण कदम उठाया है और इसे लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने विद्यालय में दस हजार लीटर क्षमता के पेयजल टैंक निर्माण तीन लाख और 100 कुर्सियों व अन्य फर्नीचर के लिए दो लाख विधायक निधि से देने की घोषणा की। वहीं, कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। जिसे दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने खूब सराहा। यहां सुंदर सिंह राणा, राजेंद्र कैड़ा, भुवन जोशी, कृष्णा भंडारी, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, भीमराम, उमा वर्मा, हेमा पांडे, कमल कैड़ा, अनिल राणा, विवेक, हिमांशु मैनाली रहे।



सलौंज इंटर कॉलेज में छात्रा को सम्मानित करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आार्या।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने निकाला जुलूस



द्वाराहाट में शुक्रवार को जुलूस निकालतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** मानदेय वृद्धि समेत तमाम मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को द्वाराहाट में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वाराहाट में प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष बबीता बोरा के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को काफी कम मानदेय दिया जा रहा है। कम मानदेय मिलने से उनके लिए दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। लंबे समय से कार्यकर्ता मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहीं हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार से तहसील तक जुलूस भी निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। यहां संगठन की उपाध्यक्ष दीपा देवी, सचिव प्रेमा देवी, संगठन मंत्री खष्टी देवी, पूजा, सीमा, ज्योति, बबीता आदि रहे।

## टनकपुर व बनबसा में आज से बिजली कटौती

**टनकपुर :** 132 केवी खटीमा-पीलीभीत डबल सर्किट लाइन के टावर इरेक्शन कार्य के चलते टनकपुर और बनबसा में शनिवार से 13 अप्रैल तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

विद्युत वितरण खंड चम्पावत के अधिशासी अभियंता विजय कुमार सकारिया ने सितारगंज के ईई के पत्र का हलावा देते हुए बताया कि खटीमा-पीलीभीत के डबल सर्किट लाइन के टावर संख्या- 13 व 14 के बीच इरेक्शन कार्य के दौरान शट डाउन लिए जाने से टनकपुर, बनबसा की विद्युत आपूर्ति पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि 11 केवी पोषक फीडर टनकपुर टाउन-एक, टाउन-दो, आमबाग, पूर्णागिरि, बिचई, बनबसा, देवीपुरा, एमईएस के अतंर्गत आने वाले टनकपुर व बनबसा के संपूर्ण क्षेत्र में बिजली कटौती रहेगी।

# पेयजल की न हो किल्लतः नैनवाल

रानीखेत, संवाददाता



रानीखेत में बैठक लेते क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने क्षेत्र की जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जल निगम के अधिशासी अधिकारी वर्मा, जल संस्थान के अधिशासी अधिकारी सुरेश ठाकुर, विद्युत विभाग के एसडीओ आयुष चौहान, जेई महिपाल मेहता तथा खंड विकास अधिकारी ताराचंद मौजूद रहे।

विधायक ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जल निगम को क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही मध्य-पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण संभावित गैस संकट को देखते हुए विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली वितरण और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आयुष विभाग को योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। इसके अलावा खंड विकास अधिकारी को विभिन्न सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित समस्याओं का शीघ्र, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख सोनी भगत, मनजीत भगत, विजय बिष्ट, मंडल अध्यक्ष मुकेश पांडे, राम सिंह रावत सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जन समस्याओं की अनदेखी का आरोप

**अल्मोड़ा:** मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ से जुड़े इंजीनियर्स शुक्रवार को भी हड़ताल पर डटे रहे। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर प्रदर्शन किया। जल्द समस्याओं को निदान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

नगर के शक्ति सदन में हड़ताल पर डटे इंजीनियर्स ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संघ लंबे समय से अपनी 27 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहा है। लेकिन सरकार उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। जिससे इंजीनियर्स में भारी रोष व्याप्त है। इधर, तड़ताल के चलते विभिन्न विभागों में निर्माण कार्य ठप पड़े हैं। यहां दीप चंद्र पांडे, रिनी पांडे, हिमांशु जोशी, जीएस मेहरा, ललित बिष्ट, सूरज सिंह रावत, हितांशी नैनवाल आदि मौजूद रहे।



रानीखेत में सीओ भावना कैथौला से मुलाकात करते व्यापार मंडल के सदस्य।

### व्यापारी नेताओं ने की नवनियुक्त सीओ से भेंट

**रानीखेत, अमृत विचार :** नवनियुक्त सीओ पुलिस भावना कैंथोला से आज रानीखेत के निवर्तमान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने बाजार क्षेत्र में बेतरतीब खड़े वाहनों, जाम की स्थिति तथा तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सीओ ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मुलाकात करने वालों में महिला उपाध्यक्ष नेहा साह माहरा, महासचिव संदीप गोयल, उपाध्यक्ष दीपक पंत, उप-सचिव विनीत चौरसिया, कोषाध्यक्ष भुवन पांडे और मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी शामिल रहे।

# सीएमएस से वार्ता, आंदोलन स्थगित

संवाददाता, बागेश्वर



सीएमएस से वार्ता करते संघर्ष वाहिनी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बागेश्वर संघर्ष वाहिनी द्वारा शुक्रवार से प्रस्तावित धरना सीएमएस से हुई वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया। सीएमएस ने वाहिनी को बताया कि उनकी जनहित से जुड़ी स्थानीय स्तर की सभी मांगों पर कार्रवाई कर दी गई है, जबकि शासन स्तर की मांगों के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बागेश्वर संघर्ष वाहिनी के जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंचे और नारेबाजी की। इस दौरान सीएमएस डॉ. तपन शर्मा ने पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया और बताया कि वाहिनी की मांगों के अनुरूप कई व्यवस्थाएं लागू कर दी गई हैं। अस्पताल में नए बेड लगाए गए हैं तथा तीमारदारों के लिए स्टूल की व्यवस्था की गई है। अन्य छह मांगों पर भी कार्रवाई की गई है, जिसका पदाधिकारी अवलोकन कर सकते हैं।

सीएमएस ने बताया कि चिकित्सकों की तैनाती सहित शासन स्तर की मांगों को लेकर उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है। इसके बाद संघर्ष वाहिनी ने आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि अस्पताल प्रशासन ने अपने स्तर की समस्याओं का समाधान कर दिया है। शेष मांगों को लेकर सरकार को एक माह का समय दिया गया है। यदि तय समय के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो पुनः आंदोलन किया जाएगा। वार्ता के दौरान नीरज मनवाल, विजय परिहार, नवीन चौबे, किशोर तिवारी, विरेंद्र नेगी और पंकज परिहार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टनकपुर में आज होगा योग प्रोटोकाल कार्यक्रम

**टनकपुर :** आगामी विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर शनिवार को नवयोग सूर्योदय सेवा समिति के तत्वावधान एवं मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से टनकपुर स्टेडियम में योग प्रोटोकाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम सुबह 7:15 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में 1500 प्रतिभागियों शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य जन-जन तक योग को पहुंचाना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। द्वितीय सत्र में भूमि सुपोषण एवं योगः स्वस्थ धरती, स्वस्थ जीवन, विषय पर विशेष गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन भी होगा। योग गुरु नवदीप जोशी ने शनिवार को होने वाले कार्यक्रम में जनपद के सभी लोगों से शामिल होने की अपील की है।

# बच्चों के लिए लाभकारी होगी प्ले बेस्ड लर्निंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा विभाग ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 'प्ले बेस्ड लर्निंग' की नई पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए 15 दिन का 'स्कूल रेडिनेस' कार्यक्रम चलाया जाएगा।

यह कार्यक्रम निपुण भारत मिशन के तहत लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों को स्कूल के माहौल में सहज ढंग से ढालना और उनकी प्रारंभिक सीखने की क्षमता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान पहले 15 दिनों में बच्चों के सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास की नींव रखी जाएगी। इसके लिए प्रतिदिन अलग-अलग एक्टिविटीज कराई जाएंगी, जिनमें समूह खेल, कहानी सुनाना, चित्रकला, संगीत, संवाद आधारित अभ्यास और रचनात्मक कार्य शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार यह 3 माह के 'स्कूल तैयारी मॉड्यूल' का हिस्सा है, जो 5 3 3 4 संरचना के अनुरूप तैयार किया गया है। इसमें खेल-खेल के जरिये बच्चों में सीखने की रुचि विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है। एजुकेशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस तरह की एक्टिविटीज से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे स्कूल के माहौल में आसानी से घुलमिल सकेंगे। यह पहल नौनिहालों के बेहतर भविष्य की मजबूत नींव रखने में कारगर होगी।

# गौरव ने उत्तीर्ण की सीडीएस परीक्षा

चम्पावत, संवाददाता



**अमृत विचार:** चम्पावत निवासी गौरव जोशी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 104 प्राप्त की है। गौरव का चयन भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के लिए हुआ है, जहां लगभग डेढ़ वर्ष के प्रशिक्षण के बाद वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त होंगे।

गौरव मूल रूप से ग्राम बाराबटी नरियाल के निवासी हैं। वर्तमान में वे अपने माता-पिता के साथ कलक्ट्रेट रोड, चम्पावत में रह रहे हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, चम्पावत से प्राप्त की है। वर्तमान में वे सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, चम्पावत परिसर से स्नातक अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। गौरव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया है। उनकी माता मीना जोशी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, जबकि पिता नारायण दत्त जोशी लोहाघाट में इलेक्ट्रिक की दुकान संचालित करते हैं। उनकी सफलता पर पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने बधाई दी है।

### टैक्सी चालक का पुत्र बना विदेश मंत्रालय में अधिकारी



**टनकपुर :** चम्पावत जिले की कोयाटी ग्राम पंचायत के सिमाड़ गांव निवासी टैक्सी चालक पुष्कर राम के होनहार पुत्र संदीप कुमार ने असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर (एएसओ) परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया है। उन्होंने ऑल इंडिया में 2016वीं रैंक और ऑल इंडिया कैटेगरी में 57वीं रैंक हासिल की है। उनकी सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। संदीप कुमार ने विषम परिस्थितियों में अपनी शिक्षा पूरी की। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय सैंडला सिमाड़ से प्राप्त की। इसके बाद उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय चम्पावत में हुआ। यहां से पीसीएम विषय के साथ इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। संदीप ने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की। उनकी सफलता पर मदन सिंह रंसवाल, नरेश सिंह, नाथ सिंह, दीपक सिंह, मोहन सिंह, गोविंद सिंह, कमल सिंह, राजेंद्र सिंह और जोत सिंह आदि ने बधाई दी है।

# पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा नकद पुरस्कार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के उन खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है, जिन्होंने राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं। खेल निदेशालय ने ऐसे खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

यह आवेदन 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए मांगे गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। खिलाड़ी अपने आवेदन डाक से या स्वयं खेल निदेशालय, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर (देहरादून) में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। निदेशालय के अनुसार आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पर संबंधित खेल संघ की संस्तुति भी जरूरी है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा। खिलाड़ियों को अपने और अपने कोच की बैंक पासबुक की प्रति भी संलग्न करनी होगी। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए आवेदन करने वाले खिलाड़ियों को यह प्रमाण भी देना होगा कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है। अधूरे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# 3005 युवा देंगे सीडीएस की परीक्षा

- जिलेभर में बनाए गए परीक्षा के लिए 11 केंद्र
- एडीएम युक्ता मिश्र ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अल्मोड़ा, संवाददाता



अल्मोड़ा में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा को लेकर बैठक करते अधिकारी।

**अमृत विचार:** संघ लोक सेवा आयोग की संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) तथा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी (एनडीए/एनए) परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एडीएम युक्ता मिश्र ने कलक्ट्रेट में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर परीक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम ने बताया कि जिलेभर में परीक्षा के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 3005 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए रिजर्व सहित कुल 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि सीडीएस परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगी। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 12:30 बजे से तथा तृतीय पाली की परीक्षा शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं, एनडीए एवं नौसेना अकादमी परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होगी।

एडीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# अमृत विचार

**शनिवार, 11 अप्रैल 2026**




## वार्ता का प्रतिफल

अमेरिका-ईरान के बीच इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता निर्णायक मोड़ साबित होगी या फिर एक और अस्थायी ठहराव इसका जवाब बहुत मुश्किल है, क्योंकि जमीन पर तनाव अभी भी चरम पर है। क्या यह युद्धविराम आगे बढ़ेगा? फिलहाल तो इसी पर खतरा नजर आता है। सच यह है कि दोनों पक्ष फिलहाल 'रणनीतिक विराम' के ही पक्ष में लगते हैं। अमेरिका को अपने सैन्य और कूटनीतिक विकल्पों को पुनर्गठित करने का समय चाहिए, जबकि ईरान भी प्रतिरोध की अपनी क्षमता को बनाए रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय दबाव कम करना चाहता है। अतः युद्धविराम का सीमित विस्तार संभव है, पर स्थायी शांति की संभावना नहीं के बराबर।

दोनों पक्षों के मूल रुख में बदलाव के संकेत नहीं हैं। ईरान स्पष्ट कर चुका है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण से पीछे नहीं हटेगा। दूसरी ओर, अमेरिका के लिए परमाणु प्रसार और समुद्री व्यापार की निर्बाधता 'रेड लाइन' है। ऐसे में समझौता केवल 'टैक्टिकल एडजस्टमेंट' के रूप में ही संभव है, न कि मूल मुद्दों के समाधान के रूप में। इजराइल की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में जटिल और कुछ हद तक अलग-थलग दिखाई देती है। सतह पर भले अमेरिका-इजराइल की एकजुटता दिखे, पर युद्ध और युद्धविराम को लेकर दोनों के दृष्टिकोण में सूक्ष्म अंतर स्पष्ट है। इजराइल जहां निर्णायक सैन्य बढ़त को बनाए रखना चाहता है, वहीं अमेरिका व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक दबावों को ध्यान में रखकर संयम दिखाना चाहता है। यही कारण है कि लेबनान और गाजा जैसे मोर्चों पर जारी तनाव शांति प्रयासों को कमजोर करता है। होर्मुज का प्रश्न वार्ता की धुरी है। यदि ईरान नियंत्रण रखते हुए टोल या शर्तें लागू करता है, तो यह वैश्विक ऊर्जा बाजार और समुद्री कानून दोनों के लिए चुनौती होगी। अमेरिका के लिए इसे स्वीकार करना कठिन होगा, पर पूर्ण सैन्य टकराव से बचने के लिए कोई 'मध्य मार्ग', जैसे- अंतर्राष्ट्रीय निगरानी खोजा जा सकता है। पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भी सवाल हैं। एक ओर वह इस्लामाबाद को कूटनीतिक केंद्र बनाने की कोशिश कर रहा है, दूसरी ओर उसकी आंतरिक राजनीति में इसका विरोध इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि मध्यस्थ पर ही संदेह हो, तो वार्ता की सफलता स्वतः सीमित हो जाती है। अमेरिका की घरेलू राजनीति भी इस समीकरण में महत्वपूर्ण है। डोनाल्ड ट्रंप पर गिरती लोकप्रियता और महाभियोग की आशंकाएं उन्हें आक्रामक बयानबाजी और त्वरित 'जीत' की तलाश की ओर धकेल सकती हैं। पर यही जल्दबाजी किसी स्थायी समाधान के रास्ते में बाधा भी बन सकती है।

यदि वार्ता विफल होती है तो इसका सीधा अर्थ होगा कि क्षेत्र फिर से तीव्र संघर्ष की ओर बढ़ेगा, होर्मुज में अस्थिरता बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव आएगा। ऐसी स्थिति में एक संतुलित, विश्वसनीय और तटस्थ शक्ति की आवश्यकता होगी, जहां भारत की भूमिका उभर सकती है। भारत के दोनों पक्षों से संवाद और क्षेत्र में उसके हित उसे संभावित मध्यस्थ बना सकते हैं। इस्लामाबाद वार्ता से चमत्कार की उम्मीद करना बेमानी है। यह अधिक से अधिक 'तनाव प्रबंधन' का मंच बन सकती है, न कि स्थायी समाधान का।

### प्रसंगवश

## शुरुआती पोषण ही होती है उज्ज्वल जीवन की कुंजी

कहते हैं सही पोषण तो देश रोशन। जी हां, यहां यह समझाया जा रहा है कि यदि किसी देश में सही पोषण की भूमिका प्रबल होगी, तभी देश मजबूत बनेगा और प्रकाशमय बनेगा। आज समाज में सही पोषण की कमी देखी जाने लगी है। नतीजन कुपोषण अपने पैर पसारने लगा है और जहां कुपोषण अपने चरम पर होगा, वहां खुशहाल जीवन भला कैसे बन सकेगा? सही पोषण से किसी भी मनुष्य का शारीरिक स्वास्थ्य निखर सकता है, परंतु न केवल शारीरिक अपितु मानसिक एवं सामाजिक स्वाथ्य भी आजकल एक जटिल चुनौती बनकर उभर रहा है।

आज के दौर में, न केवल शारीरिक अपितु मानसिक और सामाजिक स्वाथ्य का होना बेहद अहम माना जाता है और यह तीनों स्वास्थ्य लाभ हमें केवल सही पोषण से ही प्राप्त होते हैं। यदि जीवन के शुरुआती दौर से ही कोई व्यक्ति अपने पोषण पर सही ध्यान देने लग पड़ा हो, तो निःसंदेह उसे पूर्ण स्वाथ्य लाभ प्राप्त हो जाता है, इसीलिए जीवन के शुरुआती दौर को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है, क्योंकि स्वास्थ्य के प्रति जरा सी लापरवाही जीवन भर घातक सिद्ध हो सकती है। यदि हमारा स्वास्थ्य पुष्ट होगा तभी रोग रुष्ट होगा।




शिवालिक अवस्थी

लेखक


संभवतः हर गर्भवती महिला का एक सपना होता है कि उसका होने वाला शिशु स्वस्थ हो। जीवन के शुरुआती दौर से ही हमें सही पोषण की आदत डालनी चाहिए, लेकिन यहां तो बात गर्भावस्था से ही शुरू हो चुकी है। जी हां, जीवन का शुरुआती दौर मां के गर्भ से ही शुरू हो जाता है, इसलिए गर्भवती स्त्री को चाहिए कि स्वस्थ शिशु प्राप्त करने के लिए वह भी अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखे। पौष्टिक आहार का सेवन, गर्भवती स्त्री और उसके होने वाले बच्चे के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिससे प्रारंभ में ही कुपोषण पर प्रहार किया जा सकता है, जिसने प्रारंभिक अवस्था में ही कुपोषण पर विजय प्राप्त कर ली, उसका जीवन मानो सफल हो गया। सही खान-पान की आदत से किसी भी व्यक्ति की फिर चाहे वह गर्भवती हो या कोई शिशु, रोग प्रतिरोधक क्षमता जिसे हम इम्युनिटी भी कहते हैं, बढ़ जाती है। नतीजन बीमारियां कोसों दूर रहती हैं। किसी भी बीमारी से लड़ने में इंसान की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिस व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होगी उससे बीमारियां भी दूर भागेंगी और जिसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होगी उसे बार बार बीमारी से लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

हम क्यों आज पोषण पर चर्चा कर रहे हैं, दरअसल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 8वां पोषण पखवाड़ा 09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक देशभर में मनाया जा रहा है। 15 दिन चलने वाले इस बार के पोषण पखवाड़े का विषय यानी थीम है, 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास'।

इसके अलावा इस बार के पोषण पखवाड़े में अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। आइए अन्य प्रमुख केंद्रों पर प्रकाश डालते हैं जिनमें शामिल हैं; मां और बच्चे का पोषण। 0-3 वर्ष के बच्चों के दिमाग का शुरुआती विकास। 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करना। आंगनवाड़ी को मजबूत बनाने के लिए समाज का सहयोग।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)



जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है,
उसी प्रकार मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है।
**-रवींद्र नाथ टैगोर**, बांग्ला साहित्यकार

# महात्मा ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक






नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री


आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200 वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही।

महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया।

शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है।

अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं, इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए।

महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा, लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं।

महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया।

भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200 वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

### आमने सामने



राज्य में गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अराजकता की स्थिति है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। सरकार का खजाना खाली है। कर्मचारियों, मंत्रियों और यहां तक कि उन्हें खुद भी वेतन नहीं मिला है। साथ ही पेंशन भुगतान में भी देरी हो रही है।

**-तेजस्वी यादव**
नेता, आरजेडी



ऐसे बयान उनकी हताशा को दर्शाते हैं। निशांत कुमार की सक्रियता से तेजस्वी का दिमाग खाली हो गया है। सरकार का खजाना कभी खाली नहीं हो सकता। मार्च महीने में एक-दो दिन की देरी संभव है, लेकिन वेतन जरूर मिलता है। तेजस्वी यादव खुद बताएं कि उन्हें वेतन मिला है या नहीं।

**-नीरज कुमार**
जदयू प्रवक्ता

# कांग्रेस में नेतृत्व नहीं, पुनर्गठन की अनिवार्यता




डॉ. राजीव सागर

असिस्टेंट प्रोफेसर
लखनऊ यूनिवर्सिटी


भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आज जिस राजनीतिक संकट से गुजर रही है, उसे अक्सर एक सरल सवाल में समेट दिया जाता है, नेतृत्व कौन करेगा? हर कुछ महीनों में यह बहस लौट आती है कि क्या नया अध्यक्ष पार्टी को पुनर्जीवित कर सकता है? क्या नया चेहरा चुनावी किस्मत बदल सकता है? लेकिन यह बहस जितनी आकर्षक है, उतनी ही भ्रामक भी है। कांग्रेस की समस्या नेतृत्व की कमी नहीं है, बल्कि उसकी असली समस्या यह है कि वह किस तरह का संगठन बन चुकी है। एक कमजोर ढांचे में मजबूत नेता भी टिकाऊ बदलाव नहीं ला सकता, लेकिन एक मजबूत, लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत संगठन औसत नेतृत्व के साथ भी आगे बढ़ सकता है। कांग्रेस ने पिछले एक दशक में इस मूलभूत सत्य को नजरअंदाज किया है और यही उसकी सबसे बड़ी भूल रही है।

कांग्रेस के भीतर और बाहर, दोनों जगह यह धारणा गहरी है कि पार्टी का पतन किसी एक चेहरे या परिवार से जुड़ा हुआ है, इसलिए समाधान भी उसी तर्क में खोजा जाता है, चेहरा बदलो, सब ठीक हो जाएगा, लेकिन अगर समस्या केवल चेहरा होती, तो इतने वर्षों में कुछ सुधार दिखना चाहिए था। वास्तविकता यह है कि नेतृत्व में बदलाव के बावजूद पार्टी की संरचनात्मक कमजोरियां जस की तस बनी हुई हैं, दरअसल 'चेहरा बदलो' की राजनीति एक सुविधाजनक बहाना है, क्योंकि इससे संगठन के भीतर मौजूद कठिन सवालों से बचा जा सकता है कि क्या पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है? क्या नेतृत्व चयन पारदर्शी है? क्या जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए ऊपर आने का रास्ता खुला है?

कांग्रेस का सबसे बड़ा संरचनात्मक दोष उसकी 'हाई कमान' संस्कृति है। पिछले दो दशकों में पार्टी का संगठन धीरे-धीरे केंद्रीकृत होता गया है, जहां महत्वपूर्ण फैसले सीमित लोगों के दायरे में लिए जाते हैं। संगठनात्मक चुनाव होते जरूर हैं, लेकिन वे वास्तविक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं बन पाए हैं। कांग्रेस कार्यसमिति जैसे निकाय, जो कभी पार्टी की सामूहिक बुद्धिमत्ता के केंद्र थे, अब मनोनयन-आधारित संरचना में बदल चुके हैं। इसका असर सीधा है जमीनी कार्यकर्ता अपने आप को असंबद्ध महसूस करते हैं, स्थानीय नेतृत्व उभर नहीं पाता और पार्टी एक जीवंत राजनीतिक संगठन के बजाय एक बंद नेटवर्क में बदल जाती है। जब राजनीतिक ऊर्जा ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर बहती है, तभी संगठन मजबूत होता है। कांग्रेस ने इस प्रवाह को उलट दिया है।

अगर कांग्रेस के संरचनात्मक संकट को समझना हो, तो उत्तर प्रदेश से बेहतर उदाहरण शायद ही कोई हो। देश के सबसे बड़े राजनीतिक राज्य में पार्टी की स्थिति लगातार कमजोर होती गई है। संगठनात्मक ढांचा बिखरा हुआ है, जमीनी कार्यकर्ता निराश हैं और चुनावी प्रदर्शन गिरता गया है। इस संदर्भ में अजय राय के नेतृत्व को लेकर उठते सवाल महज व्यक्तिगत आलोचना नहीं हैं। वे उस व्यापक प्रणालीगत विफलता की ओर संकेत करते हैं, जिसमें नेतृत्व चयन, प्रदर्शन और जवाबदेही के बीच कोई स्पष्ट संबंध नहीं बचा है। स्थानीय स्तर पर पार्टी नेताओं द्वारा खुला असंतोष, पंचायत और नगर निकाय चुनावों में कमजोर उपस्थिति और संगठन से नेताओं का पलायन, ये सब संकेत हैं कि समस्या गहरी है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संकट केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं है। यह उस संरचना का परिणाम है, जो नेतृत्व को जवाबदेह नहीं बनाती और प्रदर्शन से उसका सीधा संबंध नहीं जोड़ती।

कांग्रेस लंबे समय से सामाजिक न्याय, समावेशन और भागीदारी की राजनीति की बात करती रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में संगठनात्मक संरचना इस दावे के विपरीत दिखाई देती है। संगठन के शीर्ष पदों पर सीमित सामाजिक समूहों विशेषकर ऊपरी जातियों का वर्चस्व बना हुआ है, जबकि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता। यह केवल सामाजिक असंतुलन नहीं है, बल्कि यह एक गहरा राजनीतिक विरोधाभास है। जब पार्टी उन वर्गों के लिए राजनीति करती है, लेकिन उन्हें अपने संगठन में वास्तविक शक्ति नहीं देती, तो उसकी विश्वसनीयता कमजोर हो जाती है। उत्तर प्रदेश में यह विरोधाभास और भी स्पष्ट है, जहां सामाजिक आधार और संगठनात्मक संरचना के बीच असंगति पार्टी की चुनावी कमजोरी का कारण बनती रही है।

कांग्रेस में केंद्रीकरण केवल निर्णय लेने तक सीमित नहीं है अपितु यह जवाबदेही को भी प्रभावित करता है। जब फैसले ऊपर से होते हैं और कार्यान्वयन नीचे से, तो असफलता की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। कांग्रेस की राजनीति का केंद्रीय आधार है संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा, लेकिन जब पार्टी अपने भीतर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करती है और सामाजिक प्रतिनिधित्व को सीमित करती है, तो उसका नैतिक आधार कमजोर हो जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

यह धारणा गहरी है कि पार्टी का पतन किसी एक चेहरे या परिवार से जुड़ा है, अगर समस्या केवल चेहरा होता, तो इतने वर्षों में कुछ सुधार दिखना चाहिए था।

### सोशल फोरम

## अपनी आवाज सुनिए

अमेरिकी लेखक हेनरी डेविड थोरो ने एक ऐसी बात कही थी, जिसे अगर आदमी सच में समझ ले तो उसका पूरा जीवन बदल सकता है। उन्होंने कहा था कि संसार में स्वविवेक से बड़ा कोई कानून नहीं होता। अब जरा ठहर कर सोचिए, कानून क्या है? स्वविवेक क्या है? कानून किताबों में लिखा होता है, अदालतों में पढ़ा जाता है, पुलिस उसे लागू कराती है, लेकिन स्वविवेक, वो आपके भीतर बैठा होता है, चुपचाप, बिना शोर के, हर वक्त आपको देखता हुआ।




संजय सिन्हा

वरिष्ठ पत्रकार


थोरो ने सिर्फ यह कहा ही नहीं, उन्होंने इसे जिया भी। उन्होंने सिटी टैक्स देने से इंकार कर दिया था। वजह यह थी कि उन्हें दिख रहा था कि सरकार उस पैसे का इस्तेमाल गलत काम में कर रही है। अब कानून की नजर में टैक्स नहीं देना अपराध था, लेकिन टैक्स के पैसों का गलत इस्तेमाल होने पर उसके खिलाफ आवाज उठाना स्वविवेक था। उन्हें सजा मिली, जेल जाना पड़ा, लेकिन उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझसे गलती हो गई। उन्होंने साफ कहा कि अगर कानून गलत है, तो उसे तोड़ना ही सही है, क्योंकि मेरे भीतर जो आवाज है, वो उससे बड़ा कानून है। आप मुझसे जिस मद के लिए टैक्स लेते हैं, उसे उसी मद में खर्च करें। हम टैक्स न्यूयार्क के मेयर की मौज के लिए नहीं देते, जिसे वो सरकारी भ्रमण के नाम पर उड़ाते हैं, खर्च करते हैं।

यहीं से फर्क शुरू होता है। एक तरफ वो लोग हैं जो भीड़ का हिस्सा बनकर सब मान लेते हैं। गलत का विरोध भी नहीं करते। दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो पहले अपने मन से पूछते हैं, विरोध करते हैं। सच के लिए खड़े होते हैं।

आपको तीन नाम याद दिलाता हूं, सुकरात, प्रह्लाद और मीरा बाई। तीनों ने वही किया जो उनके भीतर की आवाज ने कहा। सुकरात ने सच बोलना नहीं छोड़ा, सजा में उन्हें जहर का प्याला मिला। प्रह्लाद ने अपने विश्वास को नहीं छोड़ा, उसे आग में बैठाया गया (वो बच गया, उसका भाग्य)। मीरा ने अपने कृष्ण के लिए जहर का प्याला भी स्वीकार कर लिया (वो भी बच गईं, उनकी किस्मत)। इन तीनों के पास एक ही चीज थी, अपने मन पर भरोसा।

महात्मा गांधी ने भी यही बात कही थी कि कानून का पालन करना हमारा कर्तव्य है, लेकिन जब कानून असत्य, अराजकता को बढ़ावा देने लगे तो उसकी अवज्ञा करना भी हमारा कर्तव्य हो जाता है। यह बात सुनने में बहुत सीधी लगती है, लेकिन इसे जीना बहुत मुश्किल है, क्योंकि इसमें जिम्मेदारी पूरी आपकी हो जाती है।

**-फेसबुक वॉल से**



### सामयिकी

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता व विवाह संस्था पर अहम फैसले

इधर कुछ सालों से भारतीय न्यायपालिका ने ऐसे फैसले सुनाए हैं, जिन्हें बेशक प्रगतिशील फैसले कहा जा सकता है। जाहिर है कि ऐसे फैसले सामाजिक बदलाव की दिशा में एक अहम कदम साबित होते हैं। इसी हफ्ते मेघालय हाईकोर्ट के एक फैसले में कहा गया कि रोमियो-जूलियट कैटेगिरी के मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों को रद्द किया जा सकता है। खासकर जब दो किशोरों के बीच सहमति से संबंध हो।

इसी तरह, हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ किया कि शादीशुदा शख्स भी किसी एडल्ट के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह सकता है, बशर्ते वो सहमति के साथ हो। इन दोनों फैसलों से साफ झलकता है कि कोर्ट प्यार और रिश्तों को जुर्म की कैटेगरी से बाहर रखने के पक्ष में है। इससे ये भी साफ होता है कि अदालत व्यक्तिगत गरिमा को प्रोटेक्शन देने के पक्ष में है। ऐसे फैसले समाज की पारंपरिक मानसिकता के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।




रोहित माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार


उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो मामलों में ऐसा फैसला दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप के मामले में सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकारों का जिक्र किया। साथ ही, जोड़े की सुरक्षा की बात कही। वहीं, लव मैरिज के मामले की सुनवाई के क्रम में कोर्ट ने कहा कि प्रेम विवाह को जोड़ा सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन में रह रहे जोड़े की याचिका पर सुनवाई करते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा है कि अंतर्धार्मिक कपल की सुरक्षा आवश्यक है।

सोनभद्र के अंतरधार्मिक कपल की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि उन्हें अपने परिजनों से खतरा है। पुलिस से संपर्क करने पर भी हमारी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के क्रम में हाईकोर्ट ने कहा कि सहमति से अगर वयस्क जोड़े लिव इन में रह रहे हैं, तो उनकी सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के साथ-साथ वर्ष 2021 के विशेष अधिनियमों का जिक्र करते हुए कहा कि लिव इन में रहना किसी भी प्रकार का अपराध नहीं है।

हाईकोर्ट ने लव मैरिज के एक मामले की सुनवाई के क्रम में भी बड़ा आदेश जारी किया। हाईकोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति बालिगों की अपनी पसंद से की गई शादी यानी लव मैरिज को सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में सरकार का दायित्व है, वह कपल के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करे। कोर्ट ने कहा कि भले ही कपल को उनके परिवार से ही खतरा क्यों न हो।

भारतीय कानून ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के हिस्से के रूप में, परंपरागत भारतीय समाज में लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देने की दिशा में सावधानीपूर्वक ही कदम बढ़ाया है। इसके बावजूद भी, यह विवाह को एक कानूनी रूप से स्वीकृत संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है, जिसके अंतर्गत वयस्कों के अपने अधिकार और दायित्व भी हैं। निर्विवाद रूप से, जिन्हें आसानी से दरकिनार भी नहीं किया जा सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,550.25 | 24,050.60 |
| बढ़त | 918.60 | 275.50 |
| प्रतिशत में | 1.20 | 1.16 |

सोना 1,55,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,47,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शनिवार, 11 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2595, राज श्री 1980, फ़ॉर्चून कि. 2715, रविन्द्रा 2540, फॉर्चून 13 किग्रा 2395, जय जवान 2125, सचिन 2320, सूरज 2125, अवसर 2100, उजाला 2130, गृहणी 13 किग्रा 2160, क्लासिक (किग्रा) 2500, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2480, स्वास्तिक 2550

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवाइन 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, **प्रति किग्रा :** लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किशमिश पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 9800, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किग्रा ,5 किग्रा) 10900, हरी पत्ती नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9400, गौरी प्रीमियम 10900, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4300

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**सोना पक्के जेवर प्रति 10 ग्राम :** 152600, गिन्नी जेवर 148600,

**चांदी पक्की प्रति किलो :** 241000

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3600, मसूरी 1200, बासमती 7400-8500, परमल 1200-3800

**दाल दलहन :** काला चना 2200-3400, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5400, राजमा 7600-12400, दाल उड़द 5400, साबुत मसूर दाल 2200, मसूर दाल 1400, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 5400-10000, अरहर दाल 10000 -12500, लोबिया/करमानी 1200-3600

# ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी

### ओएनजीसी के चेयरमैन ने कहा- नए भूराजनीतिक परिदृश्य ने बदल दिए हैं हालात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी के चेयरमैन एवं सीईओ अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न ऊर्जा गतिरोध के बाद भारत को तेल एवं गैस की आपूर्ति के पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की अपनी जरूरतों का करीब आधा एवं गैस का 30 प्रतिशत और एलपीजी का 85 से 90 प्रतिशत पश्चिम एशिया से आयात करने वाले भारत को ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति और कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाव के लिए रणनीतिक भंडारण क्षमता बढ़ानी चाहिए।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि खाड़ी देशों से निर्यात के लिए उपयोग होने वाला प्रमुख समुद्री मार्ग के छह सप्ताह तक बंद रहने से कई आयातक देशों में ऊर्जा संकट पैदा हो गया और भारत को भी गैस आपूर्ति में प्राथमिकता तय करनी पड़ी। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के प्रमुख ने कहा, यह मानकर चलना कि पश्चिम एशिया हमारे नजदीक है और वहां से संसाधन आसानी से मिल जाएंगे, अब सही नहीं रह गया है। भविष्य में यह धारणा भूल साबित हो सकती है। सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य और बढ़ते तनाव ऊर्जा सुरक्षा को लेकर स्थापित धारणाओं को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, परिस्थिति में अब बुनियादी बदलाव आया है। अगर दुनिया भूमंडलीकरण के रुझानों से अधिक उलट जाती है तो फिर हमें और समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



### संकट से बचाव के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाएं

सिंह ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने की जरूरत बताते हुए कहा कि देश में जहां भी तेल एवं गैस के संसाधन हैं, उनका उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने भारत के लिए अपने ऊर्जा स्रोतों एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। एलपीजी के संदर्भ में ओएनजीसी प्रमुख ने कहा कि भारत ने इसकी घरेलू आपूर्ति को पहले के 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक पहुंचाया है लेकिन इस काम में एक लागत भी आई है। सिंह ने घरेलू रसोई गैस आपूर्ति के लिए पीएनजी को प्राथमिकता देने की वकालत करते हुए कहा कि इससे संकट की स्थिति में रसोई गैस आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। वैश्विक बाजार में बढ़ती अस्थिरता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रिफाइनिंग मार्जिन अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित हो गए हैं।

### कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्ति करने का भरोसा दिया

नई दिल्ली। कतर ने भारत के लिए एक भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने का संकल्प दोहराया है। कतर के ऊर्जा मंत्री साद शेरिदा अल-काबी ने दोहा में भारतीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया। भारत सरकार ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि पुरी 9-10 अप्रैल तक कतर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। दोनों पक्षों ने आठ अप्रैल को घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत किया और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को जल्द खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। बयान में कहा गया कि उन्होंने आपूर्ति शृंखला को बनाए रखने के लिए निर्बाध नौवहन के महत्व पर भी बल दिया। कतर भारत को एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी क्रमश : 45 प्रतिशत और 20 प्रतिशत है।

## आयात और निर्यात के रुझानों पर नजर रखेगी सरकार

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह निर्यात-आयात के रुझानों और क्षेत्रीय तनाव संकेतकों पर नजर रखने के लिए एक साप्ताहिक निगरानी तंत्र स्थापित करेगा।

यह कदम इन चिंताओं के बीच उठाया गया है कि वैश्विक तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, लॉजिस्टिक बाधाएं और बढ़ती लागत से उद्योग प्रभावित हो सकते हैं। इस क्रम में आयोजित दो बैठकों में निर्यातकों ने पैकेजिंग सामग्री की बढ़ती लागत और अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र, विशेष रूप से पश्चिम एशिया क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही में आ रही बाधाओं पर चर्चा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पैकेजिंग सामग्री और उससे जुड़े कच्चे माल की कमी से पैदा चुनौतियों पर विचार किया गया। देखा गया कि वैश्विक घटनाक्रम पॉलीमर और रेजिन जैसे प्रमुख पेट्रोकेमिकल की उपलब्धता और कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

# वित्तीय शेयरों में खरीदारी से 919 अंक उछला सेंसेक्स

**मुंबई, एजेंसी**

### अमेरिका-ईरान वार्ता शुरू होने से निवेशकों का बढ़ा हौसला



घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बैंकों में तगड़ी खरीदारी आने से बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 918.60 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 275.50 अंक की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार पश्चिम एशिया संकट नरम पड़ने की संभावना, अमेरिका-ईरान वार्ता से उम्मीदें और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों का हौसला मजबूत हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 918.60 अंक यानी 1.20 प्रतिशत चढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 990.85 अंक उछलकर 77,622.50 के स्तर तक चला गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत बढ़कर 24,050.60 अंक पर पहुंच गया।

### लाभ में रहे ये शेयर

एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### इनमें आई गिरावट

सन फार्मा, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

### 955.90 करोड़ की खरीदारी

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 1,711.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 955.90 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

## विदेशी मुद्रा भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार एक सप्ताह पहले 27 मार्च को समाप्त अवधि में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद पश्चिम एशिया संकट के कारण इस भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट देखी जा रही थी। दरअसल, पश्चिम एशिया संकट के बाद रुपये पर बने हुए दबाव के बीच केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करता रहा है।

# शत-प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बाद परियोजनाओं को दें मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी नए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना को मंजूरी देने से पहले उसके लिए शत प्रतिशत भूमि अधिग्रहण होना चाहिए क्योंकि ऐसा न होने पर यह सड़क निर्माण में एक बड़ी बाधा बनता है।

विकसित भारत 2047 पर आयोजित 17वें सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि राजमार्ग मंत्रालय के पास 15 लाख करोड़ रुपये मूल्य की राजमार्ग परिसंपत्तियां हैं जिनका मौद्रीकरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा, भूमि अधिग्रहण, वन एवं पर्यावरण मंजूरी राजमार्ग परियोजनाओं के समक्ष पेश होने वाली बड़ी समस्याएं हैं। हमने यह अनिवार्य किया था कि 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बिना कोई नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना शुरू नहीं होगी। अब मेरा मानना है कि 100 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बिना नई परियोजनाओं के लिए अपॉइंटेड डेट नहीं दी जानी चाहिए।



- गडकरी ने कहा- पूरा अधिग्रहण न होने से निर्माण में आती है बाधा

राजमार्ग परियोजनाओं के लिए अपॉइंटेड डेट औपचारिक शुरुआत की तारीख होती है जो यह संकेत देती है कि निर्माण शुरू करने के लिए भूमि अधिग्रहण एवं आवश्यक मंजूरियां पूर्णतः पूरी हो चुकी हैं। गडकरी ने एकबार फिर दोहराया कि राजमार्ग निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने वाले सलाहकार ही सड़कों की खराब हालात के असली जिम्मेदार हैं।

## चांदी 3,800 रुपये मजबूत, सोना 400 रुपये ऊपर चढ़ा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 3,800 रुपये बढ़कर 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता और डॉलर में कमजोर रुख के बीच सर्राफा कीमतों में तेजी आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 3,800 रुपये यानी 1.6 प्रतिशत बढ़कर सभी टैक्स सहित 2,47,000 रुपये किलोग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को इसमें गिरावट आई थी और यह 2,43,200 रुपये किलोग्राम रही थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 400 रुपये बढ़कर सभी टैक्स सहित 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इस तेजी के साथ कीमती धातुओं के लिए यह एक मजबूत सप्ताह साबित हुआ।

# एडीबी ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9% किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9 प्रतिशत रहने का शुक्रवार को अनुमान लगाया। वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है।

'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे कई माध्यमों के जरिये भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। एडीबी ने अनुमान जताया कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।




- कहा- पश्चिम एशिया संघर्ष लंबा खिंचा तो देश के आर्थिक प्रदर्शन पर पड़ेगा प्रतिकूल असर

भारतीय अर्थव्यवस्था के गत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से अधिक है। इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और जीएसटी में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश को माना जा रहा है। कहा गया, वैश्विक आर्थिक और भूराजनीतिक माहौल के बिगड़ने के बावजूद अगले वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर बनी रहने का अनुमान है।

## राज्य सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों के बीच महंगाई भत्ते में भेदभाव नहीं कर सकताः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य महंगाई भत्ते को बढ़ाते समय सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता।

सेवानिवृत्त लोगों के समानता के अधिकार को बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने केरल सरकार और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा दायर अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने साफ किया कि महंगाई का प्रभाव सेवारत और सेवानिवृत्त, दोनों कर्मचारियों पर समान रूप से पड़ता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने फैसले में लिखा, समानता एक गतिशील अवधारणा है और इसे पारंपरिक सीमाओं में कैद नहीं किया जा सकता। वास्तव में, समानता और मनमानापन एक-दूसरे के एकदम विपरीत हैं, एक गणराज्य में कानून के शासन का हिस्सा है, जबकि दूसरा एक निरंकुश शासक की सनक है। उन्होंने अपने फैसले में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का हवाला दिया।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा

### अमित शाह ने जारी किया भाजपा का घोषणापत्र, बोले- ये सोनार बांग्ला की रूपरेखा

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी करते हुए घुसपैठ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने, समान नागरिक संहिता लागू करने और महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए व्यापक कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां संकल्प पत्र जारी कर इसे सोनार बांग्ला के निर्माण की रूपरेखा बताया और ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पिछले 15 वर्षों का शासन राज्य की जनता के लिए बुरे सपने जैसा साबित हुआ है।

शाह ने चुनावी मुकाबले को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा, घुसपैठ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जनमत-




कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा का संकल्पपत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

संग्रह में बदलने का आह्वान करते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस से ऊब चुका पश्चिम बंगाल अब बदलाव चाहता है। घुसपैठ और सीमा सुरक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार घुसपैठियों के खिलाफ डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट की नीति अपनाएगी। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में हमारी सरकार घुसपैठ को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाएगी। पार्टी ने राज्य की सीमाओं को मजबूत करने, मवेशी तस्करी पर रोक लगाने और सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों और घुसपैठियों से मुक्त कराने का भी वादा किया।

### प्रमुख वादे

- शाह ने कहा, भाजपा शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू हो चुकी है। हम इसे पश्चिम बंगाल में भी छह महीने के भीतर लागू करेंगे, ताकि हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो।
- अल्पसंख्यकों की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसा कानून बनाएगी जिसमें हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की पूरी स्वतंत्रता मिलेगी।
- उन्होंने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण और सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा का वादा भी किया। दरअसल राज्य के मतदाताओं में करीब 50% महिलाएं हैं।
- संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 3,000 रुपये भत्ता दिया जाएगा, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 15,000 रुपये अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

## असम में जीत का भरोसा नहीं था इसलिए भाजपा ने यूपी से भेजे 50,000 लोगः ममता

**तेंतुलिया।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा असम में वहां के निवासियों के वोट के दम पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं थी इसलिए वह वहां के चुनाव में बाहर से लोगों को लेकर आई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार के रहते देश में कोई भी एजेंसी तटस्थ नहीं है क्योंकि उसने सबको खरीद लिया है।

ममता बनर्जी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को लेकर एक पूरी ट्रेन असम भेजी गई। ममता बनर्जी ने कहा,

- कहा- देश में कोई एजेंसी निष्पक्ष नहीं, भाजपा ने सबको खरीद लिया

सांप पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन भाजपा पर नहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल में भी बाहर से लोगों को लाने के लिए इसी तरीके का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है और इसी कारण अधिकारियों का तबादला किया गया। उन्होंने कहा, लोगों, पैसे और मादक पदार्थों को लाया जा रहा है लेकिन हमारे कार्यकर्ता मुकाबला करेंगे और जीतेंगे।



### हटाए गए 90 लाख नामों में 30 लाख मुसलमान, 60 लाख हिंदू

ममता ने कहा कि बंगाल में एसआईआर के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार के अनुसार, इनमें से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुसलमानों के हैं। उन्होंने दावा किया कि असम में एनआरसी प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए 19 लाख नामों में से 13 लाख हिंदुओं और छह लाख नाम मुसलमानों के थे।

### रिकॉर्डः तमिलनाडु में 4,618 उम्मीदवार

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को नाम वापसी के बाद अब 4,618 उम्मीदवार मैदान में हैं जो अब तक के सर्वाधिक हैं। आंकड़ों के अनुसार, नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने तक रिकॉर्ड 7,599 नामांकन दाखिल किए गए जिनमें 6,216 पुरुष और 1,380 महिलाओं के हैं। इनमें से 4,618 नामांकन स्वीकार किए गए, 2,640 खारिज कर दिए गए। 521 ने नाम वापस ले लिए हैं। आयोग ने 911 नामांकनों को प्रतिस्पर्धी के रूप में वर्गीकृत किया है।

## एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल में हुमायूं कबीर से तोड़ी साझेदारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने शुक्रवार को आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर के साथ अपना गठबंधन तोड़ने की घोषणा की है। यह कदम हुमायूं कबीर का वह स्टिंग वीडियो सामने आने के बाद उठाया गया है जिसमें वह कहते दिखाई दिए कि ममता बनर्जी को हराने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से उनका 1,000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ है।

एआईएमआईएम ने स्पष्ट किया है कि वह अब पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में पार्टी ने कहा कि वह ऐसे किसी कृत्य के साथ नहीं जुड़ सकती जो मुसलमानों की निष्ठा पर सवाल खड़ा करे। यह अलगाव तब हुआ है जब राजनीतिक हलकों में एक स्टिंग वीडियो सामने आया है, जिसमें हुमायूं कबीर को विवादित टिप्पणी और राजनीतिक सौदेबाजी करते हुए दिखाया गया है। इन दावों ने राज्य में एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। यह वीडियो सामने आने के बाद कबीर के ओवैसी की पार्टी से गठबंधन पर भी सवाल उठे थे। हालांकि, कबीर ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया है।

### भाजपा से 1,000 करोड़ रुपये का सौदा करने के कुबूलनामे के बाद उठाया कदम

## असमः पुलिस ने एजेपी प्रमुख के घर की तलाशी ली

**डिब्रूगढ़।** असम में विधानसभा चुनाव के दिन हुई एक घटना के सिलसिले में शुक्रवार को असम जातीय परिषद (एजेपी) के अध्यक्ष और पार्टी प्रत्याशी लुरिंज्योति गोगोई के आवास की तलाशी ली गई।

गोगोई खोवांग निर्वाचन क्षेत्र से विपक्ष के उम्मीदवार हैं। एजेपी के नेताओं ने कहा, लगभग दो घंटे तक गहन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस पर वारंट भी नहीं था। एजेपी ने आरोप लगाया था कि भाजपा खोवांग के एक घर में आईटी सेल चला रही है।पुलिस के साथ एजेपी कार्यकर्ता वहां पहुंचे तो तीखी बहस के बाद एजेपी कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए, जिसमें तीनों एजेपी नेता घायल हो गए।

## मुख्यमंत्री स्टालिन ने मेट्रो ट्रेन में यात्रियों से किया सीधा संवाद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेन्नई मेट्रो में सफर कर चुनाव प्रचार किया। स्टालिन ने आम यात्रियों के साथ ट्रेन में यात्रा की और उनसे शासन और सरकारी योजनाओं पर फीडबैक लिया। स्टालिन चेन्नई सेंट्रल मेट्रो स्टेशन से डीएमएस मेट्रो स्टेशन तक गए। अचानक मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर यात्री हैरान रह गए।

## चुनावी लाभ के लिए महिला आरक्षण पर बुलाई गई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनावी लाभ लेने के लिए महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाई है, जो आचार संहिता का उल्लंघन है।

उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत के अनुपात में वृद्धि को लेकर जिस परिसीमन की बात हो रही है, उसके गंभीर परिणाम होंगे। ऐसे में परिसीमन को लेकर गहन विचार-विमर्श की जरूरत है। खरगे ने निर्वाचन आयोग पर गृह मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय की तरह काम काम करने का आरोप लगाया और कहा कि उससे यह उम्मीद करना बेमानी है कि वह आचार संहिता के उल्लंघन के इस मामले पर गौर करेगा।



# भारत के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर को दुनिया ने सराहा

● आईएईए ने कहा, भविष्य की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत के परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत का प्रतीक माने जा रहे प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सराहना की है।

वैश्विक परमाणु नियामक आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा पहली बार क्रांतिकता (क्रिटिकैलिटी) हासिल किया जाना ईंधन की दीर्घकालिक स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य की दिशा में एक अहम व निर्णायक कदम है। परमाणु रिएक्टर में 'क्रांतिकता' नाभिकीय श्रृंखला प्रतिक्रिया की वह स्थिर, स्व-पोषक अवस्था है, जिसमें न्यूट्रॉन उत्पादन न्यूट्रॉन हानि को संतुलित करता है, जिससे नियंत्रित मात्रा में विद्युत उत्पादन संभव हो पाता है। ग्रॉसी ने एक्स पर कहा कि कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रांतिकता हासिल करने की दिशा में भारत ने प्रभावशाली प्रगति की है, जो ईंधन की स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में रूस के बाद यह दूसरा रिएक्टर है।

## 23 करोड़ की ठगी में सीबीआई ने की चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए गुलमोहर पार्क निवासी एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मी से 23 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 15 मार्च को मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई ने सिलीगुड़ी निवासी साग्निक रॉय और उसकी कंपनी 'सिक्योरिंग वर्ल्ड सोशल एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल' के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया, जिसके खातों में कथित रूप से ठगी की रकम अंतरित हुई थी।

# गगनयान मिशन : इसरो का दूसरा एयर ड्रॉप टेस्ट सफल

● यह प्रणाली कैप्सूल में प्रवेश और निकासी के लिए आवश्यक

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष स्टेशन पर आगामी गगनयान मिशन के लिए दूसरा एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह प्रणाली कैप्सूल कर्मी दल मॉड्यूल के कैप्सूल के पुनः प्रवेश और लैंडिंग के दौरान उसके सुरक्षित रूप से उतरने के लिए आवश्यक है। मानव उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यात्री इसी कैप्सूल में बैठेंगे।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सफल परीक्षण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत के पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए दूसरे एकीकृत एयर-ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) के सफलता पूर्वक पूरा होने पर इसरो को बधाई। गगनयान के अगले साल अंतरिक्ष में प्रक्षेपित होने की संभावना है। दूसरा एकीकृत एयर-ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) सतीश धवन अंतरिक्ष स्टेशन श्रीहरिकोटा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। पहले आईएडीटी परीक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद आईएडीटी-02 शुरू किया गया। पहला परीक्षण 24 अगस्त, 2025 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ था। एयर ड्रॉप परीक्षण में अंतरिक्ष यान की पृथ्वी पर वापसी के अंतिम चरण की प्रक्रिया का अभ्यास किया जाता है। विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न प्रणालियों का परीक्षण करने के लिए एक विमान या हेलीकॉप्टर अंतरिक्ष यान को एक निश्चित ऊंचाई से गिराता है।

इनमें मिशन के बीच में रद्द होने की स्थिति में पैराशूट प्रणाली की तैनाती, एक पैराशूट के नहीं खुलने की स्थिति में प्रणाली का प्रदर्शन और पानी में उतरने के दौरान अंतरिक्ष यान का अभिविन्यास और सुरक्षा आदि शामिल हैं। पहले आईएडीटी में एक चिनूक हेलीकॉप्टर द्वारा तीन किलोमीटर की ऊंचाई से 4.8 टन के डमी कर्मी दल मॉड्यूल को गिराया गया था। मॉड्यूल के अलग होने के बाद 10 पैराशूट से युक्त एक पैराशूट प्रणाली तैनात की गई जिससे कैप्सूल की गति को कम करके उसे सुरक्षित रूप से पानी में उतरने की गति तक पहुंचाने में मदद मिली।



### इसरो को एआईएमए का पब्लिक सर्विस एक्सीलेंस पुरस्कार

**नई दिल्ली/ चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) ने सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता के लिए एआईएमए विशेष पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एआईएमए प्लैटिनम जुबली (70वें) नेशनल लीडरशिप कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसरो को यह पुरस्कार प्रदान किया। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन की ओर से ह्यूमन स्पेस फ्लाइट सेंटर के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने इस सम्मान को ग्रहण किया। एआईएमए ने राष्ट्रीय विकास के समर्थन में अंतरिक्ष-आधारित प्रणालियों और अनुप्रयोगों को संचालित करने में इसरो की सराहना की।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ऑर्थोडॉक्स ईस्टर पर यूक्रेन में युद्धविराम

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन में ऑर्थोडॉक्स ईस्टर सप्ताहांत के दौरान 32 घंटे के युद्धविराम की घोषणा की। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'ऑर्थोडॉक्स ईस्टर' के अवसर पर शत्रुता को कुछ समय के लिए रोकने का आह्वान किया था। क्रेमलिन द्वारा जारी पुतिन के आदेश में रूसी सेनाओं को शनिवार शाम चार बजे (स्थानीय समयानुसार) से रविवार शाम तक युद्धविराम का पालन करने का आदेश दिया गया है। जेलेंस्की ने सप्ताह की शुरुआत में प्रस्ताव रखा कि दोनों पक्ष छुट्टियों के दौरान एक-दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद कर दें।

### कर्नल पुरोहित को मिलेगी ब्रिगेडियर रैंक

**नई दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है। उच्चतम न्यायालय ने 2017 में कर्नल पुरोहित को इस मामले में जमानत दे दी थी। इसके बाद से वह सेना में अपनी ड्यूटी कर रहे थे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अदालत ने गत वर्ष उन्हें इस मामले में बरी कर दिया था।

### सूडान में ड्रोन हमले में 30 लोग मारे गए

**काहिरा।** सूडान में दारफुर क्षेत्र के एक कस्बे में एक शादी समारोह पर ड्रोन हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 30 आम नागरिकों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि यह शादी समारोह उत्तरी दारफुर के कुतुम कस्बे में हो रहा था। यह हमला सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच बढ़ते ड्रोन हमलों की कड़ी में हालिया घटना है। दोनों पक्ष अप्रैल 2023 से युद्धरत हैं।

### सहयोग को गहरा करेंगे उत्तर कोरिया-चीन

**सियोल।** उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने बैठक के दौरान मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

# सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को दे रहे थे जानकारी, 11 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही पर नज़र रखने और यह जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े अपने आकाओं को भेजने वाले एक जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस बाबत 11 लोगों को गिरफ्तार करके पास से हथियार बरामद किए गए हैं।

विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस मॉड्यूल ने पंजाब और राजस्थान में संवेदनशील सैन्य ठिकानों के पास सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरों का एक गुप्त निगरानी नेटवर्क स्थापित किया था। अधिकारी ने कहा कि दो समन्वित अभियानों में की गई इस कार्रवाई के तहत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ी एक बड़ी साजिश का भी खुलासा हुआ है। उन्होंने यह मॉड्यूल जासूसी, हथियारों की तस्करी और महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों की रेकी में शामिल था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा था।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि पंजाब के कपूरथला, जालंधर, पठानकोट, पटियाला और मोगा के साथ-साथ हरियाणा का अंबाला, जम्मू-कश्मीर का कठुआ और राजस्थान के बीकानेर एवं अलवर में कैमरे लगाए गए थे।

अधिकारी ने बताया कि सैनिकों की नियमित आवाजाही, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से निकटता और प्रमुख सैन्य छावनियों तथा साजो-समान गलियारा होने के कारण इन स्थानों को अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है।

सीसीटीवी की फीड फर्जी पहचान पत्र पर लिए गए सिम कार्ड के माध्यम से चलाए जा रहे मोबाइल ऐप के जरिए पाकिस्तान स्थित आंकाओं को भेजी जा रही थी। यह मॉड्यूल पाकिस्तान स्थित सदस्यों के सीधे निर्देशों पर काम कर रहा था।



### नौ सीसीटीवी कैमरे और चार पिस्तौल बरामद

खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने नौ सीसीटीवी कैमरे, तीन विदेश निर्मित समेत चार पिस्तौल और 24 कारतूस बरामद किए। दक्षिण पश्चिम रेंज द्वारा चलाए गए दूसरे अभियान में पंजाब से पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो रेकी और सेना व सीमा सुरक्षा बल से जुड़े प्रतिष्ठानों के संवेदनशील दृश्य साझा करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें पैसों का लालच देकर इस नेटवर्क में शामिल किया गया था, और ये पैसा सीमा पार से आने वाले हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी से आता था। वे सिम कार्ड, परिवहन और चिन्हित स्थानों पर निगरानी उपकरण लगाने जैसी व्यवस्था करने में भी शामिल थे।

### सैन्य छावनियों व सीमावर्ती सड़कों पर लगाए गए थे सीसीटीवी कैमरे

ये कैमरे जानबूझकर सैन्य छावनियों, सीमावर्ती सड़कों और अन्य उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों के पास की गतिविधियों को दर्ज करने के लिए लगाए गए थे। पुलिस ने बताया कि इस मॉड्यूल को स्थानीय युवाओं की भर्ती करने और दीर्घकालिक जासूसी अभियानों को जारी रखने के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करने का भी काम सौंपा गया था। कुछ आरोपी सैन्य छावनियों की रेकी करने और सीमा पार बैठे आकाओं के साथ फोटो व वीडियो साझा करने में शामिल थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरणों के उपयोग ने सीधे बिजली आपूर्ति के बिना भी दूरदराज के क्षेत्रों में निर्बाध निगरानी सुनिश्चित की, जिससे इनका पता लगाना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि इसका तकनीकी पहलू बाहरी मार्गदर्शन और समर्थन की ओर इशारा करता है। अधिकारी ने बताया कि जासूसी के अलावा, जांच में हथियार तस्करी नेटवर्क का भी पर्दाफाश हुआ है जिसमें पाकिस्तान स्थित आकाओं ने भारतीय एजेंटों को अवैध हथियार प्राप्त करने और वितरित करने का निर्देश दिया था।

# उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने तेहरान को चेताया, अमेरिका के साथ ना खेलो

● वार्ता के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पूर्व ईरान को किया आगाह

वाशिंगटन, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पहले तेहरान को आगाह किया कि वह अमेरिका के साथ 'खेल' ना खेले। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी लोगों में से उस व्यक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपी है, जो ईरान के साथ संघर्ष का सबसे अनिच्छुक समर्थक प्रतीत हो रहे हैं।

लेकिन अब वेंस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह छह सप्ताह पहले शुरू हुए इस युद्ध का समाधान ढूंढ़े और अमेरिकी राष्ट्रपति की ईरान की 'पूरी सभ्यता' को नष्ट करने की चौंकाने वाली धमकी को चरितार्थ न होने दें। वेंस संघर्ष वाले क्षेत्रों में सैनिकों को भेजने के पक्ष में नहीं रहे हैं। वेंस पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान के साथ मध्यस्थता वार्ता का नेतृत्व करने के लिए शुक्रवार को रवाना हुए।

पाकिस्तान जाने के लिए 'एयर फोर्स-टू' में सवार होते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम वार्ता के लिए उत्सुक हैं। मुझे लगता है कि यह सकारात्मक रहेगी। देखते हैं आगे क्या होता है। उन्होंने ट्रंप का हवाला देते हुए कहा, अगर ईरानी सद्भावना से बातचीत करने को तैयार हैं, तो हम भी उनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि अगर वे हमसे 'खेल' खेलने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें पता चलेगा कि वार्ताकार दल इतना भी सहयोगी नहीं है।

वेंस ने कहा कि ट्रंप ने उन्हें बातचीत के तरीके के बारे में कुछ स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। 'स की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब एक नाजुक और अस्थायी युद्धविराम टूटने की कगार पर है। ईरान की सार्वजनिक मांगों और अमेरिका तथा उसके सहयोगी इज़राइल की मांगों के बीच का अंतर पाटने योग्य नहीं लगता। अमेरिका में इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए राजनीतिक और आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। गौरतलब है कि वेंस दो साल बाद मतदाताओं से खुद को अगला राष्ट्रपति चुनने के लिए कह सकते हैं। वेंस के साथ ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी शामिल हैं, जिन्होंने ट्रंप और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने से पहले तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक हथियार कार्यक्रमों और पश्चिम एशिया में सशस्त्र 'प्रॉक्सी' (छद्म) समूहों के लिए उसके समर्थन के बारे में अमेरिकी चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से ईरानी वार्ताकारों के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के तीन दौर में भाग लिया था।



### शरीफ का सोशल पोस्ट तैयार करने में व्हाइट हाउस सीधे शामिल था

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस ईरान युद्ध पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के उस सोशल मीडिया पोस्ट को तैयार करने में सीधे तौर पर शामिल था जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से तेहरान के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और हमले रोकने के लिए निर्धारित सात अप्रैल की समय सीमा को दो हफ्ते बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स में कहा गया है, व्हाइट हाउस शरीफ की ओर से मंगलवार को एक्स पर साझा किए गए पोस्ट को तैयार करने में सीधे तौर पर शामिल था। इस पोस्ट में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा था, पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के समाधान को राजनयिक प्रयास आगे बढ़ रहे हैं।

## जिनपिंग से मिलीं ताइवान की विपक्ष के नेता ली वुन

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को ताइवान के विपक्ष की नेता चेंग ली-वुन से बीजिंग में मुलाकात की और कहा कि शांति दोनों पक्षों के लोगों की साझा इच्छा है। यह मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगले महीने चीन की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। ताइवान के चीनी मुख्य भूमि से पुनः एकीकरण को लेकर उस पर बीजिंग द्वारा सैन्य एवं कूटनीति दबाव बढ़ाने के प्रयासों के बीच चेंग पिछले एक दशक में चीन की यात्रा करने वाली पहली कुओमिनतांग (केएमटी) अध्यक्ष हैं। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे मुख्यभूमि के साथ पुनः एकीकृत करने का संकल्प दोहराता रहा है। बीजिंग में शी जिनपिंग ने चेंग ली-वुन से मुलाकात के दौरान कहा कि दोनों पक्षों के लोग चीनी ही हैं और हमें शांति चाहिए, हमें विकास चाहिए, हमें संवाद चाहिए और हमें सहयोग चाहिए। यह हम सबकी साझा इच्छा है। उन्होंने विश्वास जताया कि ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोग अंततः एक-दूसरे के और करीब तथा साथ आएंगे। शी ने कहा कि यह ऐतिहासिक प्रवृत्ति बदलने वाली नहीं है कि जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोग एक-दूसरे के करीब और साथ आएंगे।

● चीन के राष्ट्रपति बोले शांति दोनों पक्षों के लागों की साझा इच्छा

# मिसरी एवं रुबियो ने की व्यापार और क्वाड सहित कई मुद्दों पर बातचीत

● अमेरिकी विदेश मंत्री मई में करेंगे भारत की यात्रा

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सार्थक बैठक कर व्यापार और 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) सहित कई मुद्दों पर चर्चा की तथा बैठक के बाद अमेरिकी मंत्री के अगले महीने भारत की यात्रा पर जाने की घोषणा की गई। मिसरी तीन दिन की यात्रा पर अमेरिका आए हैं। उन्होंने और रुबियो ने व्हाइट हाउस में मुलाकात कर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और 'क्वाड' पर विशेष ध्यान देते हुए द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर लिखा कि व्हाइट हाउस में विक्रम मिसरी का स्वागत है। मंत्री रुबियो के साथ सार्थक बैठक हुई जिसमें हमारे द्विपक्षीय संबंधों, खास तौर पर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा एवं 'क्वाड' पर ध्यान केंद्रित किया गया। गोर ने कहा कि मंत्री रुबियो अगले महीने भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक हैं। अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा कि हम भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं अन्य कई क्षेत्रों में अपनी भागीदारी को और गहरा करने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले, मिसरी ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ और राजनीतिक मामलों की अवर विदेश मंत्री एलिसन हूकर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि क्रिस्टोफर लैंडौ ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी से वाशिंगटन में मुलाकात की। नेताओं ने दोनों देशों के बीच करीबी साझेदारी की पुनः पुष्टि की और फारस की खाड़ी संबंधी स्थिति तथा अन्य वैश्विक एवं क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की। भारतीय दूतावास के अनुसार, मिसरी और लैंडौ ने द्विपक्षीय प्राथमिकताओं पर चर्चा की तथा पारस्परिक चिंता के क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर भी चार साझा किए।

## पवन खेड़ा को हाईकोर्ट से मिली एक सप्ताह की अग्रिम जमानत

**हैदराबाद।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को थोड़ी राहत देते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय ने उन्हें असम पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में शुक्रवार को एक सप्ताह की अस्थायी अग्रिम जमानत दे दी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के खिलाफ लगाए गए उनके आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि याचिकाकर्ता को संबंधित अदालत में आवेदन दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है। इस अवधि के लिए शर्तों के साथ राहत प्रदान की जाती है। कांग्रेस नेता ने पांच अप्रैल को आरोप लगाया था कि असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्तियां हैं, जिनका खुलासा राज्य में नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया। खेड़ा के खिलाफ मामला गुवाहाटी अपराध शाखा के पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष:** आज का दिन सतर्कता की मांग करता है। अधिकारी के साथ विमर्श लाभ देगा। परिवार में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए लाभदायक है। पुराने अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे। किसी नए अवसर का आरंभ संभव है।

**मिथुन:** आज मानसिक स्पष्टता बनी रहेगी और निर्णय सटीक होंगे। शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क:** आज धन लाभ सामान्य रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के संकेत हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। जल्दबाजी में निर्णय न लें।

**सिंह:** आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी और आपके सुझाव प्रभावशाली सिद्ध होंगे। रिश्तों में सुधार होगा।

**कन्या:** आज दिन शांतिपूर्ण और फलदायी रहेगा। कार्यों में व्यवस्थित प्रगति होगी। धन लाभ के नए अवसर बनेंगे। किसी यात्रा का योग है।

**तुला:** आज दिन मिश्रित रहेगा। कुछ कार्यों में रुकावट आ सकती है, पर धैर्य से स्थितियां सुधर जाएंगी। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें।

**वृश्चिक:** आज आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति बढ़ेगी। धन लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। पारिवारिक मामलों में आप निर्णयकर्ता की भूमिका निभाएंगे।

**धनु:** आज कार्यक्षेत्र में उच्च परिणाम प्राप्त होंगे। भाग्य का साथ बना रहेगा। सीखने और आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। यात्रा के योग भी प्रबल हैं।


**मकर:** आज चंद्रमा आपकी ही राशि में है, जिससे निर्णय क्षमता चरम पर रहेगी। कार्यक्षेत्र में बड़ी प्रगति संभव है। नए अवसर मिलेंगे।

**कुंभ:** आज का दिन उत्साहपूर्ण रहेगा। नए लोगों से संपर्क लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**मीन:** आज आपको किसी वरिष्ठ या महत्वपूर्ण व्यक्ति का सहयोग मिल सकता है। धन लाभ के अवसर बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 12 अप्रैल 00.37 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। **ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-उत्तराषाढ़ा 13.39 तक तत्पश्चात श्रवण।

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |

### सुडोकू -116

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | 5 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 8 | |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 6 | | 4 | | 8 | | | 5 |
| | | 2 | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | 6 | |

## कमांडर मिन आंग ह्लाइंग बने म्यांमार के राष्ट्रपति

**बैंकॉक, एजेंसी।** म्यांमा के सैन्य कमांडर मिन आंग ह्लाइंग ने शुक्रवार को निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। ह्लाइंग ने वर्ष 2021 में आंग सान सू ची की असैन्य सरकार से सत्ता छीनने के बाद से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश पर कठोर शासन किया। उनका शपथ ग्रहण समारोह उस आम चुनाव के बाद हुआ, जिसे संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों और मानवाधिकार समूहों ने न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष बताया है।

सू ची की लोकप्रिय 'नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी' पार्टी समेत कई अन्य पार्टियों ने इसमें भाग नहीं लिया। ह्लाइंग के सामने सू ची को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद शुरू हुए गृहयुद्ध को समाप्त करने की बड़ी चुनौती है, जिसका सशस्त्र प्रतिरोध हुआ था। नाममात्र की लोकतांत्रिक सरकार की ओर वापसी को व्यापक रूप से असैन्य शासन की आड़ में सेना को सत्ता में बनाए रखने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## क्षयरोग सुरक्षा

### अनुसंधानकर्ताओं ने दो नए टीकों पर प्रीवेंटबी नाम परीक्षण कर निकाला निष्कर्ष

# टीबी के सभी स्वरूपों पर नए टीकों के प्रभाव को लेकर आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी

क्षय रोग (टीबी) के दो नए टीके भारत में वयस्कों और बच्चों के लिए सुरक्षित हो सकते हैं, लेकिन हो सकता है कि ये संक्रामक जीवाणु रोग के सभी स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान न करें।

यह बात ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित तीसरे चरण के परीक्षण परिणामों में कही गई है। चरण-3 अंतिम दौर का अध्ययन है जिसमें सुरक्षा और प्रभावकारिता का निर्धारण करने के लिए एक नए उपचार की तुलना वर्तमान प्रक्रिया से की गई है। अनुसंधानकर्ताओं ने टीबी के मामलों को कम करने में दो नए टीकों - वीपीएम1002 और इम्यूवैक - की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए प्रीवेंटबी नामक परीक्षण किया। अध्ययन में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसंधानकर्ता भी शामिल रहे। भारत में, टीबी से बचाव के लिए शिशुओं को जन्म के समय 'बैसिलस कैलमेट-गुएरिन' (बीसीजी) नामक टीका लगाया जाता है। वीपीएम1002 पुनः संयोजन वाला बीसीजी टीका है जिसे जर्मनी आधारित कंपनी 'सीरम लाइफ साइंस यूरोप जीएमबीएच' द्वारा विकसित किया गया है। पुनः संयोजन वाले टीके में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सक्रिय करने के लिए किसी रोगजनक से एंटीजन उत्पन्न करने के लिए आनुवंशिक इंजीनियरिंग का उपयोग किया जाता है। 'इम्युवैक' को आईसीएमआर और अहमदाबाद आधारित कैडिला फार्मास्युटिकल्स द्वारा विकसित किया गया है तथा यह रोगजनक के गैर-संक्रामक स्वरूप का उपयोग करके बनाया गया एक निष्क्रिय तत्व टीका है।

### छोटे बच्चों के गंभीर संक्रमण में टीका काफी कारगर

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि बीसीजी टीका छोटे बच्चों में टीबी के गंभीर स्वरूपों के खिलाफ प्रभावी है, लेकिन किशोरों और वयस्कों को सुरक्षा प्रदान नहीं करता। जुलाई 2019 से दिसंबर 2020 के बीच दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित छह राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के 18 स्थानों से टीबी रोगियों के छह वर्ष और इससे अधिक आयु के 12,700 से अधिक घरेलू संपर्कों का विश्लेषण किया गया। प्रतिभागियों को रैंडम रूप से वीपीएम1002, इम्यूवैक या प्लेसीबो की खुराक प्राप्त करने को कहा गया (प्रत्येक समूह में 4,239 प्रतिभागी थे, 38 महीनों तक उनका उन पर नजर रखी गई। इसके एक महीने बाद 11,829 प्रतिभागियों को दूसरी खुराक दी गई। कुल 12,295 ने 38 महीने की अनुवर्ती प्रक्रिया पूरी की।



वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में शामिल करने के फैसले में हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। असाधारण प्रतिभा के धनी खिलाड़ी को ज्यादा देर रोक पाना कठिन है लेकिन अपेक्षाओं के अत्यधिक दबाव से इस युवा खिलाड़ी पर अनावश्यक दबाव बनेगा।
–अनिल कुंबले



अमृत विचार
www.amritvichar.com

IPL 2026

## आज के मुकाबले

पंजाब किंग्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
**समय** - शाम 7:30 बजे

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को दिया 202 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : कप्तान रजत पाटीदार ने 40 गेंदों पर 63 रनों की पारी खेली

गुवाहाटी, एजेंसी

कप्तान रजत पाटीदार (63 ), विराट कोहली (32) ओर वेंकटेश अय्यर (नाबाद 29) की शानदार पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 17वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आठ विकेट पर 201 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

आज यहां राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी को जोफ्रा आर्चर ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट (शून्य) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड्डिक्कल ने विराट कोहली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 44 रनों की साझेदारी हुई। तीसरे ओवर में आर्चर ने पड्डिक्कल (14) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। क्रुणाल पड्या (एक) और विराट कोहली को रवि बिश्नोई ने अपना शिकार बनाया। विराट कोहली ने 16 गेंदों में सात चौकों की मदद से 32 रन बनाये। जितेश शर्मा (पांच) और टिम डेविड (13) को ब्रिजेश शर्मा ने आउट किया। रोमारियो शेफर्ड ने 11 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाये। उन्हें रवींद्र जडेजा ने आउट किया। 18वें ओवर में संदीप शर्मा ने रजत पाटीदार को आउट कर आरसीबी को बड़ा झटका दिया। पाटीदार ने 40 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की पारी खेली। विकेट गिरते रहने के बावजूद आरसीबी ने रनों की रफ्तार को बनाये रखा और स्कोर को 200 रन के पार पहुंचा दिया।

आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 201 रनों का विशाल स्कोर बनाया। वेंकटेश अय्यर ने 15 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 29 रन बनाये। भुवनेश्वर कुमार नौ रन बनाकर नाबाद रहे। आरआर के लिए जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई और बृजेश शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। संदीप शर्मा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली का विकेट लेने का जश्न मनाते राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई। एजेंसी

### गेंदबाजी करते समय चोट लगना स्वाभाविक : अशोक

**नई दिल्ली।** अपनी तेज गेंदबाजी से क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी तरफ खींचने वाले अशोक शर्मा जानते हैं 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में स्वाभाविक रूप से जोखिम होते हैं, लेकिन उनका मानना है कि समय पर सोने सहित अनुशासित जीवनशैली से इसे बचा जा सकता है। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज ने अपने दूसरे आईपीएल मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 154 .2 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से एक गेंद फेंकी थी, जिससे क्रिकेट जगत की उनमें दिलचस्पी पैदा हो गई। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में राजस्थान के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद गुजरात टाइटंस ने 90 लाख रुपये में खरीदा था।

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.403 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 0.637 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.501 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

### ऑरेंज कैप



यशस्वी जायसवाल
राजस्थान–170 रन
समीर रिजवी
दिल्ली – 160 रन
अंगकृष रघुवंशी
कोलकाता–155 रन

### पर्पल कैप

रवि विश्नोई
राजस्थान– 9 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात – 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात– 5 विकेट



### कैफ ने पंत के बारे में कहा- आप जिम्मेदारी नहीं लेंगे तो मैच जीतने में मदद नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी** : पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपनी खेल की समझ में सुधार करना होगा और लगातार अच्छे परिणाम के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। एलएसजी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पंत इस मैच में केवल 10 रन बना पाए थे और उनके शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। मुकुल चौधरी के नाबाद 54 रन की मदद से एलएसजी ने यह मैच जीता था। पंत के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और कैफ ने इसी संदर्भ में उनकी आलोचना की। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा टीम को जरूरत थी कि वह अंत तक क्रीज पर टिके





रहें। वह अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो 2016 से आईपीएल में खेल रहे हैं। जब वह बल्लेबाजी करने आए तो स्थिति मुश्किल नहीं थी। एलएसजी ने पहले पांच ओवरों में ही 41 रन बना लिए थे। किसी एक बल्लेबाज को जिम्मेदारी लेनी थी और अंत तक बल्लेबाजी करनी थी। यह भूमिका पंत को निभानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कप्तान होने के नाते अगर आप जिम्मेदारी नहीं लेते हैं, तो आप अपनी टीम को मैच जिताने में मदद नहीं कर सकते। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उन्हें निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। उन्हें मैच की स्थिति को बेहतर ढंग से समझना होगा।

## हाईलाइट

### जील-सहजा की जीत से भारत ने मंगोलिया को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली।** जील देसाई और सहजा यमलापल्ली की एकतरफा जीत से भारत ने बिली जीन किंग कप के एशिया/ओशिनिया ग्रुप-1 मुकाबले में शुक्रवार को यहां मंगोलिया को 3-0 से शिकस्त दी। बिली जीन किंग कप में अपना पदार्पण मैच खेल रही जील ने 15 वर्षीय अनु-वजिन गैंटोर को महज 37 मिनट में सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से हराया। सहजा ने भी डीएलटीए परिसर में खेले गए मैच में बिना कोई गेम गंवाए 32 वर्षीय जरगल अल्तानसरनाई को 42 मिनट में 6-0, 6-0 से शिकस्त दी।

### फुटबॉल विश्व कप के लिए दो महिलाएं समेत 52 रेफरी चुने गए

**मैनचेस्टर।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेंगे। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं। पेन्सो 2023 में महिला विश्व कप के फाइनल में रेफरी थीं। फीफा ने कहा कि रेफरी का चयन प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के आधार पर किया गया है।

### आयुष शेट्टी एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे

**निंगबो (चीन)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में ऊंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की।

# सनराइजर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब

मुल्लांपुर, एजेंसी

पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी।

श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना।



अभ्यास सत्र के दौरान पंजाब किंग्स के बल्लेबाज मार्कस स्टोइनिस। एजेंसी

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अर्शदीप सिंह, प्रियांश आर्य, पाइला अविनाश, अजमतुल्लाह उमरजई, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, कूपर कोनोली, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरनूर सिंह, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसन, मुशीर खान, विशाल निशाद, मिचेल ओवेन, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विजयकुमार वैश्यक, नेहल वढेरा, यश ठाकुर।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान।

# खाता खोलने को बेताब चेन्नई सुपर किंग्स

चेन्नई, एजेंसी

सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है।

सीएसके को अगर अपना खाता खोलना है तो उसे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक खेले गए तीन मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की अनुपस्थिति ने भी टीम के संतुलन को प्रभावित किया है। दक्षिण अफ्रीका के इस विस्फोटक बल्लेबाज के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोट से उबरकर वापसी करने की उम्मीद है। हालांकि महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, जो पिंडली में खिंचाव के कारण इस सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। सीएसके के लिए हालात बेकाबू होने से पहले सैमसन और गायकवाड़ की सलामी जोड़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कार्तिक शर्मा को भी मध्य क्रम में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है, जबकि प्रशांत वीर ने निचले क्रम में अच्छा खेल दिखाया है। एकमात्र बल्लेबाज जिसने निरंतरता दिखाई है, वह सरफराज खान हैं, जो खुद को साबित करना चाहते हैं। सीएसके के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 250 रन लुटाए, जो बल्लेबाजों के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ। खलील अहमद को छोड़कर बाकी सभी गेंदबाजों ने प्रति ओवर 12 या उससे अधिक रन लुटाए।

चेपॉक में यह सत्र का दूसरा मैच होगा। इससे पहले यहां जो पिछला मैच खेला गया था उसमें पंजाब किंग्स में 210 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम दिल्ली में खेले गए पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स के हाथों एक रन से मिली हार से आहत होगी। अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम आईपीएल जैसे बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में लय बरकरार रखने के महत्व को समझती है और अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

### टीम

**सीएसके :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, खलील अहमद, नाथन एलिस, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, कार्तिक शर्मा, जेमी ओवरटन, श्रेयस गोपाल, अंशुल कम्बोज।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, बेन डकेट, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, माधव तिवारी, टी नटराजन, साहिल पारख।

- **दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में संजू सैमसन पर होगी नजर**



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

**मिली सफलता** | लखनऊ सुपर जाएंट्स के युवा बल्लेबाज चौधरी ने कोलकाता के जबड़े से जीत खींचकर किया कमाल

# मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के से मैच जीतने का सपना

कोलकाता, एजेंसी

युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी का बचपन से ही सपना था कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का समापन करें और गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन विकेट से जीत दिलाकर उन्होंने अपना यह सपना पूरा कर दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने 27 गेंद पर नाबाद 54 रन बनाए जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल हैं।

मुकुल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा मैं यह पारी अपने पिता को समर्पित करता हूं। शादी से पहले से ही उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। मैं एमएस (धोनी) सर को भी देखता रहा हूं कि किस तरह से वह पारी समाप्त करते हैं। मैं भी उसी नंबर पर खेलता हूं, इसलिए मैं यह पारी उन्हें भी समर्पित करता हूं। मुकुल ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और वह हर दिन लगभग 150 छक्के लगाने का अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा मेरे ''जीन्स'' ऐसे हैं और मेरी शारीरिक बनावट ऐसी है कि मेरे शॉट्स में ताकत होती है। मैं खूब अभ्यास भी करता हूं। मैं हर दिन लगभग 100-150 छक्के लगाता हूं। पिछले पांच-छह महीनों से मैंने बहुत अभ्यास किया और इसका असर अब मेरी बल्लेबाजी में देखने को मिल रहा है। उन्होंने धोनी की तरह अपने ''हेलीकॉप्टर शॉट'' के बारे में भी बात की। उन्होंने 17वें ओवर में वैभव अरोड़ा की गेंद पर इसी तरह का शॉट लगाकर छक्का जड़ा था। मुकुल ने कहा मैंने बचपन से ही उस शॉट का अभ्यास किया है। धोनी जिस तरह से पारी का अंत करते हैं वह भी मुझे पसंद है। वह यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे। अगर आप उस तरह की गेंद पर भी छक्का जड़ देते हैं, तो गेंदबाज कुछ अलग करने के बारे में सोचने लगता है। छक्के मारने की क्षमता और आत्मविश्वास से वह पहले ही एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर का ध्यान खींच चुके हैं। लैंगर ने कहा था कि मुकुल में भारत का मध्यक्रम में सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनने की क्षमता है।



### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से बदली किस्मत

पिछले साल दिसंबर में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ अंतिम ओवर में जब उनकी टीम को 25 रन की जरूरत थी तब उन्होंने आखिरी गेंद पर लक्ष्य को घटाकर पांच रन कर दिया था। अपनी इस पारी से उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। इसके तुरंत बाद एलएसजी ने उन्हें 2 .60 करोड़ रुपये में खरीद लिया। मुकुल ने कहा आखिरी ओवर में 25 रन और आखिरी गेंद पर पांच रन चाहिए थे। आयुष (बडोनी) गेंदबाजी कर रहे थे। मैंने पहले भी ऐसा किया था इसलिए मुझे भरोसा था। उसी पारी के आधार पर मेरा चयन हुआ। आईपीएल में अपना तीसरा मैच खेलने के बाद मुकुल ने कहा मैंने कभी परिणाम के बारे में नहीं सोचा। मैं बस मैच को आखिर तक ले जाना चाहता था और इसे करीबी मुकाबला बनाना चाहता था। यह साबित हो गया कि मैं ऐसा कर सकता हूं।

### पिता ने घर बेचकर दिलाया प्रशिक्षण

मुकुल के इस सफर में उनकी प्रतिभा के अलावा परिवार से मिली सहयोग ने भी अहम भूमिका निभाई। उनके पिता दलीप ने नौकरी छोड़ दी, पारिवारिक घर में अपना हिस्सा बेच दिया और मुकुल के प्रशिक्षण के लिए अपना ठिकाना बदल लिया। जयपुर के अरावली कोचिंग सेंटर में मुकुल ने सीखना शुरू किया।

# भारत ने एशियाई मुक्केबाजी अभियान का समापन 5 स्वर्ण पदक के साथ किया

उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी

भारत ने शुक्रवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने यादगार अभियान का समापन पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक के साथ किया। विश्वनाथ ने फाइनल में दबदबा बनाते हुए जापान के दाइची इवाई को 5-0 से शिकस्त दी।

सचिन (60 किलोग्राम) ने कड़े मुकाबले में रजत पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया जिससे पुरुषों की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत पदक तालिका में पांच स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर रह। कजाकिस्तान ने भारत से एक स्वर्ण पदक ज्यादा जीता और तालिका में शीर्ष पर रहा। हालांकि कुल मिलाकर सबसे अधिक (16) पदक भारत ने ही जीते। इस प्रदर्शन की सबसे बड़ी खासियत भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा जिसमें उन्होंने 10 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इन 10 पदकों में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्वनाथ ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जो मुक्केबाजी की दुनिया में उनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और सफलता का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विश्वनाथ ने अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत पहचान बना ली है। उलानबटोर में उनका अभियान विशेष रूप से प्रभावशाली रहा जिसमें फाइनल तक पहुंचने के क्रम में उन्होंने दुनिया के नंबर एक मुक्केबाज को हराकर उलटफेर किया।



- **50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश ने स्वर्ण पदक जीता**